


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 240 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष कृ.7 2081 शुक्रवार, 22 नवंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## दिल्ली विधानसभा चुनाव-आप की पहली लिस्ट जारी

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट में 11 नाम हैं। इनमें से छह नेता ऐसे हैं, जो भाजपा या कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुए हैं। ब्रह्म सिंह तंवर, बीबी त्यागी और अनिल झा ने हाल ही में भाजपा छोड़ी थी।

वहीं जुबैर चौधरी, वीर सिंह धींगान और सुमेश शौकीन कांग्रेस से आप में आए हैं। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। इलेक्शन कमीशन मौजूदा सदन के पांच साल के कार्यकाल के खत्म होने की तारीख से पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराता है। पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 में हुआ था, जिसमें आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था और 70 में से 62 सीटें जीती थीं।

# सेंट्रल फोर्स की 8 और कंपनियां मणिपुर पहुंचीं

> मणिपुर कांग्रेस की खड़गे को चिट्ठी-चिदंबरम पर एक्शन लें



इंफाल, 21 नवंबर (एजेंसियां)। मणिपुर में हिंसा बढ़ने के बीच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 8 और कंपनियां बुधवार को राजधानी इंफाल पहुंच गईं। एक दिन पहले ही सीएपीएफ की 11 कंपनियां मणिपुर पहुंची थीं। अधिकारियों के मुताबिक सीएपीएफ और बीएसएफ की चार-चार कंपनियों को राज्य के संवेदनशील और सीमांत इलाकों में तैनात किया जाएगा। सीएपीएफ की इन कंपनियों में से एक महिला बटालियन की है। केंद्र सरकार ने हाल ही में घोषणा की थी कि मणिपुर में सीएपीएफ की 50 नई कंपनियां तैनात की जाएंगी।

## महिला बटालियन की भी एक कंपनी

**राज्य कांग्रेस की अपील- चिदंबरम पर कार्रवाई करें खड़गे**

मणिपुर कांग्रेस ने बुधवार को पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से विवादास्पद पोस्ट करने वाले पी चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की है। चिदंबरम ने क्षेत्रीय स्वायत्तता की वकालत की थी। खड़गे को लिखे लैटर में नेताओं ने कहा, पी चिदंबरम के पोस्ट की हम निंदा करते हैं। राज्य में बढ़ते तनाव, सार्वजनिक शोक और राजनीतिक संवेदनशीलता के मौजूदा माहौल को देखते हुए उनकी भाषा और भावनाएं अनुचित थीं। इससे खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मणिपुर मुद्दे पर दखल देने की मांग की। मंगलवार को लिखे दो पेज के पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि 18 महीने में केंद्र और राज्य की सरकार मणिपुर में शांति स्थापित करने में असफल रही है। आप संविधान की संरक्षक हैं, इसलिए दखल दें।

**एनडीए की मीटिंग से गायब रहे 18 विधायक, सभी को नोटिस**

राज्य में बिगड़ने हालातों पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह द्वारा बुलाई गई एनडीए की बैठक में 18 विधायक नहीं पहुंचे। इनमें से 7 ने तबीयत खराब होने की बात कही, जबकि बाकी 11 बिना किसी कारण अनुपस्थित रहे। इसलिए इन्हें सीएम सचिवालय ने उन्हें नोटिस जारी किया है।

**कुकी उग्रवादियों के समर्थन में निकाला गया ताबूत मार्च :**

मणिपुर में 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में मारे गए 10 कुकी उग्रवादियों के लिए न्याय की मांग करते हुए कुकी समुदाय लगातार प्रदर्शन कर रहा है। मंगलवार को भी जिरिबाम और चुराचांदपुर जिले में सैकड़ों लोगों ने 10 खाली ताबूत लेकर मार्च निकाला।

# 'कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था'

## यासीन मलिक मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी



नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक के मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि इस देश में आतंकी अजमल कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे संकेत दिए कि अदालत यासीन मलिक मामले में तिहाड़ जेल के भीतर ही कोर्ट रूम स्थापित करने का निर्देश दे सकती है। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सदस्यता वाली पीठ ने जम्मू कश्मीर सत्र अदालत के बीते साल सितंबर में दिए एक आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही।

**रूबिका सईद अपहरण मामले में होनी है सुनवाई**

यासीन मलिक फिलहाल तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। साथ ही जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रूबिका सईद के अपहरण के मामले में सुनवाई चल रही है, जिसमें मलिक मुख्य आरोपी है। गौरतलब है कि बीते साल जम्मू कश्मीर की सत्र अदालत ने यासीन मलिक को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि यासीन मलिक की कोर्ट में पेशी ऑनलाइन भी नहीं हो सकती क्योंकि जम्मू में इंटरनेट की कनेक्टिविटी बहुत अच्छी नहीं है। अजमल कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था और हाईकोर्ट में उसे कानूनी मदद भी दी गई थी।

**सीबीआई ने दी ये दलीलें :**

सीबीआई की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मलिक को जम्मू कश्मीर भेजने को लेकर चिंता जाहिर की। मेहता ने कहा कि यासीन मलिक कश्मीर जाने के लिए तिकड़म भिड़ा रहा है और इसी वजह से उसने मामले में कोई वकील नहीं किया है। मेहता ने अदालत में बताया कि यासीन मलिक कोई आम अपराधी नहीं है। इसके बाद पीठ ने कहा कि वे तिहाड़ जेल में ही यासीन मलिक के मामले की सुनवाई के लिए सत्र अदालत के जज को दिल्ली बुलाने पर विचार सकते हैं, लेकिन उससे पहले मामले में सभी आरोपियों की सुनवाई होनी चाहिए। इसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 28 नवंबर के लिए टाल दी है।

# शाम होते-होते अदानी को दूसरा बड़ा झटका, केन्या में कई सौदे रद्द

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने गुरुवार को बड़ा ऐलान किया। उन्होंने अपने देश के मुख्य हवाई अड्डे के विस्तार की योजना रद्द कर दी है। इस प्रोजेक्ट के लिए भारत के अदानी समूह ने भी बोली लगाई थी। रुटो ने अदानी ग्रुप के साथ 70 करोड़ डॉलर से ज्यादा का एक और सौदा रद्द कर दिया है। यह सौदा बिजली लाइनों के निर्माण के लिए हुआ था। यह सब अदानी ग्रुप पर अमेरिका में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद हुआ है।

अमेरिकी अभियोजकों का कहना है कि अदानी ग्रुप ने भारतीय अधिकारियों को रिश्वत दी थी। इसके बदले में अदानी को सोलर एनर्जी के बिजनेस में फायदा मिला। अदानी ग्रुप ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। भारत सरकार ने अभी तक इस पर कुछ नहीं कहा है।

**अमेरिका में क्या लगे हैं आरोप?**

अमेरिका ने अदानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदानी, उनके भतीजे सागर अदानी और छह अन्य लोगों पर आरोप लगाए हैं। इन पर भारत में रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए रिश्वत देने और धोखाधड़ी करने का आरोप है। अमेरिका का कहना है कि इससे अदानी की कंपनी और भारत की अज्योर पावर को फायदा हुआ। अमेरिका का शेयर बाजार एनवाईएसई 2023 के आखिर तक अज्योर पावर के शेयर बेचता था।

2020 में अमेरिका ने एक सीक्रेट रिपोर्ट तैयार की थी। इस रिपोर्ट में बताया गया था कि अदानी ग्रीन और अज्योर पावर के अधिकारियों ने जानबूझकर और इच्छा से साजिश रची थी। उन्होंने भारत के सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने की बात कबूली है। बदले में उन्हें बिजनेस में फायदा चाहिए था। अदानी और उनके अधिकारियों पर यह भी आरोप है कि उन्होंने अमेरिकी निवेशकों और कर्जदाताओं को गुमराह किया। उन्होंने कंपनी के भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों के बारे में झूठ बोला था। ऐसा करके उन्होंने निवेशकों से पैसे ऐंठे। 2021 से 2024 के बीच अदानी ने लोन और बॉन्ड के जरिए 3 अरब डॉलर से ज्यादा जुटाए। इसमें अमेरिकी निवेशकों का भी पैसा था।

अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने कहा, गौतम और सागर अदानी सितंबर 2021 में अदानी ग्रीन के एक नोट ऑफर के दौरान रिश्वतखोरी में शामिल थे। इस ऑफर से 750 मिलियन डॉलर जुटाए गए थे, जिसमें अमेरिकी निवेशकों के लगभग 175 मिलियन डॉलर शामिल थे। अदानी ग्रीन के ऑफर दस्तावेजों में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी विरोधी प्रयासों के बारे में बयान शामिल थे जो झूठे या भ्रामक थे।



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बेगमपेट हवाई अड्डे पर हैदराबाद पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# बंधुआ मजदूरों की अंतर-राज्यीय तस्करी से निपटने के लिए बनाएं प्रस्ताव

**सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को निर्देश**

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक बैठक करें और बंधुआ मजदूरों, खासतौर पर बच्चों की अंतर्राज्यीय तस्करी की समस्या को सुलझाने के लिए एक विशेष प्रस्ताव तैयार करें।

**ये गंभीर समस्या, इस पर बनानी होगी योजना :**

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह एक गंभीर समस्या है और इसे केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय से हल करना होगा। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में कहा कि, इस पर तुरंत आर्थिक मदद की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक योजना बनानी होगी। मामले में न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने उत्तर प्रदेश में रिहा कराए गए 5,264 बंधुआ मजदूरों में से केवल 1,101 को तत्काल वित्तीय सहायता मिलने संबंधी आंकड़े पेश किए जाने को 'चिंताजनक' बताया। वहीं बाल बंधुआ मजदूरों की बात करें तो, बच्चों को उनके गृह राज्यों से तस्करी कर पड़ोसी राज्यों में बंधुआ मजदूरी के लिए मजबूर किया जाता है। शीर्ष न्यायालय ने मामले में निर्देश दिया कि, श्रम और रोजगार मंत्रालय के सचिव सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सचिवों के साथ बैठक करें। इस समस्या का समाधान खोजने के लिए एक एकीकृत प्रक्रिया तैयार करें। इसके साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को भी इस प्रक्रिया में शामिल करें। वहीं डिजिटल समाधान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लापता बच्चों के पोर्टल की तरह ही बंधुआ मजदूरों की ट्रैकिंग के लिए भी एक पोर्टल होना चाहिए।


# अदाणी को सरकार बचा रही : राहुल गांधी

> छोटा अपराध करने पर भी जेल हो जाती है

> अदाणी 2000 करोड़ का घोटाला करके भी बाहर

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में बिजनेसमैन गौतम अदाणी पर लगे करप्शन के आरोपों पर राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, अदाणी जी 2 हजार करोड़ रुपये का स्कैम कर रहे हैं और बाहर घूम रहे हैं, क्योंकि पीएम मोदी उन्हें प्रोटेक्ट कर रहे हैं। गौतम अदाणी ने अमेरिका में क्राइम किया है, लेकिन भारत में उन पर कुछ नहीं हो रहा है। अदाणी की प्रोटेक्टर सेबी की चेयरपर्सन माधबी बुच पर केस होना चाहिए।

न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में हुई सुनवाई में गौतम अदाणी समेत 8 लोगों पर अरबों की धोखाधड़ी और रिश्वत के आरोप लगे हैं। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस का कहना है कि अदाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपये) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे हैं।




**राहुल की कॉन्फ्रेंस की बड़ी बातें...**

> जेपीसी बनाने की मांग : राहुल ने कहा, विपक्ष के नेता के तौर पर मैं यह मुद्दा उठा रहा हूं। अदाणी, बीजेपी को पूरा सपोर्ट करते हैं। हमारी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) बनाने की मांग है।

> **अदाणी ने देश को हाईजैक किया**

अदाणी का कुछ नहीं होता। प्रधानमंत्री कुछ नहीं कर सकते, क्योंकि पीएम मोदी उनके दबाव में हैं। अगर मोदी ने ऐसा किया तो वे (मोदी) भी जाएंगे। अदाणी ने देश को हाईजैक कर लिया है। अमेरिका की एफबीआई ने जांच की है। मैं पहले से कह रहा हूं कि अदाणी भ्रष्टाचार कर रहे हैं। मैंने दो-तीन बार पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि जांच होनी चाहिए। जब तक अदाणी गिरफ्तार नहीं होंगे, तब तक बात नहीं बनेगी। अदाणी जी बीजेपी को फंडिंग करते हैं।

> **सेबी चेयरपर्सन माधबी बुच ने भ्रष्टाचार किया**

आपने कहा कि हम बहुत दिनों से अदाणी का मुद्दा उठा रहे हैं और कुछ हो नहीं रहा।

अब मोदी जी की क्रेडिबिलिटी खत्म हो चुकी है। हम धीरे-धीरे देश को पूरा नेटवर्क दिखा देंगे। माधबी बुच ने अपना काम नहीं किया। हिंदुस्तान का हर रिटेल इंवेस्टर जानता है कि सेबी प्रमुख माधबी बुच ने भ्रष्टाचार किया।

> **धीरे-धीरे सब सामने आएगा**

अदाणी का अमेरिका में अभी जो मामला सामने आया है, वो सिर्फ बानगी है। बांग्लादेश, श्रीलंका, केन्या के मामले हैं।

# संजय मूर्ति ने नए सीएजी के रूप में ली शपथ

## गिरीश चंद्र मुर्मू की जगह लेंगे



नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को पूर्व उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के रूप में शपथ दिलाई। मूर्ति भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1989 बैच के अधिकारी हैं और हिमाचल प्रदेश कैडर से ताल्लुक रखते है। उन्होंने गिरीश चंद्र मुर्मू की जगह ली है।

मूर्ति को सोमवार को केंद्र सरकार ने नए सीएजी के रूप में नियुक्त किया था। जबकि गिरीश चंद्र मुर्मू ने बुधवार को इस पद पर अपने कार्यकाल को पूरा किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा, आज सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में एक समारोह आयोजित किया गया, जहां के.संजय मूर्ति ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के रूप में शपथ ली। उन्होंने राष्ट्रपति के समक्ष अपने पद की शपथ ली। इस शपथ ग्रहण समारोह में उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# सिद्धारमैया सरकार गलत तरीके से रद्द किए गए बीपीएल कार्ड को फिर से करेगी बहाल

> डीके शिवकुमार का एलान



बेंगलूरू, 21 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बताया कि राज्य सरकार गलत तरीके से रद्द किए गए बीपीएल कार्ड फिर से जारी करेगी। मीडियो एजेंसी से बात करते हुए उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया और कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने बताया कि केंद्र ने बीपीएल परिवारों के लिए कुछ मानक स्थापित किए और उनकी सरकार उसी के आधार पर काम कर रही है। अगर गलती से पात्र परिवारों के बीपीएल कार्ड रद्द हो गए हैं तो उसे फिर से जारी किया जाएगा।

**गलत तरीके से रद्द किए गए बीपीएल कार्ड को फिर से जारी करेगी राज्य सरकार :**

एजेंसी से बात करते हुए कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा, केंद्र ने बीपीएल परिवारों के लिए कुछ मानक स्थापित किए हैं और हमारी सरकार उसी के आधार पर काम कर रही है। अगर पात्र परिवारों के बीपीएल कार्ड रद्द हो गए हैं तो उसे फिर से जारी किया जाएगा। कुछ क्षेत्रों में इसे लेकर विरोध है और हम इसका समाधान करेंगे। अयोग्य लाभार्थियों को हटाने की समीक्षा जारी है। शिवकुमार से जब यह पूछा गया कि बीपीएल कार्ड रद्द करने के दौरान भौतिक क्यों नहीं सत्यापान नहीं किया गया, तब उन्होंने कहा, त्रुटियों को सुधारने के लिए सुधारात्मक उपाय लागू किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा, मुख्यमंत्री ने संबंधित मंत्री को निर्देश दिया है। हम सभी विधायकों को रद्द किए गए कार्ड की सूची भेजेंगे। गारंटी कार्यान्वयन समिति को घरों का दौरा करने और बीपीएल कार्ड रद्द करने में किसी भी गलती को हल करने का काम सौंपा जाएगा।

**सिद्धारमैया के दिल्ली दौरे पर क्या बोले शिवकुमार**

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के ल्लिी दौरे पर शिवकुमार ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दौरा नंदिनी दूध के लॉन्च से संबंधित था और इसका कोई राजनीतिक संबंध नहीं है। डिप्टी सीएम ने कहा, मुख्यमंत्री नंदिनी दूध के लॉन्च के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जा रहे हैं। मेरा भी इसमें शामिल होने का कार्यक्रम था, लेकिन मैं मछुआरा दिवस समारोह के लिए मुर्डेश्वर जाने वाला हूं। नंदिनी ब्रांड के विस्तार से किसानों को लाभ होगा। यह दौरा केवल विकास से संबंधित है, इसका कोई राजनीतिक मकसद नहीं है।

# दस साल लगातार, लंदन चुना गया दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर



लंदन, 21 नवंबर (एजेंसियां)। लंदन को लगातार 10वें साल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों की वार्षिक रैंकिंग में बेस्ट सिटी चुना गया। ब्रिटिश राजधानी ने न्यूयॉर्क, पेरिस और टोक्यो को पीछे छोड़ते हुए टॉप स्पॉट बरकरार रखा। रियल एस्टेट, पर्यटन और आर्थिक विकास में ग्लोबल एडवाइजर, रेजोनेंस द्वारा संकलित रैंकिंग, 1 मिलियन से अधिक आबादी वाले शहरों का मूल्यांकन करती है।

रिपोर्ट के अनुसार, लंदन का दबदबा रैंकिंग में हमेशा रहा है। भले ही मूल्यांकन मानदंड हर साल बदलते रहते हैं। रैंकिंग लंदन की ग्लोबल अपील को दर्शाती है। यह एक ऐसा शहर है जो सांस्कृतिक विरासत, मजबूत बिजनेस इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रतीक रहा है। इस साल की रैंकिंग में, पब्लिक परसेप्शन को शामिल किया गया। पहली बार, 30 देशों के 22,000 से अधिक लोगों की अंतर्दृष्टि को शामिल किया गया और विश्लेषण में परसेप्शन बेस्ड डाटा जोड़ा गया। मूल्यांकन में कई अन्य कारकों पर विचार किया गया, जिसमें वातावरण की गुणवत्ता, सांस्कृतिक जीवंतता, भोजन, नाइटलाइफ, खरीदारी और बिजनेस इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल है। इसमें रीजनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी और विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता का भी आकलन किया। रेजोनेंस के अध्यक्ष और सीईओ क्रिस फेयर ने कहा, लोग आगे बढ़ रहे हैं और पलायन कर रहे हैं, महामारी के दौरान यह ट्रेंड और बढ़ गया है। लोग न केवल किफायती बल्कि मनमोहक स्थानों की भी तलाश कर रहे हैं।

# नाना पटोले को सीएम चेहरा घोषित कर दें खरगे-राहुल, संजय राउत ने क्यों की ये मांग?



मुंबई, 21 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में एग्जिट पोल और सरकार गठन को लेकर उद्धव ठाकरे गुट ने बड़ा बयान दिया है। शिवसेना-यूबीटी के प्रवक्ता संजय राउत ने दावा किया है कि सरकार महाविकास अघाड़ी की बनेगी। उन्होंने कहा है कि गठबंधन को कम से कम 160 सीटें आ रही है। राउत ने एग्जिट पोल पर भी सवाल उठाए हैं। नाना पटोले के सीएम बनने के बयान पर भी राउत ने तंज कसा है। राउत ने सवाल पूछा है कि आखिर कांग्रेस हाईकमान पटोले को सीएम चेहरा घोषित क्यों नहीं कर रहा है? जब तक वे लोग नहीं करेंगे, तब तक कैसे पता चलेगा कि नाना पटोले सीएम बन रहे हैं?

**छोटी पार्टियां हमारे साथ- राउत**

संजय राउत ने कहा है कि हमारा नंबर कम नहीं होगा। आप जो बात कर रहे हो छोटे दल&हम और हमारे सभी साथी छोटी-छोटी पार्टियों के साथ हैं। 23 तारीख को 11:00 बजे तक पूरा फैसला आ जाएगा। हम 160-165 सीट जीतने जा रहे हैं। एग्जिट पोल में 4-5 हजार लोगों का ही ओपिनियन होता है। पूरे महाराष्ट्र का ओपिनियन उसमें शामिल नहीं है। राउत ने आगे कहा कि बिटकॉइन का मामला बोगस है और उसे जबरदस्ती तूल दिया जा रहा है। राउत ने उद्योगपति गौतम अडानी के जरिए केंद्र सरकार को भी घेरा। उन्होंने कहा कि अडानी पर जो मामला दर्ज हुआ है और ट्रंप प्रशासन ने उस पर अरेस्ट वारंट निकाला है। यह केंद्र की सरकार और पूरे भाजपा के लिए शर्म की बात है। हम महाराष्ट्र को अडानी राष्ट्र नहीं बनने देंगे। इसकी लड़ाई शिवसेना-उद्धव लड़ रही है।

**पोल ऑफ पोल्स में एमवीए को झटका**

महाराष्ट्र के पोल ऑफ पोल्स में महाविकास अघाड़ी को झटका लगते दिख रहा है। जितने भी एग्जिट पोल आए हैं, उनमें से सिर्फ एक पोल में महाविकास अघाड़ी को बहुमत मिलती दिख रही है। अधिकांश पोल में एनडीए सरकार बनने का दावा किया गया है। 288 विधानसभा सीटों वाली महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए 145 विधायकों की जरूरत होती है। महाविकास अघाड़ी में उद्धव ठाकरे की पार्टी के अलावा कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी, समाजवादी पार्टी और शेतकारी संगठन है। महाविकास अघाड़ी का मुकाबला महायुति से है, जिसमें बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी है। महायुति में अजित पवार की पार्टी और एकनाथ शिंदे की पार्टी के अलावा आरपीआई जैसी कई छोटी पार्टियां भी है।

## महिला को जिंदा जलाने वाले पति और ससुर को उम्रकैद

उज्जैन, 21 नवंबर (एजेंसियां)। चरित्रशंका में दो साल पहले महिला को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने वाले पति और ससुर को न्यायालय ने हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस ने घटनाक्रम को सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में शामिल किया था। झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम नलखेड़ा में रहने वाली अनिता कुंवर (32) को चरित्रशंका के चलते मई 2022 में पति मोकमसिंह और ससुर मेहरबानसिंह ने पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया था। इसकी मौत होने पर थाना प्रभारी रहे विरेन्द्र बंदेवार ने मामला विवेचना में लिया था और जांच एसआई शोभाराम किरार को सौंपी थी। मामले में धारा 302, 458, 307, 201, 427, 34 का प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# मंत्री साजी चेरियन को हाईकोर्ट से झटका

### संविधान का अपमान करने वाली टिप्पणी के जांच के आदेश

कोच्चि, 21 नवंबर (एजेंसियां)। केरल की हाईकोर्ट ने मंत्री साजी चेरियन की संविधान का अपमान करने वाली कथित टिप्पणी की जांच के आदेश दिए। हाईकोर्ट ने पुलिस की अंतिम रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया, जिसमें मंत्री को क्लीन चिट दी गई थी। साथ ही कोर्ट ने मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को भी खारिज कर दिया, जिसमें पुलिस की अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया गया था। कोर्ट ने कहा कि शुरुआती जांच में कमियां पाई गईं। जांच जल्दबाजी में पूरी की गई। ऐसे में पुलिस की अपराध शाखा इसकी फिर से जांच करे। अदालत का यह आदेश मामले में जांच जारी रखने के अनुरोध वाली याचिका पर आया है।




### कोर्ट ने क्या कहा?

न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस ने गुरुवार को राज्य अपराध शाखा को सीपीआई (एम) विधायक और सरकार में मत्स्य पालन, संस्कृति और युवा मामलों के राज्य मंत्री की टिप्पणियों की जांच करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा, 'न्यायालय ने पहले ही पाया है कि आगे की जांच की आवश्यकता है। चूंकि आरोपी राज्य का मंत्री है, इसलिए इस न्यायालय का मानना है कि स्टेशन हाउस अधिकारी की जांच पर्याप्त नहीं होगी। इसलिए आगे की जांच राज्य अपराध शाखा को करनी चाहिए। राज्य पुलिस प्रमुख तुरंत जांच का नेतृत्व करने के लिए एक ईमानदार अधिकारी के साथ जांच को राज्य अपराध शाखा को सौंपने का आदेश पारित करें। जांच बिना किसी अनावश्यक देरी के पूरी की जानी चाहिए।'

### क्या है मामला?

2022 में चेरियन ने खुद को उस वक्त विवादों में घिरा पाया, जब उन्होंने कहा कि भारत के संविधान का इस्तेमाल आम लोगों का शोषण करने के लिए किया जाता है।

एक पार्टी कार्यक्रम में दिए गए उनके भाषण ने इतना विवाद खड़ा कर दिया था कि विधायक को मत्स्य पालन, संस्कृति और युवा मामलों के राज्य मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा। दिसंबर 2022 में हाईकोर्ट ने विधायक के रूप में उनकी अयोग्यता की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद 2023 में काफी हंगामे के बीच उन्हें पद पर बहाल कर दिया गया।

# जम्मू में कई इलाकों में एनआईए की छापेमारी

### पाकिस्तानी आतंकियों के घुसपैठ का मामला




जम्मू, 21 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार सुबह जम्मू के कई इलाकों पर रेड डाली। यह छापे एक नए दर्ज मामले से संबंधित हैं, जिसमें पाकिस्तान से आतंकवादियों की घुसपैठ का आरोप लगाया गया है। जानकारी के अनुसार एनआईए की इस छापेमारी का मकसद पाकिस्तानी आतंकियों के भारत में घुसने के प्रयासों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाना है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस और अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ की मदद से एनआईए के अधिकारी कई स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं। एनआईए की ये छापेमारी जम्मू के इलाकों में हो रही है। पिछले दिनों घाटी में कई आतंकी घटनाएं हुई हैं। जिसके बाद आतंकियों के खिलाफ सुरक्षबालों का एक्शन भी तेज हो चुका है। एनआईए की इस कार्रवाई को आतंकियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई के रुप में देखा जा रहा है। इससे पहले, एनआईए ने 5 अक्टूबर को 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग के शक में एक साथ छापेमारी की थी। एनआईए की ओर से यह छापेमारी महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में छापेमारी की गई थी। यह कार्रवाई आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मामलों को लेकर की गई थी। एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला और अन्य क्षेत्रों में भी छापेमारी की थी। बारामूला में मौलवी इकबाल भट के घर पर एनआईए ने सुरक्षा बलों की मदद से तलाशी ली थी। एनआईए की इस कार्रवाई से पहले 1 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल के कई जिलों में छापेमारी की गई थी। 1 अक्टूबर को एनआईए की टीम ने दक्षिण 24 परगना, आसनसोल, हावड़ा, नदिया और कोलकाता में 11 जगहों पर छापेमारी की थी।

# दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस की होगी कुर्की

### पटियाला हाउस कोर्ट ने दिया आदेश

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राजस्थान नगर पालिका के पास मालिकाना हक वाले दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस को कुर्क करने का आदेश जारी कर दिया है। एनवायरो इन्फ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड और राजस्थान के नोखा नगर पालिका के बीच विवाद में हुए समझौते का पालन नहीं करने के आधार पर दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने या आदेश जारी किया है।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि चूंकि आप 21 फरवरी को एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में 50,31,512 रुपये के लिए आपके खिलाफ पारित किए गए समझौते को पूरी तरह करने में विफल रहे हैं। इसलिए यह आदेश दिया जाता है कि नोखा नगर पालिका न्यायालय के अगले आदेश तक इस संपत्ति से जुड़े किसी भी तरह के कार्य न करें।




### बीकानेर हाउस की कुर्की का आदेश

साथ ही कोर्ट ने यह आदेश भी दिया कि बीकानेर हाउस की बिक्री की घोषणा शर्तों व अन्य प्रतिक्रियाओं के लिए 29 नवंबर को कोर्ट में उपस्थित हो। जिला न्यायाधीश विद्या प्रकाश ने आदेश पारित करते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा इस साल की शुरुआत में दायर की गई अपील खारिज होने के बाद 'एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड' के पक्ष में 2020 का मध्यस्थता आदेश अंतिम हो गया है। न्यायाधीश ने 18 सितंबर को पारित आदेश में कहा कि अदालत के निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

### क्या बोले न्यायाधीश

न्यायाधीश ने कहा, 'बार-बार मौका दिए जाने के बाद भी देनदार अपनी संपत्ति का हलफनामा पेश करने के निर्देश का पालन करने में विफल रहा है। अदालत ने डिग्री धारक की ओर से पेश किए गए तर्कों से सहमति जताते हुए पाया कि देनदार की अचल संपत्ति अर्थात बीकानेर हाउस के खिलाफ कुर्की का वारंट जारी करने का यह उपयुक्त मामला है।'

बता दें कि अदालत ने 21 जनवरी 2020 को मध्यस्थता अधिकरण द्वारा पारित आदेश को लागू करने का अनुरोध करने वाली एक अर्जी पर यह व्यवस्था मुहैया कराई थी। न्यायाधीश ने कहा कि नोखा नगर पालिका न संपत्ति को बेच सकती है और ना ही उपहार या किसी अन्य तरह से इसे हस्तांतरित कर सकती है



## वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर तहसीलदार का 80 साल की उम्र में निधन, पैतृक गांव में होगा अंतिम संस्कार

बंगलूरू, 21 नवंबर (एजेंसियां)। भाजपा नेता मनोहर तहसीलदार का बंगलूरू में निधन हो गया। पार्टी सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। 80 वर्षीय भाजपा नेता अपने चार बेटों और दो बेटियों के साथ रहते थे। बुधवार की रात को उन्होंने अंतिम सांस ली, जहां उनकी इलाज चल रहा था। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए हावेरी जिले में ले जाया जाएगा। बता दें कि मनहर तहसीलदार ने हावेरी के हंगल का प्रतिनिधित्व किया था। परिवार के सूत्रों ने बताया कि बाद में उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव में ले जाया जाएगा और यहीं उनका अंतिम संस्कार होगा।

## यूपी का बदमाश बुर्का पहनकर दिल्ली की अदालत में पहुंचा सरेंडर करने, बताया- मुठभेड़ की थी आशंका

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। यहां उत्तर प्रदेश का एक बदमाश बुर्का पहनकर पटियाला हाउस कोर्ट पहुंचा और सरेंडर करने की अर्जी दी। 25 वर्षीय सोहेल खान, जो बुलंदशहर का निवासी है, ने अदालत में कहा कि उसे आशंका थी कि दिल्ली पुलिस उसे मुठभेड़ में मार सकती है। सोहेल खान पर बम्बीहा-कौशल चौधरी गिरोह से जुड़े होने का संदेह है और वह 26 अक्टूबर को उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रानी बाग इलाके में एक व्यापारी के घर के बाहर गोलीबारी करने और 15 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में वांछित था। इस गोलीबारी में एक नोट भी फेंका गया था, जिस पर बम्बीहा गिरोह के बदमाशों के नाम थे।

## आजम खां से 1 घंटे तक जेल में मिले चंद्रशेखर

### बोले- बकरी चोरी जैसे छोटे-मोटे अपराध के लिए इतनी बड़ी सजा



नगीना, 21 नवंबर (एजेंसियां)। भीम आर्मी के मुखिया एवं नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी-कांशीराम के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने गुरुवार को यूपी के सीतापुर जेल में बंद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री आजम खां से मुलाकात की और कहा कि खां की बिगड़ती सेहत पर राज्य सरकार को ध्यान देना चाहिए। आजाद ने खां के साथ करीब एक घंटे की मुलाकात के बाद कहा कि सपा नेता की तबीयत ठीक नहीं है और राज्य सरकार को इस पर गौर करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''बकरी चोरी जैसे छोटे-मोटे अपराध के लिए इतनी बड़ी सजा देना सरकार की दुर्भावना को दर्शाता है।''आजम खान से मुलाकात के बाद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि वह फांसीघर में हैं और मैं उनके दीर्घायु होने की कामना करता हूं। जेल कोई खुशी की जगह नहीं है, वहां अच्छी व्यवस्थाएं नहीं है। आजाद ने कहा, ''अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को इस तरह प्रताड़ित करना ठीक नहीं है क्योंकि इससे आने वाली पीढ़ियां जुड़ी हैं और उन्हें इस तरह के राजनीतिक अत्याचार की कीमत चुकानी पड़ेगी।''आपको बता दें कि अक्सर सपा पर ये आरोप लगाया जाता है कि सपा ने कानूनी शिकंजे में फंसने के बाद आजम खान परिवार से दूरी बना ली है। कयास तो ये भी लगाए जाते हैं कि अब आजम खान और सपा मुखिया अखिलेश यादव के बीच भी सब कुछ ठीक नहीं है।

# 'केजरीवाल ने अपने लाडले गुंडे बिभव कुमार को दिया बड़ा इनाम'

## स्वाति मालीवाल ने सीएम भगवंत मान से पूछा ये सवाल?



नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी की बागी राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। स्वाति मालीवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट डालकर केजरीवाल पर तीखा हमला बोला है। आप राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने अपने पोस्ट में लिखा कि मुझे मारने पीटने के लिए अरविंद केजरीवाल ने अपने लाडले गुंडे बिभव कुमार को बड़े इनाम दिए हैं। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि पंजाब मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार का बेशकीमती पद जो की राज्य का सबसे बड़ा प्रशासनिक पद है। कहा पंजाब पुलिस का डीजीपी सरकार का प्रमुख शासन सचिव अब गुंडे को रिपोर्ट कर रहे हैं। स्वाति मालीवाल ने यह भी लिखा कि पंजाब के प्रतिभाशाली युवा देश छोड़कर जा रहे हैं और यहां गुंडों को लाखों रुपये की तनख्वाह, गाड़ियां-बंगले और नौकर चाकर दिए गए हैं।

### वरिष्ठ सांसद एनडी गुप्ता को बंगले से निकाला

उन्होंने लिखा कि हमारे वरिष्ठ सांसद एनडी गुप्ता को उनके सांसद कोटे के बंगले 10, फिरोजशाह रोड से निकालकर इस गुंडे को उनके घर में बसाया गया है। इस उम्र में उनसे उनका घर छीना गया। ये गुंडा इस घर में गैरकानूनी ढंग से रह रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट ने भी बिभव कुमार को गुंडा कहा

सवाल ये है कि जिस आदमी को सुप्रीम कोर्ट तक ने गुंडा कहा, उसको बेल की शर्तों का उल्लंघन करते हुए क्यों केजरीवाल द्वारा इतना बढ़ावा दिया जा रहा है। सोचिए कितने राज छुपे होंगे इस आदमी के पास।

### स्वाति मालीवाल ने पंजाब के भगवंत मान से पूछा सवाल

स्वाति मालीवाल ने लिखा कि मैं भगवंत मान से पूछना चाहती हूं। अगर गुंडे पंजाब सरकार चलाएंगे, तो पंजाब की महिलाएं कैसे सुरक्षित रहेंगी? आपके भी घर पर बहन-बेटी हैं। एक मुख्यमंत्री को अपने आपको इस प्रकार रबर स्टाम्प नहीं बनने देना चाहिए। बता दें कि दिल्ली में बिभव कुमार और स्वाति मालीवाल के बीच काफी लंबा विवाद चला था। यह मामला कोर्ट तक पहुंच गया था। इस मामले के बाद से ही स्वाति मालीवाल की आप से दूरी देखी जा रही है।

## रेणुकाजी जू में सुनाई देगी बंगाल टाइगर की दहाड़

### महाराष्ट्र से लाए जाएंगे दो शेर



शिमला, 21 नवंबर (एजेंसियां)। रेणुकाजी मिनी जू में जल्द ही दो बंगाल टाइगर पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनने जा रहे हैं। ये टाइगर महाराष्ट्र से लाए जाएंगे। इस पहल को भारत में चिड़ियाघरों के बीच चल रहे राष्ट्रीय पशु आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत पूरा किया जाएगा। वन्य प्राणी विभाग ने इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) से मंजूरी ले ली है। वन विभाग के अधिकारियों की टीम पहले ही रेणुकाजी जू का दौरा कर चुकी है। उन्होंने बाड़े की संभावित डिजाइन और निर्माण प्रक्रिया की समीक्षा की। उम्मीद है कि महाराष्ट्र से बाघों को अगले वर्ष की शुरुआत में जू तक पहुंचा दिया जाएगा। इस कदम से न केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों को भी नया आयाम मिलेगा। यह योजना न केवल श्री णुकाजी जू के महत्व को बढ़ाएगी, बल्कि देश के चिड़ियाघरों के बीच सहयोग और समन्वय का भी बेहतरीन उदाहरण बनेगी। इन बाघों के आगमन से पहले श्री रेणुकाजी जू में उनके लिए अत्याधुनिक बाड़े का निर्माण किया जा रहा है। यह बाड़ा 4500 वर्ग मीटर के क्षेत्र में बनाया जाएगा। इसकी लागत लगभग 1.20 करोड़ रुपये आंकी गई है।

# नैनीताल हाईकोर्ट पहुंचा विवाद, मुस्लिम समुदाय ने की मस्जिद को सुरक्षा देने की मांग

उत्तरकाशी, 21 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तरकाशी शहर में मस्जिद विवाद का मामला अब नैनीताल हाईकोर्ट पहुंच गया है। मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद को अवैध बताए जाने का विरोध करते हुए हाईकोर्ट की शरण में पहुंच गए हैं। समुदाय के लोगों का कहना है जिस मस्जिद को अवैध बताया जा रहा है, वह पूरी तरह वैध है। उनकी ओर से हाईकोर्ट में अपील दायर करते हुए मस्जिद को सुरक्षा देने की मांग की गयी है। हाल में विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर देवभूमि विचार मंच ने मस्जिद के खिलाफ 25 नवंबर को तहसील स्तर पर ज्ञापन और 1 दिसंबर को महापंचायत का ऐलान किया है।



### हाईकोर्ट में अपील दायर की

मुस्लिम समुदाय के इश्तियाक अहमद, अनवर बेग, नासिर शेख व नसीर खान ने बताया कि गत सोमवार को उन्होंने हाईकोर्ट में अपील दायर की है। जिस मस्जिद को अवैध बताया जा रहा है, उसकी जमीन की रजिस्ट्री से लेकर दाखिला खारिज सभी तरह के दस्तावेज हैं, जिन्हें वह पूर्व में जिला प्रशासन को भी सौंप चुके हैं। उक्त मस्जिद वर्ष 1982 के नगर पालिका के अभिलेखों के साथ ही वर्ष 1986 में वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश में भी दर्ज है, जो कि वर्तमान में उत्तराखंड वक्फ बोर्ड देहरादून के अंतर्गत आता है। वहीं, जिला प्रशासन भी पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से इसके सरकारी भूमि पर निर्मित नहीं होने की बात कह चुका है।

### क्या है मामला

संयुक्त सनातन धर्म रक्षक संघ ने वरुणावत पर्वत की तलहटी में निर्मित मस्जिद के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। संघ का कहना है कि यह मस्जिद नहीं बल्कि अवैध मकान है। संघ ने बीते 24 अक्तूबर को मस्जिद के खिलाफ जनाक्रोश रैली का भी आयोजन किया था, जिसमें प्रदर्शनकारी पुलिस की ओर से तय मार्ग जाने की जगह दूसरे मार्ग से जाने की जिद पर अड़ गए थे। गतिरोध के बाद पथराव और लाठीचार्ज हुआ, जिसमें पुलिस के 9 जवानों सहित 27 लोग घायल हुए थे। बवाल पर 8 नामजद सहित 200 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया था। तीन मुख्य आयोजकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया था, जिन्हें जिला जज की कोर्ट से जमानत मिली है।

उक्त मामले के बाद उत्तरकाशी दौरे पर आए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरे विवाद की जांच की बात कही है। बावजूद इसके विवाद शांत नहीं हुआ है।

## अफगानिस्तान और पाक जैसा हो जाएगा भारत का हाल, सिद्धारमैया के बेटे ने क्यों कही ये बात?



बेंगलूरू, 21 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने कहा है कि भारत का हाल अफगानिस्तान और पाकिस्तान जैसा हो जाएगा। ऐसा क्यों होगा उन्होंने इसकी वजह भी बताई। यतींद्र ने कहा कि भारत अगर हिंदू राष्ट्र बना तो वो पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसा हो जाएगा। उन्होंने भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग का विरोध किया है। यतींद्र सिद्धारमैया ने कहा कि भारत को एक धर्म का राष्ट्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हमें ऐसा नहीं होने देना चाहिए। विधान परिषद सदस्य डॉ। यतींद्र सिद्धारमैया ने हिंदू राष्ट्र के विचार का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न जातियों, धर्मों और संस्कृतियों का देश है। लेकिन कुछ लोग इसे एक राष्ट्र बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ये सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए हो रहा है। यतींद्र सिद्धारमैया ने आगे कहा कि जब तक अंबेडकर का संविधान मौजूद है, हिंदू राष्ट्र का निर्माण असंभव है। देश के संविधान ने सभी के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि भारत को एक धर्म का राष्ट्र बनाना बहुत खतरनाक है। हमें इसमें किसी को शामिल नहीं होने देना चाहिए। हालांकि, हमें किसी को निराश नहीं होने देना चाहिए। देश का संविधान बहुत मजबूत है। केवल कुछ लोग ही एक धर्म का राष्ट्र बनना चाहते हैं।

# ओडिशा से पकड़ी गई ब्राउन शुगर की तस्कर रुकसाना उर्फ स्कूटी दीदी, पुलिस ने कहा- कार्रवाई रहेगी जारी



बालासोर, 21 नवंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के बालासोर जिले के जलेश्वर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले शेखबाड़ी बस्ती में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने कुख्यात ब्राउन शुगर तस्कर रुकसाना बीबी उर्फ 'स्कूटी दीदी' को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस दौरान 55.26 ग्राम ब्राउन शुगर को गिरफ्तार किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 5.50 लाख रुपये बताई जा रही है। इस छापेमारी में पुलिस ने 8700 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई का नेतृत्व जलेश्वर एसडीपी ने किया, जिसमें 15 सदस्यीय पुलिस टीम शामिल थी। जलेश्वर के एसडीपीओ ने कहा कि हमने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान रुकसाना को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। बता दें कि रुकसाना के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं और यह क्षेत्र में ब्राउन शुगर की सप्लाई का नेटवर्क चलाती थी। सूचना के मुताबिक, रुकसाना अपने बहनोई एस।के। रशीद के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से ब्राउन शुगर लाकर जलेश्वर और आसपास के इलाकों में सप्लाई करती थी। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, दो साल पहले पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने एस।के।रशीद को कोलकाता से गिरफ्तार किया था। उस समय उसके पास से बड़ी मात्रा में हेरोइन और 10 लाख रुपये नकद और एक कार जब्त की गई थी। एसडीपीओ ने बताया कि रुकसाना के बहनोई और पति दोनों इस तस्करी नेटवर्क का हिस्सा थे। उन्होंने बताया कि दोनों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और वे फिलहाल पश्चिम बंगाल के अलीपुर जेल में बंद हैं।

# 'पाकिस्तान से मछुआरों को बचा लीजिए'

### स्टालिन ने जयशंकर को पत्र लिख रिहाई का किया आग्रह



चेन्नई, 21 नवंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ। एस जयशंकर को पत्र लिख केंद्र की सहायता मांगी है। स्टालिन ने कहा कि इस साल की शुरुआत में पाकिस्तानी नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को हिरासत में ले लिया था और अब उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए। दरअसल, हिरासत में लिए गए मछुआरों में सात तमिलनाडु के हैं। मछुआरों को 3 जनवरी 2024 को गुजरात के पोरबंदर से मछली पकड़ने के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया था। उनकी मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं को भी पाकिस्तानी नौसेना ने जब्त कर लिया। अपने पत्र में स्टालिन ने लगभग 10 महीने की हिरासत पर चिंता व्यक्त की और गिरफ्तार मछुआरों के परिवारों पर पड़ने वाले भावनात्मक और वित्तीय तनाव के बारे में बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कमाने वाले सदस्यों की अनुपस्थिति ने उनके परिवारों को गंभीर संकट में डाल दिया है। स्टालिन ने लिखा, लंबे समय तक हिरासत में रखे जाने और इसमें शामिल मानवीय चिंताओं को देखते हुए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि सभी मछुआरों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने के लिए राजनयिक चैनलों के माध्यम से इस मामले को ठोस और सार्थक तरीके से उठाया जाए। मुख्यमंत्री ने केंद्र से जब्त मछली पकड़ने वाली नौकाओं की रिहाई सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया, जो मछुआरों और उनके परिवारों की आजीविका के लिए महत्वपूर्ण हैं। इससे पहले हाल ही में स्टालिन ने जयशंकर से श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा भारतीय मछुआरों की बढ़ती गिरफ्तारी के मामलों पर तत्काल कूटनीतिक उपाय करने का आह्वान किया था। मुख्यमंत्री ने ऐसी घटनाओं की बढ़ती आवृत्ति पर चिंता व्यक्त की और कहा कि वर्ष 2024 में सात वर्षों में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की सबसे अधिक गिरफ्तारी हुई है। तमिलनाडु सरकार ने लगातार इस मुद्दे को उठाया है, राज्य के मछुआरा समुदाय की सुरक्षा की वकालत की है, जिनके सदस्य अक्सर आजीविका की तलाश में विवादित जल में जाते हैं।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शुक्रवार, 22 नवंबर, 2024 3

सु वि चा र

धन गया तो कुछ नहीं गया, स्वास्थ्य गया तो थोड़ा सा गया, अगर चरित्र गया तो सब कुछ ही चला गया

# जाति जनगणना को बाधित करने के लिए झूठा प्रचार कर रहे : भट्टी

## डिप्टी सीएम ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा



हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जाति जनगणना को ऐतिहासिक फैसला बताते हुए उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि लुटेरे गलत इरादे से सर्वेक्षण के खिलाफ झूठा प्रचार कर रहे हैं। भट्टी ने कहा, सर्वेक्षण पूरा होने के बाद, अब तक लोगों को लूटने वालों का शोषण बंद हो जाएगा। जनता की सरकार समाज को सामंती व्यवस्था से बाहर निकालकर समतामूलक समाज की ओर ले जाने की नींव रखेगी। गुरुवार को गांधी भवन में पत्रकारों से बात करते हुए भट्टी ने कहा कि वे और मंत्री आमने-सामने कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं, ताकि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में विश्वास रखते हुए पार्टी को वोट देने वाले लोगों के विचारों और राय को समझा जा सके और उनके मुद्दों का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने लोगों से दूर अपने आलीशान घरों से अपना शासन बढ़ाया, जबकि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और पूरी कैबिनेट सहित यह सरकार लोगों के बीच से शासन कर रही है। भट्टी ने कहा, हमारी सरकार लोगों की सरकार है जो लोगों के साथ मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान ढूंढती है। इसलिए यह सरकार आमने-सामने कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य पर अपना ध्यान केंद्रित रखा है। यह गरीब छात्रों को विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए युवा भारत एकीकृत आवासीय विद्यालय शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने संकल्प लिया है कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं और छात्रों के छात्रावास शुल्क में 40 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जबकि पिछली बीआरएस सरकार ने इस मुद्दे को 10 साल तक दरकिनार रखा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली की आपूर्ति, महिलाओं को मुफ्त आरटीसी बस यात्रा, 500 रुपये में गैस सिलेंडर की आपूर्ति और 5 लाख रुपये में इंदिराम्मा घरों का निर्माण लोगों द्वारा चुनी गई सरकार की कुछ जीत हैं। कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी करने का वादा किया था और वादे के मुताबिक एक साल के भीतर 50,000 पदों को भर दिया। पिछली सरकार 10 साल तक ग्रुप I की परीक्षा आयोजित नहीं कर सकी। भट्टी ने याद दिलाया कि कांग्रेस सरकार ने बिना देरी किए ग्रुप-1 की परीक्षा बिना किसी पेपर लीक के सफलतापूर्वक आयोजित की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 50 प्रतिशत आबादी वाली महिलाओं को ध्यान में रखते हुए, जनता की सरकार महिलाओं को उद्यमी के रूप में विकसित करने के लिए प्रति वर्ष 20,000 करोड़ से 25,000 करोड़ रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण देने और पांच साल में महिलाओं को 1 लाख करोड़ रुपये ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रयास कर रही है। पहले जब उद्योग और उत्पादन की बात होती थी तो केवल अदानी और अंबानी के बारे में ही सोचा जाता था। लेकिन, हमने उन्हें नीचे लाया और स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को प्राथमिकता दी। राज्य सरकार ने 1000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए उनके साथ समझौता किया। यह आरटीसी बसें भी खरीदेगा और उन्हें महिला समूहों को देगा ताकि वे उन्हें आरटीसी को पट्टे पर दे सकें।

## संतोषनगर में 18 वर्षीय युवक की चाकू घोंपकर हत्या

हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। संतोषनगर में बुधवार रात युवकों के एक समूह ने 18 वर्षीय एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पीड़ित मोहम्मद मोहिद एक छात्र था जो अपने पिता के फलों के कारोबार में भी मदद करता था। बुधवार शाम को मोहिद और उसके दोस्तों का कुछ युवकों के साथ झगड़ा हो गया। उस रात बाद में, प्रतिद्वंद्वी समूह को पता चला कि मोहिद और उसके दोस्त दरगाह बुरहान-ए-शाह के पास बैठे हैं और वे मामले को सुलझाने के लिए वहां गए। संतोषनगर के एसीपी मोहम्मद गौस के अनुसार, दोनों समूहों के बीच गरमागरम बहस हुई, जिसके दौरान प्रतिद्वंद्वी समूह के लड़कों में से एक ने मोहिद पर चाकू से हमला कर दिया। मोहिद को अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों ने जांच का जायजा लेने के लिए इलाके का दौरा किया। हत्या के सिलसिले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है तथा आगे की जांच जारी है।

# तुम्माला ने कृषि क्षेत्र में सुधारों की वकालत की

हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि क्षेत्र में सुधारों के महत्व पर जोर देते हुए, कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक को आदर्श किसानों की नियुक्ति के संबंध में आयोग के सदस्यों द्वारा दिए गए सभी सुझावों को समेकित करने और एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने आयोग के सदस्यों को आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के ध्यान में लाया जाएगा। कृषि आयोग के अध्यक्ष कोदंडा रेड्डी ने अन्य सदस्यों के साथ गुरुवार को यहां सचिवालय में मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव से मुलाकात की। बैठक में आदर्श किसानों (आदर्श रायथु) की नियुक्ति, रोजगार गारंटी योजना के साथ कृषि कार्य को एकीकृत करने और कृषि मशीनरी और उपकरणों पर जीएसटी हटाने, बीज अधिनियम में संशोधन और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को मजबूत करने सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री ने स्पष्ट किया कि बीज अधिनियम में संशोधन और कृषि उपकरणों पर जीएसटी हटाने जैसे मामले केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर केंद्र सरकार को पहले ही अनुरोध प्रस्तुत किए जा चुके हैं और रोजगार गारंटी योजना को कृषि क्षेत्र के साथ जोड़ने पर वर्तमान में विचार किया जा रहा है। मंत्री ने आगे आश्वासन दिया कि विभिन्न माध्यमों से केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के प्रयास जारी रहेंगे। तुम्माला ने एटीएमए (कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी) समितियों की नियुक्ति शुरू करके कृषि क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये समितियां जल्द ही कृषि क्षेत्र को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से व्यापक कार्यक्रम लागू करेंगी। मंत्री ने आयोग के सदस्यों से इन समितियों के माध्यम से संचालित किए जाने वाले कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध किया।

## पंचायत सचिव को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी जिले के सदाशिवपेट मंडल के आत्मकुर गांव के पंचायत सचिव को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने गुरुवार 21 नवंबर को 10,000 रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते समय रंगे हाथों पकड़ लिया।

आरोपी अधिकारी पी सचिन कुमार ने इलापुर गांव में पंचायत सचिव के रूप में काम करते हुए एक ग्रामीण से मकान नंबर के आवंटन के लिए 30,000 रुपये की मांग की और शुरुआती भुगतान के रूप में 10,000 रुपये स्वीकार किए। गुरुवार को उसे उस समय रंगे हाथों पकड़ लिया गया जब वह ग्रामीण से शेष 15,000 रुपये की रिश्वत ले रहा था। रासायनिक परीक्षण में आरोपी अधिकारी के दोनों हाथ पॉजिटिव पाए गए। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे हैदराबाद एसीबी कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

## सेवानिवृत्त टीजीएसआरटीसी कर्मचारी लापता

हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सेवानिवृत्त टीजीएसआरटीसी कर्मचारी के श्रीनिवास राव (62), जो अच्छे स्वास्थ्य में नहीं हैं, ठीक से बोलने में असमर्थ हैं और मुश्किल से चल पाते हैं, पिछले तीन दिनों से लापता हैं। टीजीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक वीसी सज्जनार ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि राव टीजीएसआरटीसी सेवाओं का लगातार उपयोग करते हैं। उनके परिवार के सदस्यों ने उप्पल पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है।

# मैराथन में एनसीसी निदेशालय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की टीम ने बाजी मारी



हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के एनसीसी निदेशालय ने 17 नवंबर 2024 को आयोजित प्रतिष्ठित कोकराझार मैराथन में उल्लेखनीय प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। देश भर के मजबूत दावेदारों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए, टीम ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए, शीर्ष स्थान हासिल किए और अपने असाधारण प्रदर्शन के लिए प्रशंसा अर्जित की। विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर के हिस्से के रूप में आयोजित मैराथन में एनसीसी कैडेट, रक्षा, अर्धसैनिक और असम कर्मियों और नागरिक धावकों सहित 2,000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य शांति, सद्भाव, एकता, फिटनेस और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना एनसीसी कैडेटों ने अनुकरणीय अनुशासन, धीरज और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। हैदराबाद ग्रुप के ग्रुप कमांडर कर्नल अनिल कुमार, जिन्होंने खुद कोकराझार में हाफ मैराथन में भाग लिया था और हवलदार नरेंद्र कंगाश के मार्गदर्शन में उनके कठोर प्रशिक्षण का फल उन्हें मिला, क्योंकि उन्होंने दो पोडियम फिनिश हासिल किए। निजामाबाद ग्रुप की कैडेट वी सामंथा और हैदराबाद ग्रुप की जीसीआई हेमा बिंदु ने अपनी श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते। कैडेट अरुण कुमार ने हाफ मैराथन में 1 घंटे 28 मिनट का समय निकाला और कुल मिलाकर छठा स्थान हासिल किया। एनसीसी आंध्र प्रदेश और तेलंगाना निदेशालय के उप महानिदेशक एयर कमोडोर वीएम रेड्डी ने कैडेटों को बधाई दी और शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक मजबूती को बढ़ावा देने में इस तरह के आयोजनों के महत्व पर जोर दिया।

साधुवाद/धन्यवाद



आनन्द कुमार, मुकेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, परमेश्वर सुपुत्र भीमारामजी माली पंवार (गोत्र अतलस) संस्थापक सदस्य (केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट) बनने व 10 गज भूमि दान करने हेतु साधुवाद/धन्यवाद

श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट एवं नंदीशाला, यल्मपेट, मेडचल (भाग्यनगर) तेलंगाना. सहयोग करने हेतु संपर्क करें : 9849702915

Aaimaa Ads

# न्यायिक आयोग आज से जांच फिर से शुरू करेगा

हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के निर्माण में कथित खामियों की जांच कर रहे न्यायिक आयोग का नेतृत्व कर रहे न्यायमूर्ति पीसी घोष शुक्रवार से जांच प्रक्रिया फिर से शुरू करेंगे। वे गुरुवार को शहर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि जांच का यह चरण वरिष्ठ अधिकारियों पर केंद्रित होगा, जिनमें कुछ वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भी शामिल हैं, जो बैराजों के निर्माण से संबंधित मंजूरी से जुड़े थे।

**पूर्व तट रेलवे**

**खोरधा रोड मण्डल में कैटरिंग स्टॉल के लिए ई-नीलामी**

| क्रम. सं. | ई-निविदा सूचना सं./ दिनांक | निविदा शीर्षक |
|---|---|---|
| 1 | ET-SRDCM-CAT-VSKP-GMU-3, Dt. 13.11.2024 | विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.1 में जनरल माइनर यूनिट (GMU-3) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.23,08,777/-, EMD: 1,15,500/-। |
| 2 | ET-SRDCM-CAT-VSKP-GMU-4, Dt. 13.11.2024 | विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.1 में जनरल माइनर यूनिट (GMU-4) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.41,99,999/-, EMD: 2,10,000/-। |
| 3 | ET-SRDCM-CAT-VSKP-GMU-22, Dt. 13.11.2024 | विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन के परिचालन क्षेत्र में जनरल माइनर यूनिट (GMU-22) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.38,90,015/-, EMD: 1,94,500/-। |
| 4 | ET-SRDCM-CAT-VZM-M6-24, Dt. 13.11.2024 | विजयनगरम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.2 & 3 में मिल्क स्टॉल यूनिट (M-6) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.1,37,500/-, EMD: 10,000/-। |
| 5 | ET-SRDCM-CAT-CHE-GMU-65, Dt. 13.11.2024 | श्रीकाकुलम रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.2 में जनरल माइनर यूनिट (GMU-65) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.2,50,000/-, EMD: 12,500/-। |
| 6 | ET-SRDCM-CAT-CHE-M8-24, Dt. 13.11.2024 | श्रीकाकुलम रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.2 में मिल्क स्टॉल यूनिट(M-8) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.1,10,000/-, EMD: 10,000/-। |
| 7 | ET-SRDCM-CAT-RGDA-GMU-31, Dt. 13.11.2024 | रायगड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.2&3 में जनरल माइनर यूनिट-महिला (GMU-31) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.5,52,999/-, EMD: 28,000/-। |
| 8 | ET-SRDCM-CAT-RGDA-GMU-33, Dt. 13.11.2024 | रायगड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.4&5 में जनरल माइनर यूनिट (GMU-33) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.7,08,848/-, EMD: 35,500/-। |
| 9 | ET-SRDCM-CAT-KRPU-GMU-43, Dt. 13.11.2024 | कोरापुट रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.4&5 में जनरल माइनर यूनिट (GMU-43) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.95,000/-, EMD: 10,000/-। |
| 10 | ET-SRDCM-CAT-DVD-GMU-36, Dt. 14.11.2024 | दुव्वाड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.1 में जनरल माइनर यूनिट (GMU-36) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.3,21,989/-, EMD: 16,500/-। |
| 11 | ET-SRDCM-CAT-DVD-GMU-38, Dt. 14.11.2024 | दुव्वाड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.4 में जनरल माइनर यूनिट (GMU-38) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.3,21,989/-, EMD: 16,500/-। |
| 12 | ET-SRDCM-CAT-DVD-M13-24, Dt. 14.11.2024 | दुव्वाड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.4 में मिल्क स्टॉल यूनिट (M-13) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.80,000/-, EMD: 10,000/-। |
| 13 | ET-SRDCM-CAT-SCM-GMU-40, Dt. 14.11.2024 | सिंहाचलम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.1 में जनरल माइनर यूनिट-महिला (GMU-40) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.95,000/-, EMD: 10,000/-। |
| 14 | ET-SRDCM-CAT-SCM-GMU-41, Dt. 14.11.2024 | सिंहाचलम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.2 में जनरल माइनर यूनिट-महिला (GMU-41) कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। 01 वर्ष के लिए निविदा मूल्य: रु.1,28,888/-, EMD: 10,000/-। |

निविदा अवधि: 5 वर्ष (सभी निविदा हेतु), **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 05.12.2024 को 1100 बजे (सभी निविदा हेतु)।

विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

PR-740/P/24-25 वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/वाल्टियर

# इरिसेट का वार्षिक दिवस 24 को



हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद के तारनाका में स्थित भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग एवं दूरसंचार संस्थान (इरिसेट) भारतीय रेलवे के आठ केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थानों में से एक है, जो रेलवे सिग्नलिंग एवं दूरसंचार प्रणालियों पर प्रशिक्षण देने में विशेषज्ञता रखता है। इरिसेट द्वारा दिया जाने वाला प्रशिक्षण रेलवे सिग्नलिंग एवं दूरसंचार इंजीनियरों को तैयार करने में एक अनूठी भूमिका निभाता है। इस संस्थान की खासियत यह है कि इसमें एक ही छत के नीचे सभी तरह की सिग्नलिंग एवं दूरसंचार प्रणालियां काम करने की स्थिति में हैं। संस्थान 24 नवंबर को अपने 67 साल पूरे कर रहा है। संस्थान का वार्षिक दिवस 24 नवंबर को मनाया जाएगा। प्रतिष्ठित व्यक्तित्व का मुख्य भाषण, शीर्ष प्रबंधन का संबोधन, मेधावी प्रशिक्षुओं को पुरस्कार वितरण और तकनीकी पत्रिका का विमोचन वार्षिक दिवस समारोह का हिस्सा होंगे। समारोह में संस्थान के शिक्षक और कर्मचारी, प्रशिक्षु, रेल मंत्रालय के गणमान्य व्यक्ति और उद्योग एवं क्षेत्रीय रेलवे तथा मीडिया के प्रतिनिधि शामिल होंगे। संस्थान यूपीएससी या आरआरबी चयन के माध्यम से सिस्टम में नए भर्ती हुए लोगों को प्रशिक्षित करता है। लगभग छह महीने तक चलने वाले प्रारंभिक प्रशिक्षण में रेलवे सिग्नलिंग, ट्रेन संचालन में सुरक्षा और प्रयोगशालाओं में व्यावहारिक अनुभव के मूल सिद्धांतों पर जोर दिया जाता है। भारतीय रेलवे प्रणाली में शामिल सिग्नल और दूरसंचार पर्यवेक्षकों को हर चार साल की अवधि में रिफ्रेशर कोर्स से गुजरना अनिवार्य है। रिफ्रेशर कोर्स प्रशिक्षण के दौरान, प्रौद्योगिकी में नवीनतम विकास और ट्रेन संचालन में सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा पर जोर दिया जाएगा। संस्थान उपलब्ध विभिन्न प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों के संदर्भ में अनुकूलित सामग्री पर विशेष प्रशिक्षण भी आयोजित करता है।

# कांस्टेबल पुलिस विभाग का नाम रोशन करें : सुधीर बाबू

## > प्रशिक्षु कांस्टेबलों की पासिंग आउट परेड सम्पन्न



हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा पुलिस आयुक्त सुधीर बाबू, सूर्यपेट जिले के एसपी सनप्रीत सिंह ने नलगोंडा जिला पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में नौ महीने के बुनियादी प्रेरण प्रशिक्षण के लिए संगारेड्डी, विकाराबाद, कामारेड्डी, नारायणपेट और निर्मल जिलों के 265 एआर प्रशिक्षु कांस्टेबलों की पासिंग आउट परेड की अध्यक्षता की। नलगोंडा जिले के एसपी शरत चंद्र पवार मौजूद रहे। कार्यक्रम में सफलतापूर्वक नौ माह का प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रशिक्षु सिपाहियों की पासिंग आउट परेड देखने के बाद सीपी राचकोंडा ने नौ माह का प्रशिक्षण बड़े ही अनुशासन के साथ पूरा करने वाले प्रशिक्षु सिपाहियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे पुलिस विभाग में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें और अनुशासन और तेलंगाना राज्य के पुलिस विभाग का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की नौकरी कई चुनौतियों वाली नौकरी है और अगर व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत है तो वह किसी भी चुनौती का सामना कर सकता है। इस ट्रेनिंग के बाद भी उन्हें रोजाना व्यायाम करना चाहिए और फिट रहना चाहिए। प्रशिक्षु सिपाहियों को अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए अपने सौंपे गए कर्तव्यों का सही ढंग से पालन करने तथा अधिकारियों की सहमति प्राप्त करने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत से पढ़ाई करने वाले माता-पिता के सपनों को साकार किया जाना चाहिए। बाद में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर जे. अनिल, सर्वश्रेष्ठ इनडोर आर. महेश, सर्वश्रेष्ठ आउटडोर मुजीबुद्दीन, सर्वश्रेष्ठ फायरर टी. रहे प्रशांत और परेड कमांडर नरेश गार को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अतिरिक्त एसपी डीटीसी रमेश, अतिरिक्त एसपी प्रशासन रामुलु नाइक, डीटीसी डीएसपी विट्ठल रेड्डी, नल्लागोंडा डीएसपी शिव राम रेड्डी, ए. आरडीएसपी श्रीनिवास, सीआई डेनियल राजशेखर रेड्डी, राजू आरआई हरिबाबू, श्रीनू, संतोष, वाईएस बाबू, प्रवीण, श्रीनिवास, भारत आरएसआई अखिल चंद्र, पुलिस ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जयराजू, सोमैया और अन्य ने भाग लिया।

# 29 को करीमनगर में दीक्षा दिवस का नेतृत्व करेंगे केटीआर



हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति 29 नवंबर को राज्य भर में दीक्षा दिवस मनाने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी कर रही है, जो पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा तेलंगाना राज्य की प्राप्ति के लिए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने के एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव करीमनगर में दीक्षा दिवस में भाग लेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य के सभी निर्वाचन क्षेत्रों और जिला मुख्यालयों में इस अवसर को भव्य रूप से मनाने का आग्रह किया है।

दीक्षा दिवस तेलंगाना के इतिहास में बहुत महत्व रखता है, जो 29 नवंबर 2009 को चंद्रशेखर राव द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का प्रतीक है। यह क्षण, जिसने सामाजिक और राजनीतिक स्पेक्ट्रम के पार तेलंगाना के लोगों को एकजुट किया, राज्य के आंदोलन में एक महत्वपूर्ण मोड़ था।

तेलंगाना बनेगा या केसीआर खत्म हो जाएगा के नारे के साथ की गई भूख हड़ताल ने इस क्षेत्र को अभूतपूर्व तरीके से एकजुट किया। नतीजतन, केंद्र को तेलंगाना के गठन की घोषणा करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिससे लोगों की दशकों पुरानी आकांक्षा पूरी हुई।

रामाराव ने एक बयान में इस आयोजन को तेलंगाना राज्य की नींव का पत्थर बताया। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे चंद्रशेखर राव के दृढ़ संकल्प और तेलंगाना के लोगों के सामूहिक प्रयासों ने भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को हिलाकर रख दिया, जिससे अलग राज्य के लिए उनका सपना साकार हुआ। बीआरएस नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे तेलंगाना के निर्माण के लिए किए गए संघर्ष और बलिदान के सम्मान में व्यापक कार्यक्रम आयोजित करें।

## एमएलसी कविता ने चयनात्मक न्याय पर सवाल उठाए

हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता और पूर्व सांसद के. कविता ने राजनीतिक गिरफ्तारियों के बीच अदानी को बचाने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, वे अखंड भारत का प्रचार करते हैं, लेकिन चयनात्मक न्याय करते हैं! राजनीतिक विरोधियों को बिना सबूत के गिरफ्तार किया जाता है और महीनों तक मुकदमा चलाया जाता है, जबकि गौतम अदानी बार-बार गंभीर आरोपों के बावजूद खुलेआम घूमते हैं। केंद्र सरकार को कार्रवाई करने से कौन रोक रहा है।

## ट्रांसजेंडरों के स्वास्थ्य और अधिकारों की सुरक्षा पर समीक्षा बैठक आयोजित

हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार के विकलांग व्यक्तियों, बुजुर्गों और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को डॉ. बीआर अंबेडकर सचिवालय में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के स्वास्थ्य और अधिकारों की सुरक्षा पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में महिला एवं बाल कल्याण विभाग की सचिव अनिता रामचन्द्रन एवं बी. शैलजा (निदेशक) ने ट्रांसजेंडर लोगों की चिकित्सा देखभाल, विभिन्न सरकारी कल्याण कार्यक्रमों और आने वाले समय में लागू की जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की।

इस बैठक में जॉन हॉपकिंस विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका (जेएचयू, यूएसए), यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी), वाईआरजी केयर, प्रोजेक्ट एक्सेलरेट के सदस्य और तेलंगाना एड्स कंट्रोल सोसाइटी (टीजीएसएसीएस) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने ट्रांसजेंडर लोगों के लिए मौजूदा स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बेहतर बनाने और नए कार्यक्रमों का समर्थन करने में अपना पूरा सहयोग व्यक्त किया। विशेष रूप से, जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी (जेएचयू) संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए), यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी), तेलंगाना एड्स कंट्रोल (टीजीएसएसीएस) और वाईआरजी केयर (प्रोजेक्ट एक्सेलरेट) के सदस्यों ने स्वास्थ्य के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की है।

**पूर्व तट रेलवे**

(1)निविदा सूचना सं.eT-North-WAT-34-2024, दिनांक : 14.11.2024

**कार्य का नाम:** वाल्टियर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/लक्ष्मीपुर रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन कोरापुट-रायगड़ा लाइन का लक्ष्मीपुर रोड-टिकिरि (कि.मी.21.895) के बीच ट्रैक के ओपोन लाइन को स्तांतरण के लिए शेष सिविल कार्य का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 5,59,78,068.37, EMD(रुपये में): 4,29,900/-।

(2)निविदा सूचना सं.eT-North-WAT-35-2024, दिनांक : 14.11.2024

**कार्य का नाम:** वाल्टियर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/लक्ष्मीपुर रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन कोरापुट-रायगड़ा लाइन के लक्ष्मीपुर रोड-टिकिरि (कि.मी.21.895) के बीच ट्रैक के ओपोन लाइन को स्तांतरण के लिए शेष P.Way कार्य का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 74,65,577.94, EMD(रुपये में): 1,49,300/-।

(3)निविदा सूचना सं.eT-North-WAT-36-2024, दिनांक: 14.11.2024

**कार्य का नाम:** वाल्टियर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/रायगड़ा के अधिकार क्षेत्र के स्टाफ क्वार्टर की मरम्मत के साथ साथ टाइल फ्लोरिंग एवं वॉल टाइल बिछाने, क्षतिग्रस्त दरवाजे एवं खिडकियों का स्थानांतरण, क्षतिग्रस्त वॉल प्लास्टरिंग एवं पुटी लगाना, रूफ लिकेज के लिए APP शीट फिक्सिंग, क्वार्टर के अंदर एवं बाहर की पेन्टिंग, दरवाजे एवं खिडकियों की पेन्टिंग, फ्रंट शेड का फिक्सिंग, CC फ्रंट का फ्लोरिंग, प्लिन्थ, पाथवे सुरक्षा, फाल्स सिलिंग का फिक्सिंग, CPVC पाइप द्वारा क्षतिग्रस्त PVC पानी टंकी एवं जलापूर्ति पाइप लाइन का स्थानांतरण एवं अन्य विविध कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 1,78,78,844.49, EMD(रुपये में): 2,39,400/-।

(4)निविदा सूचना सं.eT-North-WAT-37-2024, दिनांक : 14.11.2024

**कार्य का नाम:** वाल्टियर मण्डल के कोरापुट-रायगड़ा लाइन में सहायक मण्डल अभियन्ता/लक्ष्मीपुर रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन कोरापुट (Ex) से सिंगापुर रोड (Ex) स्टेशन के बीच सेक्शन में विविध P.Way कार्य का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 2,00,38,874.10, EMD(रुपये में): 2,50,200/-।

कार्य पूरा होने की अवधि: 12 (बारह) महीने (सभी निविदा हेतु)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय:** दिनांक 10.12.2024 को 1500 बजे (सभी निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग)/ वाल्टियर

PR-739/P/24-25

## शादी से पहले युवती की ट्रेन से कटकर मौत

मेरठ, 21 नवंबर (एजेंसियां)। मेरठ में शादी से 18 दिन पहले युवती की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह शादी का लहंगा खरीदने दिल्ली गई थी। बुधवार शाम शॉपिंग करके ट्रेन से मेरठ कैंट स्टेशन पहुंची। ट्रेन से उतरने के बाद कान में ईयर बड्स लगाकर ट्रैक पार कर रही थी। इस वजह से उसे जन शताब्दी एक्सप्रेस का हॉर्न सुनाई नहीं दिया और ट्रेन की चपेट में आई गई। बैग में मिले आधार कार्ड से युवती की पहचान हुई। पारुल (27) पल्लवपुरम के कृष्णानगर की रहने वाली थी। उसने बीएड की पढ़ाई पूरी की थी। 4 भाइयों (अमित, चेतन, हिमांशु और आयुष) की इकलौती बहन थी। पिता राजपाल सिंह मजदूरी करते हैं। पारुल की शादी 10 दिसंबर को थी। लड़का विदेश में मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब करता है।

## अमरोहा में छात्रा से टीचर ने की छेड़छाड़

अमरोहा, 21 नवंबर (एजेंसियां)। अमरोहा के मंडी धनौरा इलाके में स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली कक्षा नौ की छात्रा के साथ समुदाय विशेष के शिक्षक ने छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं परीक्षा में पास करने का हवाला देते हुए शादी का प्रस्ताव रखा और एक लाख का प्रलोभन देते हुए धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया। शिक्षक की हरकतों से डरी सहमी नाबालिग छात्रा ने परिजनों को घटना के बारे में बताया, जिसके बाद परिजनों ने स्कूल प्रबंधक से मामले की शिकायत की, लेकिन शिक्षक के हौंसले और बढ़ गए। जिसके बाद शिक्षक ने नाबालिग से प्रेम का इजहार किया। घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद और महासंघ के लोग भी स्कूल पहुंच गए। जहां जमकर हंगामा हुआ। फिलहाल इस मामले में आरोपी शिक्षक के खिलाफ नाबालिग से छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## नोएडा की गारमेंट फैक्ट्री में लगी भीषण आग

नोएडा नोएडा के सेक्टर-63 स्थित एक गारमेंट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग कंपनी के फर्स्ट फ्लोर पर लगी। जिस समय ये हादसा हुआ कंपनी बंद थी। पास की कंपनी के गार्ड ने इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। घटना सुबह पांच बजे के आसपास की हे।बताया जा रहा है कि दमकल विभाग को सूचना मिलने में काफी देर हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर 12 फायर की गाड़ियों को भेजा गया। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लिया गया है। कंपनी बंद थी। इसलिए यहां कोई फंसा नहीं है और न ही कोई इंजर्ड हुआ है।

# ज्ञानवापी मामला: हिंदू पक्ष की अर्जी पर

## आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



वाराणसी, 21 नवंबर (एजेंसियां)। ज्ञानवापी विवाद से जुड़ी एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट 22 नवंबर को इस मामले की सुनवाई करेगा। हिंदू पक्ष ने याचिका दायर कर सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि इस विवाद से जुड़े सभी 15 मामलों की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट में की जाए। याचिका में तर्क दिया गया है कि सभी मामलों की एकसाथ सुनवाई से केस में तेजी आएगी। वर्तमान में ज्ञानवापी विवाद से जुड़े 15 मामले वाराणसी जिला न्यायालय के विभिन्न न्यायालयों में चल रहे हैं। इसके अलावा, कुछ याचिकाएं इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी लंबित हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि सभी मामलों को एक जगह पर केंद्रित करने से सुनवाई में तेजी लाई जा सकती है। इस मामले मे हिंदु पक्ष और मुस्लिम पक्ष ने अपनी कई मांगो को लेकर वाराणसी के जिला अदालत में याचिका दायर की है । हिंदू पक्ष ने ही अपने अलग अलग मांगो को लेकर जिला अदालत मे कई याचिका दायर की है।

**सर्वेक्षण की मांग को लेकर याचिका**

इससे पहले, 21 अक्टूबर को इस विवाद से जुड़े एक अन्य मामले में सुनवाई हुई थी। सुनवाई से पहले हिंदू पक्ष ने वादी लक्ष्मी देवी के माध्यम से ज्ञानवापी परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांग को लेकर याचिका दाखिल की थी। 19 अक्टूबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस रोहित रंजन ने एक याचिका पर सुनवाई की थी। इस दौरान याची के वकील ने पूरक हलफनामा दाखिल किया था, जिसके जवाब में मुस्लिम पक्ष ने भी अपना हलफनामा दायर किया था।

**2023 में एएसआई का सर्वेक्षण**

हिंदू पक्ष की मांग पर ज्ञानवापी परिसर का एएसआई सर्वेक्षण 24 जुलाई से 2 नवंबर 2023 के बीच किया गया था। हालांकि, यह सर्वेक्षण वजूखाना क्षेत्र में नहीं किया गया था, जहां कथित तौर पर शिवलिंग मिलने का दावा किया गया है। हिंदू पक्ष का कहना है कि परिसर के धार्मिक स्वरूप को स्पष्ट करने के लिए वजूखाना का सर्वेक्षण आवश्यक है। हिंदू पक्ष का यह भी दावा है कि वर्तमान में जो मस्जिद है, वह एक मंदिर को तोड़कर बनाई गई है।

## महराजगंज में पराली जलाने की 284 घटना दर्ज



महराजगंज, 21 नवंबर (एजेंसियां)। महराजगंज में पराली प्रबंधन को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के बावजूद जिले में पराली जलाने की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। अब तक जिले में 284 घटनाएं दर्ज की जा चुकी है। 61 घटनाएं सामने आई हैं। पराली प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके लिए इस बार जुर्माने की राशि भी बढ़ाकर दोगुना कर दी गई है। लेकिन इससे किसानों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। यही कारण है कि सोमवार और जिले में जहां 20 घटनाएं हुई थीं।

वहीं बढ़कर 61 तक पहुंच गई। अब तक जिले में कुल 284 घटनाएं हो चुकी हैं। सदर क्षेत्र के बागापार और बृजमनगंज क्षेत्र के कोल्हुई से दो कंबाइन मशीनों को सीज कर दिया गया। इसके साथ ही लापरवाही बरतने पर तीन कृषि सहायक विकास अधिकारियों का वेतन रोकने के साथ ही सात लेखपालों को नोटिस दिया गया है। वहीं कुल 35 किसानों से 1.75 लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

# पप्पू यादव अब डीएम-एसपी से मांगने लगे वॉई सुरक्षा

### यूपी दौरे को लेकर सुरक्षा गार्ड और एस्कार्ट देने की मांग



पटना, 21 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव लगातार अपनी सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करते रहे हैं। वॉई सुरक्षा को लेकर गृह मंत्रालय तक मांग उठाई। वहीं केंद्र द्वारा कोई सुनवाई नहीं होने के बाद अब पप्पू यादव अपनी सुरक्षा को लेकर डीएम-एसपी को पत्र लिखकर वॉई श्रेणी वाला सुरक्षा गार्ड और एस्कॉर्ट देने की मांग की है। पप्पू यादव आज पटना स्थित अपने आवास से यूपी के गाजीपुर, गया के दौरे पर निकले हैं। पटना से निकलने से पहले पप्पू यादव के निजी सचिव अजय कुमार जायसवाल ने पटना, भोजपुर, बक्सर, जहानाबाद, गया, गाजीपुर के डीएम-एसपी को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की है। पत्र में लिखा गया है कि पप्पू यादव की सुरक्षा के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की वॉई श्रेणी के सुरक्षा के अनुसार पुलिस एस्कॉर्ट और रात्रि विश्राम स्थल पर नाइट गार्ड की व्यवस्था की मांग की है।

# हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज की याचिका

### चिकित्सा सेवा से जुड़ी अवैध गतिविधियों का मामला





लखनऊ, 21 नवंबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में एक जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें चिकित्सा से जुड़े अवैध कार्यों का मुद्दा व ट्रांसफर पॉलिसी का मुद्दा उठाया गया था। याचिका पर सुनवाई के समय न्यायालय के सामने लाए गए रिकॉर्ड को देखने पर न्यायालय ने पाया की सरकार चिकित्सा सेवा से जुड़े अवैध कार्यों पर समय-समय पर कार्रवाई की है। इसके कारण याचिका के माध्यम से सरकार पर लगाए गए आरोप गलत हैं। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने पवन कुमार सिंह उर्फ पवन की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के पश्चात पारित किया। याचिका में 2024 की स्थानांतरण नीति लागू करते हुए, सीतापुर जनपद में चिकित्सा सेवा से जुड़ी अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही की मांग की गई थी। याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के तमाम फैसलों में यह कहा जा चुका है, कि सेवा संबंधी मामलों में जनहित याचिका पोषणीय नहीं है।

# अलीगढ़ में यमुना एक्सप्रेसवे पर बड़ा सड़क हादसा,पांच की मौत





अलीगढ़, 21 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 से अधिक घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, अलीगढ़ के टप्पल थाना इलाके में यमुना एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात करीब एक बजे ट्रक और डबल डेकर बस की टक्कर हो गई। हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 15 यात्री घायल हो गए। जानकारी मिली है कि प्रतापगढ़ के कृष्णा ट्रैवल्स की डबल डेकर बस दिल्ली से आजमगढ़ और मऊ के लिए जा रही थी। जैसे ही बस यमुना एक्सप्रेसवे पर पर 56 नंबर प्वाइंट पर पहुंची तो एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। एक साइड से बस के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 15 यात्री घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में जान गंवाने वालों में पारुल(25), उसका पांच माह का बेटा आरोह, प्रतापगढ़ के हसमुख सरोज और दो अज्ञात शामिल हैं। मृतकों में एक महिला, तीन पुरुष और एक मासूम बच्चा हैं। बताया जा रहा है कि एक्सप्रेस-वे पर बस तेज गति से चल रही थी। अचानक ड्राइवर बस से नियंत्रण खो बैठा। ट्रक में टक्कर लगने के बाद बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद बस में फंसे लोगों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया।

# संभल में जामा मस्जिद के सर्वे पर विवाद, ओवैसी भड़के, मदनी बोले- 'गड़े मुर्दे उखाड़ने से देश की धर्मनिरपेक्ष बुनियादें हिल रहीं'



संभल, 21 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी के संभल में जामा मसज़िद के सर्वे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मसज़िद का सर्वे होने के बाद जमीयत उलेमा-ए-हिंद और एआईएमआईएम ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ओवैसी ने कहा है कि जिस तरह से कोर्ट ने इस मामले में स्पीड दिखाई है उस तरह से प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट एक मरा हुआ अक्षर बनकर रह जाएगा। ओवैसी ने लिखा है कि कोर्ट को इस तरह के मामले को शुरुआत में ही खत्म कर देना चाहिए। वहीं जमीयत ने भी सर्वे पर चिंता जताई है।

**जमीयत ने क्या कहा?**

इस पूरे मामले पर जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने कहा कि इतिहास के झूठ और सच को मिलाकर सांप्रदायिक तत्व देश की शांति और व्यवस्था के दुश्मन बने हुए हैं और इस तरह से पुराने गड़े मुर्दे उखाड़ने से देश की धर्मनिरपेक्ष बुनियादें हिल रही हैं। इसके साथ ही ऐतिहासिक संदर्भों को दोबारा वर्णित करने की कोशिशें राष्ट्रीय अखंडता के लिए किसी भी तरह से अनुकूल नहीं हैं।

**क्या बोले ओवैसी?**

एआईएमआईएम पार्टी के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि बाबरी मस्जिद फैसले ने हिंदू संगठनों को पूरे भारत में मुस्लिम पूजा स्थलों को निशाना बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। यूपी के संभल के चंदौसी स्थित शाही जामा मस्जिद का मामला देखिए, आवेदन जमा होने के तीन घंटे के भीतर, सिविल जज ने मस्जिद स्थल पर प्रारंभिक सर्वेक्षण का आदेश दिया ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या मस्जिद बनाने के लिए किसी मंदिर को ध्वस्त किया गया था।

आवेदन एक वकील द्वारा किया गया था जो सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार का स्थायी वकील है। सर्वेक्षण उसी दिन किया गया था। इस तरह कोर्ट के आदेश के एक घंटे के अंदर ही बाबरी का ताला भी खोल दिया गया, बिना दूसरे पक्ष को सुने। यह गति सामान्य मामलों में नहीं दिखाई जाती है। अगर अदालतें ऐसे आदेशों का पालन करना जारी रखती हैं, तो पूजा स्थल अधिनियम महज एक मृत-अक्षर बनकर रह जाएगा। इस अधिनियम का उद्देश्य ऐसे मुकदमे को अदालतों तक पहुँचने से रोकना था। एक मस्जिद जिसका उपयोग सैकड़ों वर्षों से इसी रूप में किया जा रहा है, उसे सांप्रदायिक मुकदमे का विषय बनाया जा रहा है। अदालतों को इसे शुरुआत में ही ख़त्म करना चाहिए। हिंदू पक्ष ने जामा मस्जिद के श्रीहरिहर मंदिर होने का दावा किया है। इस मामले को लेकर हिंदू पक्ष कोर्ट पहुंचा था। कोर्ट ने पूरे परिसर का सर्वे कराने का आदेश दिया। कोर्ट ने 29 नवंबर तक इसकी रिपोर्ट मांगी है।

# खतरनाक जोन में पहुंचा बिहार का हाजीपुर





पटना, 21 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार में ठंड की शुरुआत हो गई है, तो हवा भी अब पूरी तरह खराब हो चुकी है। राज्य के अधिकांश जिलों में जहरीली हवा का प्रकोप देखा जा रहा है, लेकिन सबसे ज्यादा खराब स्थिति हाजीपुर की है और यहां लगभग पिछले 10 दिनों से लगातार रेड अलर्ट दर्ज किया जा रहा है। हाजीपुर में गुरुवार को 400 से अधिक एक्यूआई दर्ज किए गए हैं, जो काफी खतरनाक जहरीली हवा के संकेत हैं। इसके साथ-साथ मुजफ्फरपुर में भी 300 से पार एक्यूआई का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं बक्सर, पटना, सासाराम और राजगीर भी काफी खतरनाक स्थिति में है और इन जिलों में भी जहरीली हवा का असर अधिक देखा जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समीर एप के अनुसार आज सुबह 7:00 बजे तक दर्ज आंकड़ों के अनुसार अभी तक सबसे अधिक हाजीपुर में 421 एक्यूआई प्रदूषण दर्ज किया गया है, जो रेड अलर्ट से भी ऊपर है। तो दूसरे नंबर पर मुजफ्फरपुर में रेड अलर्ट के साथ 321 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

## बिहार के सीतामढ़ी में मुखिया की गोली मारकर हत्या

सीतामढ़ी, 21 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के सीतामढ़ी में भयावह घटना देखने को मिल रही है। दरअसल यहां एक मुखिया की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई है। अपराधियों ने मुखिया पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं, जिसमें मुखिया को 5 गोली लगी है। बता दें कि यह घटना रीगा थाना क्षेत्र के हरिहरपुर के पास घटित हुई है। मुखिया अपने परिवार के साथ अपने क्रेटा कार से सीतामढ़ स्थिति अपने आवास पर आ रहे थे। इसी दौरान बाईक पर सवार अपराधियों ने मुखिया का पीछा किया और फिर मौका देखकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। मृतक मुखिया का नाम मधुरेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना मिश्रा है, जो सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा प्रखंड के कचोर पंचायत के मुखिया हैं। मुन्ना मिश्रा की हत्या से इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है। बता दें कि इस घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस की टीम पहुंची।

# बगहा में आनंद विहार-दरभंगा एक्सप्रेस हरिनगर के पास डिरेल

# सभी यात्री सुरक्षित, वैक्यूम ब्रेक लगाने से हुआ हादसा



बगहा, 21 नवंबर (एजेंसियां)। आनंद विहार से दरभंगा जा रही ट्रेन संख्या 04068 बीती रात हरिनगर स्टेशन के पास एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। रात करीब 12:03 बजे ट्रेन के दो बोगी और इंजन डिरेल हो गए। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने वैक्यूम ब्रेक लगाया था, जिसके कारण यह घटना हुई। हालांकि, रेलवे की तत्परता और समय पर कार्रवाई से किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं पहुंची। फिलहाल डिरेल हुई बोगियों और इंजन को ट्रेन से अलग कर प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर खड़ा कर दिया गया। एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (एआरटी) की मदद से रेलगाड़ी को ठीक कर 3:55 बजे दरभंगा के लिए रवाना कर दिया गया। स्टेशन अधीक्षक यदुनाथ महतो ने बताया कि यात्रियों को सुरक्षित निकालने और ट्रेन को गंतव्य तक भेजने के लिए तुरंत कदम उठाए गए।

**डाउन लाइन अवरुद्ध, अप लाइन चालू**

ट्रेन के डिरेल होने के कारण भैरोगंज और हरिनगर स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर यातायात बाधित हो गया है। हालांकि, अप लाइन पर ट्रेन की आवाजाही सामान्य रूप से जारी रखी गई । अधिकारियों का कहना है कि इस घटना की पूरी जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, अप लाइन के जरिए गाड़ियों की आवाजाही को नियंत्रित किया जा रहा है।

## खाजा की दुकान में सिलेंडर फटा, एक की मौत

पटना, 21 नवंबर (एजेंसियां)। गुरुवार की सुबह-सुबह करीब पांच बजे सिलेंडर के फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो से तीन लोगों के घायल होने की खबर है। पटेल नगर के रोड नंबर 13 में खाजा की दुकान में यह धमाका हुआ है। शुरुआती जानकारी के अनुसार यह बात सामने आई है कि दुकान में तीन सिलेंडर रखे हुए थे। इसमें से दो सिलेंडर फटा है। विस्फोट इतना खतरनाक था कि कई हिस्सों में सिलेंडर फट गया। हादसे में खाजा दुकान के मालिक उपेंद्र कुमार की मौत हुई है। सिलेंडर ब्लास्ट की घटना के बाद इलाके में सुबह-सुबह अफरातफरी मच गई। हालांकि सुबह का वक्त था तो रोड पर लोग कम थे। हालांकि सिलेंडर कैसे फटा यह अभी पता नहीं चला है। घटना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। विस्फोट से बिल्डिंग के पिलर में दरार तक आ गई है।

# मंत्री नन्दी से जालसाजी मामले में आया नया मोड़, पहले बेटे की जुटाई जानकारी, फिर एकाउंटेंट से की ठगी



प्रयागराज, 21 नवंबर (एजेंसियां)। साइबर अपराधियों ने इंटरनेट मीडिया के जरिए पहले मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के बेटे अभिषेक गुप्ता की गतिविधि की जानकारी जुटाई थी। इसके बाद उनकी कंपनी के एकांउटेंट रितेश श्रीवास्तव को झांसे में फंसाकर दो करोड़ आठ लाख रुपये की ठगी की थी। मामले की तफ्तीश में जुटी साइबर थाने की पुलिस की एक टीम को यह जानकारी हाथ लगी है। पता चला है कि साइबर अपराधियों ने अभिषेक गुप्ता के साथ ही उनकी कंपनी के एकाउंटेंट की भी इंटरनेट मीडिया के जरिए कुछ जानकारी जुटाई थी।

इंटरनेट मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर मंत्री के बेटे के करीबियों, कारोबारियों समेत अन्य लोगों के बारे में भी साइबर अपराधियों ने पता लगाया था। अभिषेक और उनके एकाउंटेंट की गतिविधि के आधार पर ही ठगी की गई थी। शुरुआती छानबीन में जो तथ्य पुलिस को मिले हैं, उससे संबंधित साक्ष्य भी संकलित किए जा रहे हैं ताकि अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सके। मंत्री नन्दी के बेटे अभिषेक गुप्ता इकावो एग्रो डेली प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। कंपनी में झूंसी निवासी रितेश श्रीवास्तव बतौर एकाउंटेंट कार्यरत हैं। 13 नवंबर को वाट्सएप पर अभिषेक गुप्ता की डीपी लगी नंबर से संदेश आया कि वह जरूरी मीटिंग में हैं। इसके बाद तीन एकाउंट नंबर भेजकर कुछ दो करोड़ आठ लाख रुपये ट्रांसफर करने के लिए कहा। रितेश साइबर अपराधियों के झांसे में फंसकर अलग-अलग के नाम से खोले गए एकाउंट में पैसा भेजा गया था। बताया गया है कि पुलिस ने दिल्ली, बिहार, झारखंड, बंगाल समेत कई राज्य के 23 बैंक खाताधारकों को पूछताछ के लिए उठाया है। अलग-अलग बैंक के खाताधारकों से यह पता लगाया जा रहा है कि उन्हें किसने और कब खाता खुलवाने के लिए कहा था। खाता खुलवाने के समय और उसके बाद कितना पैसा मिला था। खाताधारकों के जरिए पुलिस टीम साइबर अपराधियों के गिरोह से जुड़े लोगों तक पहुंच रही है।

# स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का आरोप, जमकर हुआ हंगामा; पुलिस से भी तीखी बहस



कानपुर, 21 नवंबर (एजेंसियां)। नजीराबाद के सरोजनी नगर में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार व्यापार चलाने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया गया। बंदी के बावजूद खुले स्पा सेंटर में आक्रोशित भीड़ ने शटर पर बाहर से ताला लगा दिया। बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को समझाने का प्रयास किया तो उनके बीच तीखी बहस हो गई। भीड़ को खदेड़ने के बाद पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। दावा है कि उनके बीच आपसी समझौता हो गया। कौशलपुरी निवासी रमनप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी की सरोजिनी नगर में दुकान है। उन्होंने बताया कि तीन माह पहले दुकान किराये पर दी थी। किराये पर लेने वाले ने स्पा सेंटर और रेस्टोरेंट खोल दिया। आरोप है कि बीते कुछ दिनों से उन्हें स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट चलने की सूचना मिल रही थी। सीसामऊ में उपचुनाव होने के कारण जिले में बंदी का आदेश था। बावजूद इसके स्पा सेंटर खुला था। उन्होंने स्पा सेंटर खुलने का विरोध किया तो वहां किराये पर लेने वाले के साथ मौजूद एक महिला ने उनको थप्पड़ मार दिया। जिसके बाद इलाकाई लोग उनके समर्थन में एकत्रित होने लगे। इस बीच स्पा सेंटर संचालक और महिला मौके से चले गए। भीड़ ने स्पा सेंटर में ताला लगा दिया। आक्रोशित भीड़ स्पा सेंटर के अंदर मौजूद लोगों को पकड़ने की बात पर अड़ गई। पुलिस ने मामला शांत कराया और दोनों पक्षों को थाने ले गई। नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि दुकान मालिक और किराये पर लेने वाले के बीच विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया है। देह व्यापार चलाने की बात गलत है।

**देह व्यापार मामले में पुलिस कर चुकी है कार्रवाई**

वहीं हाल में ही बाबूपुरवा एसीपी की टीम ने गोविंद नगर में स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा देह व्यापार के अड्डे को पकड़ा। स्पा सेंटर में तीन युवतियां मिलीं। पुलिस ने आरोपित संचालक दंपती को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर दी। एसीपी बाबूपुरवा अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि गांधी स्मारक स्कूल के पास तनुज विनायक के मकान में अंकित सोनकर और उसकी पत्नी शालू पिंक सैलून नाम से स्पा सेंटर चलाते थे। हालांकि उसकी आड़ में देह व्यापार का धंधा किया जा रहा था। इस पर रविवार को टीम के साथ छापेमारी की गई तो अफरातफरी मच गई। अंदर दो बेड पड़े हुए थे, जहां युवतियां आपत्तिजनक सामग्री के साथ मिलीं।

# पुलिस को ईमानदारी और निष्पक्षता से काम करना चाहिए : सीवी आनंद

## सीपी ने पुलिस कांस्टेबलों की "दीक्षांत परेड" में भाग लिया



हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य के विभिन्न जिलों के एआर, आईटी एंड सी और पीटीओ-मैकेनिक एससीटीपीसी (स्टिपेंडियरी कैडेट ट्रेनी पुलिस कांस्टेबल) की "दीक्षांत परेड" (पासिंग आउट परेड) पेटलाबुरूस सीएआर मुख्यालय परेड ग्राउंड, हैदराबाद में आयोजित की गई।

इस "दीक्षांत परेड" के मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त, हैदराबाद सी.वी आनंद रहे। बीते 21 फरवरी 2024 से एससीटीपीसी द्वारा उनकी नियुक्ति के बाद, विभिन्न जिलों के (747) एससीटीपीसी को सिटी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, पेटलाबुरूस और मेट्रो बैरक लर्निंग सेंटर बेगमपेट में हैदराबाद बुनियादी प्रेरण प्रशिक्षण दिया गया। इस नौ महीने के बुनियादी प्रेरण पाठ्यक्रम में, बीएनएस और बीएसए, बीएनएसएस और एसपीएल और स्थानीय कानूनों पर इनडोर कक्षाएं आयोजित की गईं। कानून और व्यवस्था, अपराध और जांच, खुफिया और आंतरिक सुरक्षा, व्यक्तित्व विकास और पुलिस प्रशासन और दस्तावेजीकरण। आउटडोर सत्रों के दौरान, कैडेटों को योग, ध्यान, शारीरिक प्रशिक्षण, स्क्वाड ड्रिल, बैटन ड्रिल, हथियार ड्रिल, परेड ड्रिल, हथियार रणनीति और फायरिंग, ट्रैफिक ड्रिल, बेस कैंप और फील्ड क्राफ्ट में प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर मद्दीपति श्रीनिवास राव, अतिरिक्त डीसीपी/प्रिंसिपल ने सिटी पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षुओं की संपूर्ण प्रशिक्षण प्रक्रिया का विवरण देते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। रक्षिता कृष्ण मूर्ति पुलिस उपायुक्त सीएआर मुख्यालय, हैदराबाद ने प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि सी.वी. आनंद, पुलिस आयुक्त, हैदराबाद ने परेड का निरीक्षण किया और परेड की सामान्य सलामी ली। उन्होंने इनडोर, आउटडोर, ऑल-राउंडर और फायरिंग स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। इस दौरान प्रशिक्षुओं से बात करते हुए सीवी आनंद ने कहा, पुलिस की नौकरी एक पवित्र नौकरी है और कोई भी समाज पुलिस की एक भी दिन की नौकरी के बिना काम नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब ऐसे पुलिसकर्मी लगातार समाज के लिए काम कर रहे हैं तो उन्हें अपने परिवार के सदस्यों का समर्थन जरूर मिलना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षण पूरा कर चुके सिपाहियों द्वारा लिए गए संकल्प का सारांश बताते हुए कहा कि जिन सिपाहियों ने पुलिस प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उन्हें ईमानदारी से काम करना चाहिए, पुलिस संविधान का पालन करना चाहिए, पुलिस ईमानदारी और निष्पक्षता से काम करना चाहिए।

लोगों की जान बचाने में अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपको उनका पालन करना चाहिए और अपनी सेवा के अंत तक कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी एक टेस्ट क्रिकेट मैच की तरह है और हमें इसकी आदत डालने की जरूरत है और हमारा जीवन बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चलेगा। उन्होंने कहा कि आपको देखकर मुझे अपने अनुभव याद आते हैं, मैंने 1992 में आईपीएस की ट्रेनिंग ली थी और 80 लोगों के साथ हमारी पासिंग आउट परेड बारिश में हुई थी। उन्होंने कहा कि मुझे पुलिस विभाग में प्रशिक्षित हुए 33 साल हो गये हैं। पुलिस ट्रेनिंग लेने वाले अभ्यर्थियों को कुछ महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए गए। ड्यूटी के दबाव के कारण पुलिस बुरी आदतें सीख जाती है और उन्हें इनसे बचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आपको अपनी वर्तमान शारीरिक फिटनेस बनाए रखनी चाहिए और जो वर्दी आप अभी पहन रहे हैं उसे अगले 30 वर्षों के बाद भी पहनने में सक्षम होना चाहिए। अपनी 33 साल की पुलिस सेवा में मेरा वजन 75-76 किलोग्राम के बीच है और मैं अपनी फिटनेस को बरकरार रखने के लिए कड़ी मेहनत करता हूं। उन्होंने कहा कि हमें अपने वेतन-भत्तों के अनुरूप, अपने स्तर के अनुरूप धन के मामले में दक्ष होना चाहिए, लेकिन पुलिस को किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे आईपीएस जैसी नौकरी में भी वेतन सीमित है और जैसे-जैसे हमारी सेवा बढ़ेगी वेतन धीरे-धीरे बढ़ता रहेगा।

# रेल यात्रियों को निशाना बनाने वाला अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

*✻ चोरी के 21 लाख के आभूषण बरामद, तीन साथी फरार*



हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीआरपी और आरपीएफ सिकंदराबाद द्वारा एक अंतरराज्यीय चोर को गिरफ्तार किया गया और 26.5 तोला वजन के सोने के आभूषण बरामद किए गए, जिनकी कीमत 21 लाख रुपये है। रेलवे पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पेशे चालक दिल्ली का रहने वाला है। उसके अन्य तीन साथी समशीर, निवासी हरियाणा, सुमित, निवासी हरियाणा, सतवीर, निवासी हरियाणा, जगदीश, निवासी हरियाणा फरार है। आरोपी व्यक्ति हरियाणा से हैं और दिल्ली में रहकर शराब, ड्रग्स जैसे बुरे कामों में लिप्त हैं। कुछ साल पहले उन्होंने एक गिरोह बनाया और विभिन्न स्थानों पर चोरी की। इसमें मुख्य आरोपी रणवीर सिंह को दिल्ली, जीआरपी राजस्थान और जीआरपी कर्नाटक पुलिस ने जेल भी भेजा है।

वे सभी चोरी करने के लिए रेल यात्रियों को निशाना बनाते थे। तदनुसार उन्होंने आरपीएस सिकंदराबाद और आरपीएस हैदराबाद की सीमाओं में यात्रियों से सोने के आभूषण चुराए। सोने के आभूषणों को चुराने के बाद वे उन्हें पिघला देते हैं और लाभ को आपस में बांट लेते हैं। बीते 21 नवंबर को लगभग शाम सात बजे एसएचओ आरपीएस सिकंदराबाद ने अपनी टीम के साथ सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर संदिग्ध तरीके से धूम रहे आरोपी को पकड़ लिया और पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसके पास से 265 ग्राम सोने के आभूषण मिला है। जिनकी कीमत 21 लाख रुपये बताई जा रही है। बी.साईश्वर गौड़, आईआरपी/एसएचओ के साथ एम.ए. मजीद एसआईआरपी, के. महिपाल रेड्डी आरएचसी, सुखदेव आरएचसी, वेणुगोपाल स्वामी आरएचसी, बी.हरिलाल, आरपीसी, के नागुबाशा आरपीसी, आरपीएस सिकंदराबाद के के भवानी शंकर आरपीसी ने आरपीएफ स्टाफ भवानी शंकर सारस्वत आईपीएफ/एससी और उनके स्टाफ गोविंद नायुडू आरपीएफ/एसआई/एससी, वीरेंद्र सिंह कांस्टेबल/एससी, राम किशोर कसाना कांस्टेबल/आरपीएफ/एससी पोस्ट के साथ समन्वय करके रेलवे पुलिस के अधीक्षक गोन संदीप, प्रभारी अधीक्षक और एस एन जावेद, डीएसआरपी एससी (यू) की देखरेख में आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आईजीपी रेलवे और सड़क सुरक्षा के रमेश नायुडू ने जीआरपी सिकंदराबाद के अधिकारियों और कर्मियों की सराहना करते हुए उचित रूप से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# छात्रों को सुरक्षित व गर्म भोजन परोसा जाना चाहिए : डॉ. शरत



हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आदिम जाति कल्याण विभाग के सचिव एवं आयुक्त डॉ. शरत ने आईटीडीए परियोजना अधिकारी, उप-प्रबंधक, जिला जनजातीय विकास अधिकारी, जिला जनजातीय विकास अधिकारी, आरसीवीओ, जनजातीय गुरुकुलम प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, वार्डनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। उन्होंने छात्रों के भोजन को लेकर कई सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि बच्चों को ताजा पका हुआ सुरक्षित गर्म भोजन परोसें और भोजन की डिलीवरी से लेकर पकाने और परोसने तक गुणवत्ता मानकों को बनाए रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेप की गुणवत्ता की जांच करें, खराब गुणवत्ता वाली खेप को अस्वीकार करें और केवल अच्छी गुणवत्ता वाली खेप को ही अनुमति दें। इसके अलावा गुरुकुलों, आश्रम विद्यालयों को उन छात्रावासों में काम करने वाले रसोइयों और नौकरानियों को स्वच्छता और स्वच्छता के बारे में प्रशिक्षित करना चाहिए। छात्रों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाये और खाना पकाने के स्थान और आसपास को साफ रखना चाहिए। यदि सब्जियां, दांत, मांस, अंडे आदि उचित गुणवत्ता के नहीं हैं, तो उनका उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। हैदराबाद गुरुकुलम हेल्थ कमांड सेंटर के प्रदर्शन की नियमित रूप से निगरानी की जाती है। छुट्टियों के दिन, स्कूल के बाद शिक्षकों को ड्यूटी सौंपी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन निर्देशों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में अतिरिक्त निदेशक वीटा सर्वेश्वर रेड्डी, ट्राईकार जीएम शंकर राव, डीटीआरआई समुजवाला, अतिरिक्त सचिव जनजातीय कल्याण गुरुकुलम माधवी देवी, उप निदेशक जनजातीय कल्याण शिक्षा चंदना ने भाग लिया।

# प्रधानाध्यापक और स्टाफ निलंबित

## नारायणपेट फूड पॉइजनिंग

हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। स्कूल शिक्षा विभाग ने बुधवार को नारायणपेट जिले के स्कूल में फूड पॉइजनिंग मामले के संबंध में जेडपीएचएस मगनूर के प्रधानाध्यापक मुरलीधर रेड्डी, प्रभारी प्रधानाध्यापक बापू रेड्डी और मिड-डे मील प्रभारी को निलंबित कर दिया। विभाग ने स्कूल में मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने में लापरवाही बरतने के कारण मध्याह्न भोजन एजेंसी की सेवाएं भी समाप्त कर दी। स्कूल शिक्षा निदेशक ए.वी. नरसिम्हा रेड्डी ने कहा कि भोजन विषाक्तता से पीड़ित 15 छात्रों का महबूबनगर अस्पताल में इलाज चल रहा है और वे खतरे से बाहर हैं।

# डीजीपी ने 1211 महिला कांस्टेबलों की पासिंग आउट परेड में भाग लिया

## बैच में एमबीए, एमएससी, एमसीए, एमटेक, पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री धारक महिला शामिल



हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एससीटीपीसी के 2024 बैच की पासिंग आउट परेड तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक डॉ. जितेंद्र ने गुरुवार को राजा बहादुर वेंकटराम रेड्डी तेलंगाना पुलिस अकादमी में 1211 कांस्टेबलों की पासिंग आउट परेड के मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

सुश्री अभिलाषा बिष्ट डीजीपी, निदेशक तेलंगाना पुलिस अकादमी ने प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई। प्रिंसिपल, पीटीसी, वेमा श्रीनिवास रेड्डी, एडिशनल एसपी, ने कांस्टेबलों द्वारा लिए गए 9 महीने के प्रशिक्षण की प्रशिक्षण रिपोर्ट दी। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी, अकादमी के उप निदेशक, सहायक निदेशक और अकादमी के अन्य कर्मचारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसने स्टाइपेंड्री कैडेट प्रशिक्षु पुलिस कांस्टेबलों के लिए 9 महीने के प्रशिक्षण के सफल समापन को चिह्नित किया, जो जल्द ही तेलंगाना पुलिस बल में शामिल होंगे। कुमारी उप्पुनुथला सौम्या, प्रशिक्षु नंबर-979, एआर कांस्टेबल ने परेड कमांडर के रूप में काम किया। वह जनगांव जिले के पालकुर्थी मंडल के तिरुमुलागिरी गांव की हैं।

इस अकादमी में परेड में आज उपस्थित स्टाइपेंड्री कैडेट प्रशिक्षु पुलिस कांस्टेबलों के 2024 बैच में 1211 कैडेट (सभी महिलाएं) शामिल हैं। प्रशिक्षुओं में एससीटी पीसी (सिविल), टीजीपीए 560, एससीटी पीसी (एआर), टीजीपीए 278, एससीटी पीसी (एआर), चेलापुरा 292, एससीटी पीसी (आईटी एंड सी), बेगमपेट 81 समेत कुल 1211 शामिल रहे। इस बैच में तेलंगाना के सभी जिलों के प्रशिक्षु शामिल हैं, जिनमें सबसे अधिक वारंगल (166) से हैं। उसके बाद रामागुंडम (120) और करीमनगर (104) हैं। इस बैच में उच्च योग्यता प्राप्त एमबीए, एमएससी, एमसीए, एमटेक और एम.फार्मा जैसे स्ट्रीम में 194 पोस्ट-ग्रेजुएट हैं। 567 प्रशिक्षु 21-25 वर्ष की आयु के हैं। 10 ने पहले सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्रों में पद संभाले हैं और 6 ने होम गार्ड के रूप में काम किया है, जबकि 1201 नए हैं। 68 कैडेट पुलिस परिवारों से हैं। सख्त अनुशासन, समय और पाठ्यक्रम के कारण प्रशिक्षुओं के लिए शुरूआती प्रशिक्षण के दिन कठिन थे।

उन्हें समायोजित होने में समय लगा और वरिष्ठ कार्यालयों और विशेषज्ञ परामर्शदाताओं द्वारा परामर्श सत्र उन लोगों को दिए गए जिन्होंने शुरूआती दिनों में प्रशिक्षण छोड़ने की याचिका दायर की थी। एक महीने के बाद वे समायोजित हो गए और उन्हें छुट्टियों और अवकाश की अनुमति दी गई, जिससे उन्हें घर की याद से उबरने में मदद मिली। हर पखवाड़े, एक विशेषज्ञ परामर्शदाता को बाहर से प्रशिक्षुओं को व्यक्तिगत रूप से परामर्श देने के लिए लगाया गया था, जो किसी भी व्यक्तिगत समस्याओं का सामना कर रहे थे और तत्काल निवारण की सलाह दी गई थी। सप्ताहांत पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उन्हें खुश करने में मदद की।

# यूसुफगुडा में ऑटोमोबाइल की दुकान में लगी भीषण आग




हैदराबाद, 21 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। यूसुफगुडा में बुधवार देर रात एक ऑटोमोबाइल की दुकान में आग लगने से कई लाख रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। पुलिस के अनुसार, यूसुफगुडा मेन रोड पर एक इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एसआर ऑटोमोबाइल्स में आधी रात के आसपास आग लग गई। पुलिस द्वारा सूचना दिए जाने पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया। अग्निशमन कर्मियों को आग बुझाने के लिए प्रतिष्ठान का शटर तोड़ने के लिए जेसीबी बुलानी पड़ी। आग पर काबू पाने में दमकलकर्मियों को करीब दो घंटे लगे। अधिकारियों को संदेह है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी। जब आग बुझाने का काम चल रहा था, तब पुलिस ने एहतियात के तौर पर इलाके की घेराबंदी कर दी थी।

# बीआरएस ने महबूबाबाद महाधरना किया स्थगित

*पुलिस की अनुमति के लिए खटखटाएगी हाईकोर्ट का दरवाजा*



हैदराबाद, 21 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने गुरुवार को महबूबाबाद में नियोजित महाधरना स्थगित कर दिया, जिसका उद्देश्य लागाचेरला के आदिवासियों और किसानों को समर्थन देना था। पुलिस द्वारा अंतिम समय में अनुमति देने से इनकार करने के बाद स्थगित करने का निर्णय लिया गया। पार्टी ने अनुमति के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने और 50,000 लोगों के साथ विशाल धरना आयोजित करने का निर्णय लिया है।

महबूबनगर में मीडिया को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री और बीआरएस एमएलसी सायवती राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपनी ज़मीन हड़पने की हरकतों के उजागर होने के डर से अनुमति देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव के लागाचेरला के पीड़ितों के समर्थन से चिंतित थी और असहमति को दबाने के लिए आखिरी समय में अनुमति देने से इनकार कर दिया। उन्होंने आदिवासियों और हाशिए पर पड़े लोगों की ज़मीनें अधिग्रहित करके उन्हें निशाना बनाने के लिए सरकार की आलोचना की और इसे घोर अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में बीआरएस कैडर, आदिवासी संगठन और नागरिक अधिकार संगठनों ने इन अन्यायों को उजागर करने और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की अपने भाइयों और दामाद के लिए इस तरह की कार्रवाइयों में मिलीभगत को उजागर करने के लिए महाधरना में भाग लेने की योजना बनाई थी। यही कारण है कि पुलिस ने हमें दो दिन पहले अनुमति मांगने के बावजूद आखिरी समय में अनुमति देने से इनकार कर दिया। कुछ पुलिस अधिकारियों के व्यवहार की निंदा करते हुए सत्यवती राठौड़ ने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम कानून लागू करने वाली एजेंसियों का बहुत सम्मान करते हैं, लेकिन इस तरह का पक्षपातपूर्ण व्यवहार अस्वीकार्य है। उन्होंने बीआरएस के साथ पुलिस के व्यवहार की निंदा की, जो एक दशक तक सत्ता में रही और चेतावनी दी कि बीआरएस के सत्ता में वापस आने पर उनके कार्यों के परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने पाखंड की ओर भी इशारा करते हुए कहा कि पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति देने से इनकार कर दिया, लेकिन कांग्रेस विधायकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जो सार्वजनिक रूप से बीआरएस पर पत्थरों से हमला करने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि विरोध प्रदर्शन बड़े पैमाने पर किया जाएगा और जनता और आदिवासी संगठनों से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे के लिए अपने समर्थन में दृढ़ रहें।

# लोकतांत्रिक अधिकार को दबा रही कांग्रेस, केटीआर ने की आलोचना



हैदराबाद, 21 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की अनुमति न देकर लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने महबूबाबाद में बीआरएस के महाधरना पर लगाए गए प्रतिबंधों पर सवाल उठाया, जिसे अब स्थगित कर दिया गया है, उन्होंने सरकार के कार्यों को एक अधिनायकवादी शासन का प्रतिबिंब बताया।

उन्होंने गुरुवार को महबूबनगर में पुलिस के लॉन्ग मार्च का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए पूछा कि जब चुनाव नहीं हो रहे हैं तो पुलिस पूरी ताकत से लॉन्ग मार्च क्यों कर रही है? जब कोई हिंसा नहीं हो रही है तो शांतिपूर्ण सभाओं पर ऐसी चेतावनियों और कार्रवाई की क्या ज़रूरत है? क्या यह लोकतंत्र है या हम तानाशाही और प्रतिबंधों के युग में प्रवेश कर चुके हैं? कांग्रेस के इस रवैये को दमनकारी बताते हुए रामा राव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को इस तरह की रणनीति जारी रखने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यह तेलंगाना है। जितना अधिक आप दमन करेंगे, विद्रोह उतना ही मजबूत होगा। एक्स पर एक अन्य पोस्ट में उन्होंने रेवंत रेड्डी पर कटाक्ष किया कि उन्होंने अपने भाषण के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को बार-बार आमंत्रित करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि विधानसभा में चंद्रशेखर राव का सामना करना तो दूर, आपके पास महबूबाबाद में बीआरएस के महाधरने की अनुमति देने की भी हिम्मत नहीं है।

# मुख्यमंत्री की मौजूदगी में भूमि सर्वेक्षण करने को तैयार : हरीश



संगारेड्डी, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के आरोपों को उनकी विफलताओं को उजागर करने से रोकने के लिए ब्लैकमेल करने की रणनीति बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि उन्होंने कभी भी किसी किसान की जमीन, सिंचाई भूमि या सरकारी जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया है। गुरुवार को अंडोले मंडल के मसनपल्ली में एक मंदिर के उद्घाटन में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री के आरोपों का जवाब देते हुए हरीश राव ने कहा कि उन्होंने धरणी के माध्यम से पंजीकरण कराकर किसानों से 13 एकड़ जमीन खरीदी है।

रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया था कि हरीश राव ने रंगनायक सागर के पास जमीन पर अतिक्रमण किया है, जिस पर पूर्व मंत्री ने जवाब दिया कि रेवंत रेड्डी का जमीन पर अतिक्रमण करने का इतिहास रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा उनकी मौजूदगी में सर्वेक्षण कराने का स्वागत करते हुए कहा कि वे लोगों की शंकाओं को दूर करने के लिए पारदर्शी सर्वेक्षण के लिए तैयार हैं। रेवंत रेड्डी पर ब्लैकमेल की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए हरीश राव ने कहा कि वह या बीआरएस तब तक कांग्रेस सरकार से सवाल पूछना बंद नहीं करेंगे, जब तक कि वे चुनाव प्रचार के दौरान किए गए छह गारंटियों को लागू नहीं कर देते। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार की विफलताओं पर सवाल उठाने के लिए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव के खिलाफ झूठे मामले भी दर्ज कर रहे हैं। राव ने कहा कि सरकार धान खरीद में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि नागरिक आपूर्ति आयुक्त डीएस चौहान ने घोषणा की है कि वे 70 लाख मीट्रिक टन खरीदेंगे, जबकि नागरिक आपूर्ति मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने घोषणा की है कि वे 90 लाख मीट्रिक टन खरीद करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों ने सरकार द्वारा प्रस्तावित एमएसपी से काफी कम कीमत पर 20 लाख मीट्रिक टन अनाज खरीदा है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि सरकार शेष 70 मीट्रिक टन अनाज खरीदेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले वारंगल घोषणापत्र में नौ वादे किए थे, लेकिन रेवंत रेड्डी उनमें से किसी को भी लागू करने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि वादे पूरे करना तो दूर, कांग्रेस फार्मा गांवों के नाम पर गरीब आदिवासियों की जमीन हड़पने की कोशिश कर रही है।

# लॉरी ने बाइक को मारी टक्कर

## 35 वर्षीय युवक की मौत

हैदराबाद, 21 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के कीसरा में बुधवार शाम को एक सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई । मृतक वी येलेंद्र (35), एक इलेक्ट्रीशियन था, स्कूटर पर जा रहा था, तभी ओआरआर कीसरा एग्जिट गेट पर एक तेज रफ्तार लॉरी ने उसे टक्कर मार दी। युवक सड़क पर गिर गया और उसे गंभीर चोटें आईं। उसे 108 एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक लक्ष्मण (25) के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

# डीसीए ने झोलाछाप डॉक्टर को किया गिरफ्तार

*35 हजार रुपये की दवाइयां जब्त कीं*



हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन (डीसीए) के अधिकारियों ने गुरुवार, 21 नवंबर को एक झोलाछाप डॉक्टर को बिना उचित मेडिकल योग्यता के क्लिनिक चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने मंचेरियल जिले के नासपुर गांव में स्थित क्लिनिक पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान डीसीए अधिकारियों ने पाया कि परिसर में बिना ड्रग लाइसेंस के 76 तरह की दवाइयां रखी हुई थीं, जिनमें एंटीबायोटिक्स, एनाल्जेसिक आदि शामिल थे। कुल 35,000 रुपये का स्टॉक जब्त किया गया। डीसीए के महानिदेशक वीबी कमलासन रेड्डी ने कहा कि अयोग्य व्यक्तियों द्वारा एंटीबायोटिक दवाओं की अंधाधुंध बिक्री से जनता के स्वास्थ्य पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं, जिसमें 'एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध' का उदय भी शामिल है। टी. चंदना, ड्रग्स इंस्पेक्टर, मंचेरियल, पी. श्रवण कुमार, ड्रग्स इंस्पेक्टर, पेद्दापल्ली, श्रीमती असवानी, ड्रग्स इंस्पेक्टर, आसिफाबाद ने छापेमारी की। आगे की जांच जारी है। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## निजी स्कूल की कक्षा 8 की 2 छात्राएं लापता

हैदराबाद, 21 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। कुकटपल्ली स्थित एक निजी स्कूल के दो छात्र बुधवार शाम स्कूल से निकलने के बाद लापता हो गए। विवेकानंद नगर में कक्षा आठ में पढ़ने वाली ये लड़कियां दिन में स्कूल गईं, लेकिन घर नहीं लौटीं। चिंतित परिवार के सदस्यों ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ उनकी तलाश करने के बाद पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की हैं।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 22 नवंबर- 2024

# एग्जिट पोल की कल खुलेगी पोल

महाराष्ट्र और झारखण्ड में विधानसभा चुनाव संपन्न होते ही परम्परा के अनुसार एग्जिट पोल भी सामने आ गए। ये कितने सच व झूठ साबित होते हैं, इसकी पोल कल यानी 23 नवम्बर को खुल जाएगी। बता दें कि महाराष्ट्र के एग्जिट पोल में महायुति की सरकार तो झारखंड में भी भाजपा की जीत बताई जा रही है। संभव है एग्जिट पोल ही सही निकलें लेकिन पिछले दो चुनावों के अनुभव को देखने के बाद इस चोचलेबाजी पर से लोगों का भरोसा उठ चुका है। हकीकत यह है कि ये जिस तरह का सर्वे करते हैं, उस तरीक़े से सही अंदाज़ा लगाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है। देखने में तो यही आता है कि जब कोई भी व्यक्ति पोलिंग बूथ से वोट देकर निकलता है तो वह किसी को भी सही क्यों बताएगा कि उसने किसे वोट दिया है। फिर एग्जिट पोल वाले इतने सर्वेयर कहां से ला कर सत्य की खोज करते हैं। उनका यह गणित आजतक किसी के समझ में नहीं आया है। बहरहाल, वोटिंग परसेंटेज देखें तो झारखंड और महाराष्ट्र में बढ़ोतरी हुई है। अब तक तो यही देखा गया है कि वोट परसेंटेज बढ़ने का सीधा मतलब भाजपा या उसके गठबंधन को लाभ मिलता है। फ़ायदा इसलिए कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों का जो परम्परागत वोटर है, वह तो हमेशा वोट करता ही है। लेकिन भाजपा का पूरा वोटर घर से वोट देने में आलस करता रहा है। जाहिर है जब वो निकलता है तो वोट परसेंटेज बढ़ जाता है। वही वढ़ वोट आख़िर में निर्णायक साबित होता है। वोट परसेंटेज बढ़ाने का यह काम भाजपा के लिए आरएसएस करता है। उसके वालंटियर ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को घरों से निकालकर वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं। यही उनकी स्ट्रैटेजी रहती है। जाहिर है ये सारे वोट भाजपा के पक्ष में ही जाने की परंपरा रही है। इसके बावजूद महाराष्ट्र में भी यह गणित एकदम सही बैठ जाए, कहा नहीं जा सकता है। यहाँ छह बड़ी पार्टियाँ मैदान में हैं। जिन तीन-तीन के समूह में ये बंटी हुई हैं, उनमें आपस में भी विचारों का तालमेल नहीं दिखाई दिया है। महायुति में शामिल अजित दादा पवार की पार्टी के विचार भाजपा और शिंदे सेना से नहीं मिलते। महाअघाडी में देखें तो कांग्रेस और पवार से उद्धव सेना के विचार भिन्न हैं। इसीलिए दोनों ही गठबंधन के उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय भी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो ये मजबूरी के साथी बने हुए हैं। चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव परिणाम और उसके बाद सरकार का गठन कैसे होगा यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा। महाराष्ट्र में बहुमत जिसे भी मिले, मुख्यमंत्री चुनना बहुत पेचीदा मामला रहेगा। महायुति में फ़ैसला ऊपर से ही होना है, लेकिन एक बार मुख्यमंत्री रह चुके एकनाथ शिंदे क्या भाजपा का मुख्यमंत्री बर्दाश्त कर पाएँगे, यह यक्षप्रश्न जरूर खडा होगा। महाअघाडी में तो कदम दर कदम पेंच है। जिस मुख्यमंत्री पद के लिए उद्धव ने भाजपा का वर्षों पुराना साथ छोड़ दिया था, वे कम सीटें लाने के बाद भी इस पद के बिना आसानी से मान जाएंगे। बहरहाल 23 नवंबर को ईवीएम किसका भाग्य खोलता है यह तो पता चल जाएगा लेकिन उसके बाद कौन, किसके साथ किस खेमें में जाएगा यह तो पलडे में मेंढक तौलने जैसा ही दिखेगा। जाहिर है सरकरा बनने पर सभी नाप तौल कर देखेंगे कि उनका पलडा किसके साथ भारी रहेगा?

# बढ़ती सड़क दुर्घटना चिंता का विषय ?



डॉ. अजय मिश्रा

आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में सबसे सस्ता यदि कुछ बन गया है तो वह है "जीवन" और "जीवन" से भी यदि कुछ सस्ता है तो "जीवन का असमायिक समाप्ति" तभी तो लोगों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता की कौन इस दुनियां में आया और कौन इस दुनियां से गया। यहाँ तक की लोगों की चिंता जाहिर करके सत्ता में आने वाली राजनैतिक पार्टियाँ भी अपने दायित्व को भूलती जा रही है। नवीनतम जारी आकड़ों ने सभी को आश्चर्यचकित किया है विगत दस वर्षो की अवधि में 15.3 लाख लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होना इस बात का प्रमाण है की हमें सड़क सुरक्षा को लेकर बेहद संजीदा होने और नियमों की कड़ाई से पालन करने की जरूरत है। ये सभी मौतें वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2023 के मध्य हुई है। यह भयावह है कि सड़क दुर्घटना में मृतक लोगों की संख्या चंडीगढ़ की आबादी से भी अधिक है। यह स्थिति तब है जब की केंद्र सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई बार इस बात की घोषणा की है की सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए वो प्रतिबद्ध है। इसी विषय में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार निर्देश जारी किया है।अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देखा जाए तो तो यह पता चलता है की प्रति दस हजार किलोमीटर की यात्रा पर जहाँ ऑस्ट्रेलिया में 11 लोगों, अमेरिका में 57, चाइना 119 लोगों की मृत्यु होती है वही भारत की स्थिति दयनीय है और यहाँ 250 लोगों की मृत्यु हुई है। जारी नवीनतम आकड़ों का मूल्यांकन अंतिम दस वर्षो से देखा जाए तो मृतकों की संख्या 12.01 लाख थी (वर्ष 2004 से 2013)। मृत्यु को असामयिक प्राप्त होने वाले लोग अलग-अलग उम्र के रहे है जिनमे से अधिकांश ने तो अभी जीवन शुरू भी नहीं किया हुआ था। क्या हम अपनी ही गलतियों से कुछ सीख ले पा रहें है या फिर बड़ी गलती होने का इन्तेजार कर रहें है। यदि देखा जाए तो सड़क दुर्घटना में विगत 20 वर्षो में 27.4 लाख लोगों ने अपनी जान दे दी, जिन्हें हम जागरूकता और नियमों का कड़ाई से पालन करके बचा सकतें थे। आखिर इसकी जिम्मेदारी किसकी है ?

ख़राब सड़कों का होना, अकुशल चालकों का होना, नियमों की अनदेखी करना, उत्साह और नशे में तेजी से कार, बाइक चलाना, समेत कई ऐसे कारण है जिससे इसमें तेजी से वृद्धि आई है। आगामी दस वर्षो का आकड़ा अवश्य ही भयावह होगा इसकी पुष्टि वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे वाहनों की संख्या के आधार पर कहा जा सकता है। वर्ष 2012 में जहाँ देश में पंजीकृत वाहनों की संख्या 15.9 करोड़ थी वही वर्ष 2024 में बढ़ कर के 38.3 करोड़ पहुँच गयी है। आगामी दशक में इसमें अप्रत्याशित उछाल देखने को मिल सकता है और ऐसे में यदि हम अपने संसाधनों और व्यवस्थाओं को मजबूत नहीं करेगे तो हम असामयिक मृत्यु का शिकार होते रहेगें। अधिकांश मामलों में देखने में आ रहा है की लोग सड़क दुर्घटना का शिकार अपनी लापरवाही से नहीं बल्कि सामने वाले की लापरवाही से अधिक हो रहें है। शराब का सेवन भी एक बड़ा कारण रहा है। सरकार ने वर्ष 2012 तक 48.6 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया था जबकि वर्ष 2019 तक यह 63.3 किलोमीटर तक पहुँच गया था फिर भी बढ़ती सड़क दुर्घटना के पीछे कई कारण है। आज भी यातायात के नियम अधिकांश मामलों में किताबों तक ही सीमित है व्यावहारिक रूप से व्यापक कमी है। बिना मानकों और प्रशिक्षण पूरा किये लोग कार चलाने लगते है, नशे में होकर कार चलाना आम आदत बन गया है, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करना लोग अपनी शान मानते है, सड़कों की दयनीय स्थिति किसी से छिपी नहीं है।

# अब बुद्धू बक्सा नहीं रहा टेलीविजन

डॉ घनश्याम बादल

आज के समय में देश और दुनिया का शायद ही कोई ऐसा शहर, गांव या घर होगा जहां पर टेलीविजन की उपस्थिति न हो। आज हमारी दिनचर्या में टेलीविजन देखना एक अपरिहार्य हिस्सा बन चुका है। कह सकते हैं कि जो टेलीविजन के संपर्क में नहीं है वह आज की दुनिया के भी संपर्क में भी नहीं है और ऐसे लोगों को पिछड़ा माना जाता है। आज बड़ों से लेकर बच्चों तक जब आपस में मिलते हैं तो टेलीविजन का जिक्र किसी न किसी संदर्भ में ज़रूर आता है। अब टेलीविजन के बारे में तो सब जानते हैं पर शायद यह बहुत कम लोग जानते होंगे कि 21 नवंबर को पूरी दुनियाभर में टेलीविजन दिवस मनाया जाता है। आज टेलीविजन संचार और वैश्वीकरण का प्रतीक है जो हमें शिक्षित करता है, सूचित करता है, मनोरंजन करता है और हमारे निर्णयों और विचारों को प्रभावित करता है।

मजे की बात यह है कि आज के इलेक्ट्रॉनिक टेलीविजन का आविष्कार किसी जाने-माने वैज्ञानिक ने नहीं किया अपितु 1927 में, फिलो टेलर फ़ार्नस्वर्थ नामक 21 वर्षीय जर्मन आविष्कारक ने दुनिया का पहला इलेक्ट्रॉनिक टेलीविज़न बनाया जो 14 साल की उम्र तक बिना बिजली के घर में रहा था। अपनी पढ़ाई के दौरान हाई स्कूल में ही, उसने एक ऐसी प्रणाली के बारे में सोचना शुरू किया जो चलती हुई तस्वीरों को कैप्चर कर सके, उन्हें एक कोड में बदल सके और फिर उन छवियों को रेडियो तरंगों के साथ अलग-अलग डिवाइस पर भेज सके। वह पारंपरिक टेलीविज़न सिस्टम से कई साल आगे था क्योंकि उसकी संरचना इलेक्ट्रॉनों की एक किरण का उपयोग करके चलती हुई छवियों को कैप्चर करती थी। फ़ार्नस्वर्थ ने बाद में अपने टेलीविज़न का उपयोग करके एक डॉलर के चिह्न की छवि को प्रसारित किया, जब एक साथी आविष्कारक ने पूछा ₹हम इस चीज़ से कुछ डॉलर कब देखेंगे?₹ तब उनमें से किसी को भी नहीं पता था कि टेलीविज़न वैश्विक सूचना के प्रसार को बढ़ावा देने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिवस का प्रतीक बन जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक टेलीविज़न से पहला प्रसारण चार्ल्स फ्रांसिस जेनकिंस द्वारा निर्मित W3XK नामक प्रथम यांत्रिक टीवी स्टेशन ने किया। 1996 में 21 और 22 नवंबर को, संयुक्त राष्ट्र ने पहला विश्व टेलीविजन फोरम आयोजित किया। यहाँ, प्रमुख मीडिया हस्तियाँ तेज़ी से बदलती दुनिया में टेलीविज़न के बढ़ते महत्व पर चर्चा और इस बात पर विचार करने के लिए मिलीं कि वे अपने आपसी सहयोग को कैसे बढ़ा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के नेताओं ने माना कि टेलीविज़न संघर्षों की ओर ध्यान आकर्षित कर सकता है, शांति और सुरक्षा के लिए खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ा सकता है और सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकता है।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने तब टेलीविज़न को सूचना देने, चैनल बनाने और जनमत को प्रभावित करने के एक प्रमुख उपकरण के रूप में स्वीकार किया और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 नवंबर को विश्व टेलीविज़न दिवस का नाम दिया। अब तो आपको पता है कि 21 नवंबर को टेलीविजन दिवस है तो फिर इस दिवस को कैसे मनाया जाए इसके लिए लिए सोचते हैं कुछ नया।

टेलीविज़न पर बहुत कुछ ऐसा है जिसे देखकर आप खुश हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर जाएं और अपने पसंदीदा टेलीविज़न पल के बारे में लिखें, चाहे वह पिछले हफ़्ते हुआ हो या 20 साल पहले।अपने पसंदीदा लोगों को टीवी डिनर के लिए आमंत्रित करें और साथ ही अपना पसंदीदा कार्यक्रम देखें।

हो सकता है कि आप टीवी देखने से इसलिए परहेज करते हों क्योंकि आपको लगता है कि आपको कुछ काम करने चाहिए? यह दिन आपके लिए ही बना है! कुछ आरामदायक स्वेट पहनें, अपने लिए पॉपकॉर्न बनाएं और अपने पसंदीदा शो के एक के बाद एक एपिसोड देखें। अगर आपको इस तरह की आरामदेह गतिविधि पर कोई अपराधबोध महसूस होता है, तो खुद को याद दिलाएँ कि आप अपने कार्यों से संयुक्त राष्ट्र के आदर्शों का समर्थन कर रहे हैं - या इस मामले में निष्क्रियता डेविड एटनब्रो की 2016 की डॉक्यूमेंट्री श्रृंखला दुनिया भर में प्रकृति की खोज करती है और यह नाजुक वर्णन और आश्चर्यजनक दृश्यों से भरपूर है। और भी ऐसे अनेक कार्यक्रम हो सकते हैं जिन्हें आप अपनी पसंद के अनुसार देख सकते हैं पर बेहतर हो कुछ सार्थक देखें। ऐसे ही कुछ सार्थक सीरियल्स हैं मूल प्लैनेट अर्थ का फिल्मांकन 2006 में किया गया था और यह मूलतः प्लैनेट अर्थ 2 जैसा ही था, लेकिन फुटेज को कैप्चर करने वाली तकनीक थोड़ी पुरानी थी। भाइयों का बैंड युद्ध ड्रामा लघु श्रृंखला 1942 से द्वितीय विश्व युद्ध के अंत तक 101वीं एयरबोर्न डिवीजन की 506वीं रेजिमेंट, ईज़ी कंपनी की कहानी पर केंद्रित है। ब्रेकिंग बैड यह नाटक एक रसायन विज्ञान शिक्षक की कहानी है, जिसे पता चलता है कि उसे कैंसर है और वह मेथ-निर्माण व्यवसाय में जाने का निर्णय लेता है। चेरनोबिल यह लघु श्रृंखला 1986 में चेरनोबिल में हुई परमाणु आपदा और उसके बाद किए गए सफाई प्रयासों को कवर करती है। यह कार्यक्रम तो महा जे महज सुझाव के लिए हैं दुनिया भर के टेलीविजन कार्यक्रमों की सूची उठाकर देखेंगे तो आपको अपनी पसंद के एवं सार्थक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रृंखला मिल जाएगी तो अगर समय है और मन भी है तो टेलीविजन दिवस पर यह कार्यक्रम देख सकते हैं। ज्यादा टेलीविजन देखने के अपराध बहुत से ग्रस्त होने की आपका आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका में, औसतन लोग प्रतिदिन 3.5 घंटे टेलीविजन देखते हैं। चाहे वह समाचार हो, खेल हो, संगीत कार्यक्रम हो, शो हो या फ़िल्में हों, हम मनोरंजन और जानकारी के लिए टेलीविजन का सहारा लेते हैं। मनोरंजन के रूप में टेलीविजन केवल संयुक्त राज्य अमेरिका तक ही सीमित नहीं है। दुनिया भर में लगभग 610 मिलियन दर्शक हैं। यह जानना कि इसके उच्च उद्देश्यों के लिए एक दिन समर्पित है, हमें दिन के अंत में थोड़ा टीवी देखने के अपने निर्णय के बारे में बेहतर महसूस कराता है।एक समय टेलीविजन का मतलब लिविंग रूम में रखा हुआ वह बॉक्स होता था जो रेडियो तरंगें प्राप्त करता था और छवियों को प्रसारित करता था। वे दिन चले गए हैं। टेलीविजन अब कोई भी सिस्टम है जो ध्वनि और छवियों को प्रसारित करता है और स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है। यह अभी भी डेन में बड़ी स्क्रीन हो सकती है, लेकिन यह आपके डेस्कटॉप, लैपटॉप या फोन को भी संदर्भित करती है। जब तक वे कार्यक्रमों तक पहुँच रहे हैं, वे निष्पक्ष खेल हैं!

अपने कई नवाचारों के साथ, टीवी मनोरंजन और सूचना का एक स्रोत है जिसे हम प्रतिदिन एक्सेस करते हैं। यदि चाहें तो आप सोशल मीडिया पर जाएं और अपना पसंदीदा टेलीविज़न शो, न्यूज़ प्रोग्राम या नेटवर्क टाइप करें और आपको ढेरों कमेंट, लाइक और शेयर मिलेंगी। इसलिए चाहे आपकी रुचि वॉकिंग डेड में किसकी मृत्यु हुई या फेस द नेशन में राष्ट्रपति के साथ साक्षात्कार में हो, वर्चुअल दुनिया में एक पूरा समुदाय है जिसके साथ आप गपशप कर सकते हैं। वैसे भारत में पुरानी पीढ़ी के लोग अधिक टेलीविजन देखना पसंद नहीं करते पर नई पीढ़ी किसी भी माध्यम से टेलीविजन देखने से छुट्टी भी नहीं है शायद दोनों के अपने-अपने आदर्श एवं जीवन शैलियों हैं। पर ,यह तो सच है कि न तो आज के युग में टेलीविजन से कट कर चला जा सकता है और साथ ही साथ यदि हम अपना सारा समय टेलीविजन को ही दे देंगे तो यह भी घातक हो सकता है।

# बटेंगे तो कटेंगे पर इतनी राजनीति क्यूं ?

डॉ.नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी

हमारे देश में किसी भी बात का बतंगड़ बनाना हमारी नियति में शामिल है। पिछले दिनों यूपी के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश के संदर्भ एक बात कहीं थी कि बटोगे तो कटोगे। चूँकि भारत में भी दो राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने थे तो इस बात को विधानसभा के चुनाव से जोड़कर देखा जाने लगा। इतिहास गवाह है कि चंद एक समुदाय के आक्रांताओं ने कैसे हमारे असंगठित होने के कारण इस देश पर कब्जा कर लिया और वर्षों तक हम उनकी दासता का उत्पीड़न झेलते रहे। शुक्रिया अदा कीजिए अंग्रेजों का जिसने इस आक्रांताओं के शासन से अपनी आजादी दिलाई और इस देश में फिर से हिन्दू समुदाय खुली हवा में सांस लेने लगे। चंद्रगुप्त मौर्य के समय जिस बृहद भारतवर्ष की अवधारणा थी, वह कायम हो चुका था लेकिन दुर्भाग्यवश सम्राट अशोक के कलिंग युद्ध के बाद बौद्ध धर्म अपनाने से आने वाले समय में भारतवर्ष पूरी तरह अपने वजूद में कायम नहीं रह सका। छोटे - छोटे राज्य अपने अस्तित्व में कायम हो गए। इन छोटे - छोटे राज्यों के उदय होने के कारण जिस बृहद देश की अवधारणा मौर्य वंश के शासनकाल में थी, उसका पूरी तरह लोप हो चुका था। अब किसी भी बाहरी आक्रांताओं के लिए भारत पर आक्रमण करना आसान हो गया और इसी का फायदा उठाकर आक्रान्ता इस देश में अपने पैर जमाने में सफल रहे। ये वाक्य उस समय बटेंगे तो कटेंगे पूरी तरह चरितार्थ हो गया था और यही बात आज भी प्रासंगिक है। आप जब तक एक नही रहेंगे तो दुश्मन को आप पर हमला करने का अवसर प्राप्त हो ही जायेगा।आज हिंदुओं के लिए भारत के अलावा कोई और देश नहीं है जहाँ हिन्दू पूरी तरह सुरक्षित हों। बांग्लादेश में जहाँ 23 प्रतिशत हिन्दू थे, वहाँ घटकर सिर्फ सात से आठ प्रतिशत रह गए हैं। पाकिस्तान में हिन्दू नाम मात्र के रह गए हैं और वहाँ उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय है। आज जब बात हिंदुओं की एकता की होने लगी तो खलबली मच गई है। आज पूरा विपक्ष हिंदुओं को जातियों में बाँटने में तुला हुआ है। आज उनकी दुकान हिंदुओं को जातियों में बाँटने पर ही टिकी हुई है। आज देश के बाहर की भारत विरोधी ताकतें विपक्षी दलों के माध्यम से भारत को अस्थिर करने में लगी हुई हैं। आज पूरा विश्व भारत की प्रगति से घबराया हुआ है। भारत की प्रगति से चीन और पाकिस्तान के कलेजे पर साँप लोट रहा है। कश्मीर में विधानसभा के सफल चुनाव के बाद पाकिस्तान में शोक का माहौल है इसलिए वहां सरकार बनने के बाद अचानक आतंकवादी घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। ये पाकिस्तान की बौखलाहट का असर है।

देश के बाहर के आतंकवादियों का सफाया करना आसान है लेकिन देश में रहने वाले देश विरोधियों से मुकाबला करना उतना आसान नहीं है। आज देश में जातीय जनगणना की बात उठ रही है जिससे समाज में और विद्वेष फैलने की संभावना है। मंडल कमीशन के लागू होने के बाद अगड़ों और पिछड़ों के बीच एक खाई उत्पन्न हो गई थी। ठीक उसी तरह की स्थिति पुनः निर्मित होने की संभावना है। महाराष्ट्र और झारखंड में जो चुनाव हुआ है वहाँ वोटों का ध्रुवीकरण हुआ है। एक समुदाय का वोट एकतरफा बीजेपी के ख़िलाफ़ जाएगा लेकिन हिंदुओं का वोट एकतरफा कहीं से भी बीजेपी को नहीं मिलने वाला है क्योंकि हिंदुओं का वोट जातीय आधार पर ही तय होगा। बंटेंगे तो कटेंगे का असर हिंदुओं पर नहीं होने वाला है। हिंदू जातीय आधार पर अपना वोट करता है। जो मानसिकता सदियों से बनी हुई है वह इतना आसानी से नहीं मिटने वाली है। राजनीतिक दल केवल चुनाव के समय ही इन जुमलों का प्रयोग करते हैं। समाज में जागरूकता फैलाना इनका उद्देश्य नहीं है।आज जरूरत इस बात की है कि हिन्दू सिर्फ हिन्दू ही रहे।आप जरा सोचिये कि बाबा साहेब अम्बेडकर को कितनी जातीय पीड़ा झेलनी पड़ी होगी।

भारत में रहने वाले सब समुदायों के पूर्वज पहले हिंदू ही रहे हैं। अब हमें फिर से उस स्थिति में लौटने की जरूरत नहीं है लेकिन अगर हिंदुओं में जातीय व्यवस्था इसी तरह रही तो हिन्दू कभी भी एकजुट नहीं रह सकता है। इसके लिए सबसे पहले हमें अपना सरनेम हटाना होगा क्योंकि सरनेम के लगते ही आपकी जाति का पता चल जाता है। सरनेम को कानूनी तौर पर खत्म किये जाने की जरूरत है।

हमारे पहचान का आधार सिर्फ धर्म होना चाहिए। धार्मिक आधार पर ही व्यक्ति की पहचान होनी चाहिए। इसके लिए अब समाज में युद्ध स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। केवल चुनाव के समय बरसाती मेढ़क की तरह टर्र - टर्राने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

इसके लिए हिंदुओं के धर्मगुरुओं को आगे आना चाहिए। आज जो कथावाचकों की सभाओं में जनसैलाब उमड़ता है, उनमें भी अगर जातीय भेदभाव मिटाया जाय तो उससे भी कुछ हद तक इस समस्या का समाधान हो सकता है लेकिन मुख्य तौर ये सामाजिक कार्य है और इसे समाज के स्तर पर जागरूकता लाकर इसे दूर किया जा सकता है। जाति प्रथा एक सामाजिक बुराई है, इसे अच्छी तरह समझना होगा। शहरों में थोड़ी बहुत इसमें सुधार हो रहा है लेकिन गाँव में स्थिति जस के तस बनी हुई है। दरअसल ग्रामीण स्तर पर ही इसको दूर करने की आवश्यकता है। हद तो तब हो जाती है कि जातीय आधार पर खाप पंचायतों का गठन हो जाता है। ये जातीय भेदभाव की पराकाष्ठा है। हिंदुओं में जातीय व्यवस्था दरअसल वर्ण व्यवस्था की देन है। वर्ण व्यवस्था नहीं होती तो कालांतर में जातीय व्यवस्था भी नहीं होती।

दरअसल हम अभी किये कार्यों का दुष्परिणाम भविष्य में क्या होगा, ये हम नहीं जानते हैं। हमें अपना वजूद बनाये रखना है तो हमें जातीय व्यवस्था किसी भी हाल में छोड़नी ही पड़ेगी। जातीय व्यवस्था के साथ साथ हिन्दू धर्म में उपजी कुरीतियों पर भी लगाम लगाने की आवश्यकता है। जबतक हम अपने धर्म की मूल भावना को नही समझेंगे तबतक हम जातीय व्यवस्था में उलझे रहेंगे। हिन्दू धर्म शुरुआत से ही प्रगतिशील रहा है। इस धर्म में कुरीतियां कहाँ से उपजी , ये पता नहीं है। दरअसल पुराणों की रचनाओं के बाद हिन्दू धर्म में कर्मकांड की अवधारणा उत्पन्न हुई और कर्मकांड ही मूल रूप से हिन्दू धर्म में कुरीतियों का जनक रहा है।

वैदिक काल में हिन्दू धर्म मूल रूप से प्रगतिशील था लेकिन कालांतर में इसमें रूढ़िवादिता समाहित हो गई। इसके लिए विशेष तौर एक वर्ग जिम्मेदार रहा। आज वह वर्ग राजनीतिक दलों के रूप में कार्य कर रहे हैं। देश के कुछ राजनीतिक दल जातीय व्यवस्था को बनाये रखना चाहते हैं जिससे उनका वोट बैंक बना रहे। वोट की राजनीति के चलते उनको जातीय भेदभाव बनाये रखना जरूरी है। आज आम जनता को इनके चेहरे से नकाब हटाने की आवश्यकता है। जातीय व्यवस्था हिन्दू धर्म के लिए कोढ़ के समान है। आने वाले समय में हिन्दू धर्म के लिये अभिशाप का कारण बनेगी। इसलिए हम सभी को एकजुट होने की आवश्यकता है।

# कहां तक पहुंची 'बाल अधिकार रक्षक' की वैश्विक मुहिम

डॉ. रमेश ठाकुर

'विश्व बाल दिवस' का 70वां संस्करण आज पूरे संसार में मन रहा है। स्थापना सन् 1954 में हुई थी जो प्रत्येक वर्ष 20 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देने के मकसद से विश्व भर में बच्चों के बीच जागरूकता लाने तथा नौनिहालां की आर्थिक दशा सुधार कल्याण में बदलाव लाने के लिए मनाया जाता है। ये दिवस बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें सुरक्षित वातावरण देना और उनकी शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर केंद्रित होता है। हाल वक्त में, बच्चों पर बढ़ते अत्याचार, बाल श्रम, और शिक्षा की कमी जैसी समस्याओं से मुकाबले के लिए हम सभी को गहरी नींद से जगाने का काम भी करता है ये आज का खास दिन। बाल रक्षा के क्षेत्र में जागरूकता फैलाना किसी एक मुल्क की जिम्मेदारी नहीं, सभी की है। इसलिए सामुहिक प्रयासों से ही थम पाएगी ये समस्या।

विश्व बाल दिवस-2024 की थीम है "हर बच्चे के लिए, हर अधिकार" जो ये सुनिश्चित करने के प्रयासों का आह्वान करता है कि विश्व के सभी बच्चों को उनके मौलिक अधिकार प्राप्त हों, जिसमें शिक्षा, भोजन, आवास, स्वच्छता और हानिकारक काम से सुरक्षा का अधिकार मिले। शुरूआती बाल शिक्षा में अफगानिस्तान जैसे मुल्क बहुत पिछड़ गए हैं। हिंदुस्तान के दूर-दराज क्षेत्रों में भी हालात चिंतनीय हैं। कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न हो, इसके लिए आज सभी को संकल्पित होना चाहिए। भारत में बाल दिवस 14 नवंबर को मनाया जाता है जो पिछले सप्ताह की संपन्न हुआ। भारत में ये दिवस पूर्व प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। तब भी बाल अधिकारों की रक्षा के लिए सभी हिंदुस्तानियों को जागरूक किया जाता है। जबकि, चिंताएं पूरे संसार के बच्चों की कि जाती हैं, चिंताएं करनी भी चाहिए, क्योंकि हालात सभी देशों में एक समान ही हैं। बाल अधिकारों की रक्षा में विश्व का अभियान आज कहां खड़ा है। 'विश्व बाल अधिकार रक्षक अभियान' में कितनी तरक्की हुई और कहां-कहां रहीं खामियां? इन सभी बातां-तथ्यों की समीक्षा करने की सामूहिक रूप से विश्व को जरूरत है। क्योंकि किसी अभियान को 70 वर्ष निरंतर चलते रहना अपने आप में बड़ी बात होती है। सबसे पहले साल 1959 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों पर कन्वेंशन के तौर पर अपनाया। फिर 20 नवंबर को ही बच्चों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की वर्षगांठ हुई। उसके बाद आज के दिन को बाल दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय हुआ। यूनिसेफ जैसे विश्व विख्यात यूनिट बाल कल्याण के क्षेत्र में कई अंतर्राष्ट्रीय संगठन बच्चों के अधिकारों के लिए कार्यरत हैं। बच्चे के मुकम्मल अधिकार सुरक्षित हों, उन्हें उनका अधिकार आसानी से मिले को ध्यान में रखकर ही यूनिसेफ से इस समय 198 देश जुड़े हुए हैं। बाल संरक्षण की दिशा में यूनिसेफ का कार्य सराहनीय है।

विश्व बाल दिवस पूरे संसार में बड़े उत्सव से मनाया जाता है जिसमें बच्चों को ढेर सारा स्नेह, उपहार और लाड-प्यार लोग देते हैं। क्योंकि बच्चे कल के भविष्य हैं और अपने-अपने मुल्क के धरोहर समान भी हैं। पर, दुर्भाग्य ये है कि बच्चों का बचपन मौजूदा वक्त में कोई एक नहीं, बल्कि तमाम सारी किस्म-किस्म की समस्याओं से घिरा पड़ा है। बाल मजदूरी से लेकर बाल तस्करी जैसे कलंक से पूरा संसार आहत है। कोई ऐसा मुल्क नहीं जहां बच्चे रोजाना हजारों की संख्या में गायब न होते हों? यूनिसेफ की माने तो संसार में सालाना 5 लाख से अधिक बच्चे लापता होते हैं। भारत का आंकड़ा तो और भी डरावना है, जहां हर साल करीब 96,000 हजार बच्चे गायब होते हैं। भारत गायब बच्चों खोजने और इस समस्या पर रोक के लिए हर कोशिश कर रहा है। ये समस्या न सिर्फ भारत में रूके, बल्कि समूचा विश्व भी इस चुंगल से बाहर निकले, को ध्यान में रखकर ही आज का विशेष दिवस मनाया जाता है। हालांकि, इस दिशा में उठाए गए ईमानदारी वाले कदम के चलते सफलता मिली हैं। पर, जितनी मिलनी चाहिए उतनी मिली नहीं? तय टारगेट तक कोई देश अभी तक नहीं पहुंच पाया।

पूरे संसार में 'बाल तस्करी' अब वैश्विक समस्या बन चुकी है। इसलिए आज का दिन दुनिया भर के बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए हम सभी को संकल्प लेने पर विवश करता है। नौनिहालों के सुधारों की वकालत और उनके अधिकारों की रक्षा करना, मदद करना और चैरिटी करने की भी प्रेरित करता है। बच्चों के अधिकारों में भेदभाव से मुक्ति, पारिवारिक जीवन का अधिकार और हिंसा से सुरक्षा करने के लिए जागरूक करता है। हालांकि, विगत कुछ वर्षों में बच्चों के अधिकारों को बनाए रखने में विश्व में अच्छी प्रगति हुई है, लेकिन बावजूद इसके कई चुनौतियां अभी भी बहुतेरी बरकरार हैं। इन चुनौतियों में हिंसा, दुर्व्यवहार, शोषण, भेदभाव, ग़रीबी, संघर्ष और ज़रूरी सेवाओं का न मिलना शामिल है। विश्व को मिलकर इन समस्याओं से लड़कर हराना होगा।

# रक्षा करेंगे लेकिन...



डॉ टी महादेव राव

छोटू! वयम रक्षामः यानी हम रक्षा करते हैं यह भारतीय तट रक्षक का घोषवाक्य है जिसे अपनाए हुए हमारे कर्ता धर्ता सदा इसी वाक्य का प्रयोग करते हैं। लेकिन भैया! यह वाक्य आज कल कुछ शर्तें लागू होंगी के छोटे छोटे अक्षरों के साथ उचारा जाता है। वयम रक्षामः कंडीशंस अप्लाई यानी शर्तें लागू होंगीं। वे कौन सी शर्तें होंगी छोटू? निर्भर करता है स्थितियों और परिस्थितियों पर, व्यक्ति के अस्तित्व विवरण पर और हमारी इच्छा पर। मतलब हम चाहेंगे तो बचाएंगे, नहीं चाहेंगे तो नहीं बचाएंगे।

ये क्या बात हुई छोटू? कर्ता धर्ता का मतलब सभी को समान रूप से देखना है, रक्षा करनी है जैसे भारतीय तट रक्षक करते हैं, ईश्वर सब पर समदृष्टि से व्यवहार करते हैं।

कहां हो भैया। त्रेता युग के रामराज में जिन आदर्शों की बातें होती रहीं, अगर आज भी उन्हीं बातों के होने की उम्मीद करोगे तो कैसे चलेगा? माना कि हमने अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण कर लिया लेकिन क्या सभी में राम के गुण और समदर्शिता आ जाएंगी इस कलयुग में?

कर्ता धर्ता तो जनमानस के लिए आदर्श और न्याय प्रस्तुत करते होंगे न? फिर श्रीराम की बात करें तो उन्होंने मरणासन्न रावण के पास जाकर ज्ञान प्राप्त करने के लिए अपने अनुज लक्ष्मण को निर्देश दिए। यह होता है शत्रु या विपक्ष के साथ व्यवहार।

आप त्रेता से बाहर आइए। उसके बाद द्वापर युग भी गया जिसमें कर्मयोगी कृष्ण ने कर्मसिद्धांत बताया। यहां हाथी के दांत खाने के और और दिखाने के और वाली बात है। किस दुर्बल या अपेक्षित व्यक्ति की रक्षा की गई बल्कि अपने साथी चाहे वे कैसे भी हों, पीडक हों, अमानवीय हों, दुराशा भरे लालची हों जिनके रक्षा से अपनी ऊंचाई और शोहरत बढ़ती हो।

लंबे चौड़े भाषण में बहुत कुछ कहा जाता है लेकिन सारा कुछ पालन किया जाए यह केवल मृगतृष्णा है, भ्रम है। जहां विवाद हो, जहां खुद की प्रतिष्ठा पर धूल न पड़े खुद को साफ सुथरा और पवित्र बनाए रखने के लिए जरूरी है कमल के पत्ते पर पानी की बूंद सा बनाए रखने वालों से वयम रक्षामः की उम्मीद सिवाय सपने के क्या हो सकती है?

मतलब यह केवल नारा है? इसका वास्तविकता से कोई लेना देना नहीं।

आप अब भी नहीं समझे तो मैं क्या करूं भैया?





# मकर राशि में होगा शुक्र का प्रवेश

## 5 राशिवालों का शुरू होगा गोल्डन टाइम

ज्योतिष में शुक्र को भौतिक सुख और सुविधाओं का कारक ग्रह माना गया है। शुक्र ग्रह का गोचर 2 दिसंबर को दोपहर में 12 बजकर 5 मिनट पर मकर राशि में होगा। शुक्र मकर राशि में 2 से 28 दिसंबर को रात 11 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। शुक्र के इस राशि परिवर्तन से 5 राशि के जातकों को लाभ ही लाभ होने की उम्मीद है। नई नौकरी, बिजनेस में सफलता, धन लाभ होने की संभावना है। तिरुपति के ज्योतिषाचार्य डॉ। कृष्ण कुमार भार्गव से जानते हैं मकर में शुक्र गोचर का किन राशियों पर शुभ प्रभाव होने वाला है।




**मेष:** शुक्र के राशि परिवर्तन का शुभ प्रभाव मेष राशि के जातकों के जीवन में देखने को मिलेगा। शुक्र देव की कृपा से आपके सुख और धन में बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है। आर्थिक लाभ होने से आपका मन खुश रहेगा। बिजनेस करने वाले लोगों को नए प्रस्ताव मिल सकते हैं, इससे आपकी भविष्य की योजनाएं सफल हो सकती हैं।

बिजनेस से जुड़े लोगों को मुनाफा होगा क्योंकि आपके लिए समय अनुकूल है। नौकरीपेशा लोगों को यात्राओं से लाभ होने की उम्मीद है। 2 दिसंबर से आपकी सामाजिक गतिविधियां बढ़ सकती हैं, इस दौरान आपके यश और कीर्ति में भी वृद्धि हो सकती है।

**वृषभ:** शुक्र गोचर वृषभ राशि के लोगों के लिए शुभ फलदायी है। जो लोग लंबे समय से विदेश जाने का सपना देख रहे हैं, उनके मन की मुराद पूरी हो सकती है। करियर में उन्नति करने का पूरा मौका मिलेगा, आपको बस अवसरों का लाभ लेना होगा।

जो लोग इस समय में कुछ नया काम करना चाहते हैं, उनके लिए 2 दिसंबर से 28 दिसंबर के बीच का समय अनुकूल है। खासकर यह समय व्यापारी वर्ग के लिए अच्छा रहेगा। हालांकि आपकी राशि के लोगों को सुझाव दिया जाता है कि आप वाणी और व्यवहार पर कंट्रोल रखें।

**कन्या:** शुक्र गोचर से कन्या राशि के लोगों को नई नौकरी का अवसर मिल सकता है। यदि आप अपना कोई काम शुरू करना चाहते हैं तो कर लें, यह मौका अच्छा है। सफलता प्राप्त होने की पूरी संभावना है। माता लक्ष्मी की कृपा आप पर होगी, इसलिए धन की कमी नहीं रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

यह समय लव लाइफ के लिए भी अच्छा रहेगा। आप पार्टनर के साथ घूमने जा सकते हैं। रिश्ता मधुर रहेगा। आपकी सेहत उत्तम रहेगी। हालांकि आपको बदलते मौसम में स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**तुला:** शुक्र के राशि परिवर्तन का लाभ तुला राशि के लोगों को भी देखने को मिलेगा। जो लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं, उनको खुशखबरी मिल सकती है। नौकरीपेशा लोगों के लिए प्रमोशन का योग बन रहा है।

आपका पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। परिवार में खुशहाली रहेगी। दांपत्य जीवन में खुशहाल रहेगा। बिजनेस से जुड़े लोगों को धन लाभ होगा। ईश्वर की कृपा से आपकी सेहत सही रहेगी।

**मकर:** शुक्र का गोचर आपकी ही राशि में होगा। आपके करियर के लिए यह गोल्डन टाइम हो सकता है। इस दौरान आपको पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करना चाहिए, इससे आपको कोई नया पद प्राप्त हो सकता है।

जो लोग अपना काम करते हैं, वे अपने प्रयासों को जारी रखें, मन मुताबिक सफलता प्राप्त हो सकती है। यात्रा का योग है, इससे आपको फायदा मिल सकता है।

---

अंक ज्योतिष के आधार पर व्यक्ति के भविष्य और स्वभाव को जानने की कोशिश की जाती है। ज्योतिष शास्त्र में मूलांक के आधार पर आपके बारे में बताया जाता है। मूलांक आपके जन्म का अंक होता है। अगर आपका जन्म 12 तारीख को हुआ है तो इसका मूलांक 3 होगा यानी 1 और 2 को जोड़ने के बाद वाला निकला अंक आपका मूलांक होगा। आज की खबर में हम उन मूलांक के बारे में जानेंगे जो पढ़ने में काफी तेज होते हैं।

मूलांक 3 वाले बच्चे पढ़ने में बहुत अच्छे होते हैं। मूलांक 3 यानी जिनका जन्म 3, 12, 21 और 30 को हुआ हो। मूलांक 3 में पैदा हुए बच्चों की बुद्धि और उनकी मेमोरी यादी याद करने की क्षमता बहुत मजबूत होती है। मूलाक 3 वाले बच्चे बहुत क्रिएटीव होते हैं। उनकी कल्पना शक्ति बहुत मजबूत होती है, जिससे वे पढ़ाई में नए और रचनात्मक विचारों को लाते हैं। इनकी बातचीत करने की शैली काफी अच्छी होती है, जिससे लोग काफी अट्रैक्ट भी हो जाते हैं। इनमें किसी भी चीज को पूरा करने का आत्मविश्वास होता है।




मूलांक 5 और 7 वाले भी होते हैं होशियार

मूलांक 3 के अलावा 5 और 7 में जन्में बच्चे भी बहुत होशियार होते हैं। मूलांक 5 में जन्में बच्चे भी पढ़ने में काफी तेज होते हैं। मूलांक 5 यानी जिनका जन्म 5,14 और 23 को हुआ हो। मूलांक 5 वाले लोग बहुत तेजी से सीखने वाले होते हैं। वहीं मूलांक 7 यानी जिनका जन्म 7, 16 और 25 होता है, ये सभी रिसर्च में कमाल करते हैं और हाइयर स्टडीज में कमाल करते हैं। 7 मूलांक वालों का फ्यूचर अक्सर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, और गणित जैसे क्षेत्रों में सफल रहता है।

---

# किस दिशा में है आपके घर का मेन गेट? वास्तु के अनुसार जानें



वास्तु के अनुसार कई कारणों से आपके घर में वास्तु दोष उत्पन्न हो सकता है। घर में रखी हुई चीजें, खिड़कियों और दरवाजे की दिशा भी आपके घर पर और घर के लोगों पर अच्छा-बुरा प्रभाव डालती है। खासकर आपके घर के मुख्य दरवाजे की दिशा को देखकर आपके जीवन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें पता चलती हैं। ऐसे में आज हम आपको बताने वाले हैं कि, अलग-अलग दिशा में बना घर का मुख्य द्वार कैसे आपके जीवन को प्रभावित करता है, और किस दिशा में मुख्य दरवाजे का होना शुभ और अशुभ होता है।

### पूर्व दिशा में मुख्य दरवाजा

इस दिशा से ही सूर्य देव उगते हैं, इसलिए वास्तु में इस दिशा को बेहद शुभ माना जाता है। इस दिशा में अगर आपके घर का दरवाजा है तो आपके जीवन पर इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। सूर्य की ही तरह आपकी किस्मत भी चमकेगी और आपको समय-समय पर भाग्य का साथ मिलेगा। वास्तु की मानें तो इस दिशा में घर का दरवाजा होने से सूर्य के उगते ही प्रकाश आपके मुख्य दरवाजे पर पड़ता है जिससे घर से नकारात्मकता दूर होती है। इस दिशा में घर का दरवाजा होने से घर के सदस्यों में आध्यात्मिक ऊर्जा भी बढ़ती है। पूर्व दिशा में दरवाजा होने से घर के लोगों का आत्मविश्वास प्रबल रहता है और उन्हें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता मिलती है। इसलिए घर का दरवाजा पूर्व दिशा में होना शुभ माना जाता है।

### उत्तर दिशा में मुख्य दरवाजा

घर का मुख्य द्वार अगर उत्तर दिशा में हो तो इसे भी शुभ माना जाता है। यह देवताओं की दिशा मानी जाती है और इस दिशा में बना मुख्य दरवाजा आपके घर में सुख-समृद्धि लाने वाला माना जाता है। जिन लोगों का मेन गेट उत्तर दिशा में होता है, उन्हें यात्राएं करने का भी खूब मौका मिलता है और यात्राओं से इन्हें लाभ भी होता है। इस दिशा में मुख्य द्वार होने से आपकी बौद्धिक क्षमता भी बढ़ती है और आप विवेकशील बनते हैं। वास्तु में इस दिशा में आप मेन गेट बना सकते हैं।

### पश्चिम दिशा में मुख्य दरवाजा

इस दिशा में मुख्य द्वार का होना आपको मिलेजुले फल प्रदान करता है। आपको करियर-कारोबार के क्षेत्र में सफलता अर्जित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है, लेकिन सफलता की सीढ़ियां आप अवश्य छूते हैं। धीरे-धीरे ही सही लेकिन आप जीवन में धन, पद, प्रतिष्ठा अवश्य प्राप्त करते हैं। इस दिशा में घर का मुख्य द्वार होने से कई खतरे आपके ऊपर से टल जाते हैं। ऐसे लोग सफल होने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखते।

### उत्तर दिशा में मुख्य दरवाजा

अगर आपके घर का मुख्य दरवाजा दक्षिण दिशा में है तो इसे शुभ नहीं माना जाता है। यह दिशा वास्तु में यम की मानी गयी है। इस दिशा में घर का मुख्य दरवाजा होने से व्यक्ति का बार-बार नुकसान हो सकता है और बनते काम भी बिगड़ सकते हैं। घर की मुखिया के जीवन में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहती है। ऐसे लोगों के जीवन में भय बना रहता है, किसी न किसी वजह से चिंतित हो सकते हैं। वास्तु के अनुसार, इसलिए गलती से भी इस दिशा में घर का मुख्य दरवाजा नहीं बनाना चाहिए। लेकिन इस दिशा में अगर आपने घर का मुख्य दरवाजा बना लिया है, तो उपाय के तौर पर घर के मुख्य द्वार के ऊपर पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर आपको लगा देनी चाहिए, इससे कई परेशानियों से आप बच सकते हैं।

---

# किस्मत नहीं दे रही साथ तो इस उंगली में पहनें कछुए की अंगूठी



वास्तु शास्त्र की तरह ही फेंगशुई टिप्स भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है और घर व ऑफिस में इसका काफी उपयोग किया जाता है। फेंगशुई में बताए गए प्रोडक्ट्स शोपीस की तरह होते हैं और इनका उपयोग आमतौर पर सजावट के लिए किया जाता है। लेकिन सही जगह पर रखे गए ये प्रोडक्ट्स आपकी किस्मत बदल सकते हैं। फेंगशुई में सबसे ज्यादा उपयोग होने वाली चीजें लाफिंग बुद्धा, तीन टांगों वाला मेढ़क, क्रिस्टल प्लांट, क्रिस्टल कछुआ और कछुए की अंगूठी शामिल हैं। कछुए की अंगूठी का उपयोग लोग फैशन के लिए भी करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सही तरह से उपयोग की गई यह अंगूठी आपके दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदल सकती है। आइए जानते हैं कछुए की अंगूठी पहनने के नियम और इसके फायदे।

कछुए की अंगूठी पहनने के नियम

फेंगशुई के अनुसार कछुए की अंगूठी केवल चांदी की धातू में ही बनी हुई होनी चाहिए। तभी यह शुभ फल प्रदान करती है।

कछुए की अंगूठी दाएं हाथ में पहनी जाती है। इसे भूलकर भी बाएं हाथ में इस अंगूठी को नहीं पहनना चाहिए।

अगर आप कछुए की अंगूठी से लाभ पाना चाहते हैं तो इसे दाएं हाथ की तर्जनी या बीच यानि मध्यमा उंगली में धारण करें।

फेंगशुई के अनुसार कछुए की अंगूठी पहनते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि कछुए का सिर हमेशा बाहर की तरफ होना चाहिए।

### कछुए की अंगूठी पहनने के फायदे

फेंगशुई के अनुसार कछुए की अंगूठी पहनने से घर में आ रही निगेटिविटी दूर होती है और पॉजिटिविटी आती है।

कछुए को शांति और धैर्य का प्रतीक माना गया है और कहते हैं कि इस अंगूठी को पहनने से व्यक्ति के जीवन में शांति बनी रहती है।

कछुए की अंगूठ को धन को आर्कषित करती है और इसे पहनने से जीवन में आ रही धन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं।

---

# इस नक्षत्र में जन्मे लोग बनते हैं बड़े अधिकारी या कवि, राजा जैसा जीते जीवन!



पुष्य नक्षत्र में जन्म लेने वाले व्यक्ति जीवन में खूब तरक्की करते हैं, लेकिन इसमें इनकी मेहनत और लगनशीलता का बड़ा योगदान होता है। बचपन में किये गये संघर्ष के कारण कम उम्र में ही दुनियादारी और जीवन के उद्देश्यों को समझ जाते हैं। इस नक्षत्र का प्रभाव कर्क राशि वालों पर देखा जाता है क्योंकि इसके चारों चरण कर्क राशि में होते हैं।

कर्क राशि का स्वामी चन्द्रमा होने के कारण इस नक्षत्र के व्यक्तियों का मन चंचल होता है। घूमना-फिरना इन्हें काफी पसंद होता है। विपरीत लिंग के व्यक्तियों के प्रति इनमें विशेष लगाव होता है। दांपत्य जीवन आमतौर इनका सुखद होता है क्योंकि जीवनसाथी को आदर और सम्मान देते हैं।

आर्थिक मामलों में इनका हाथ सख्त होता है, धन खर्च करने से पहले काफी सोच-विचार करते हैं, लेकिन कोई इनके पास मदद की आस लिये आता है, तब व्यक्तिगत लाभ कि परवाह किये बिना सहायता करते हैं।

सामाजिक कार्यों में इनकी विशेष रूचि होती है। कमज़ोर और जरूरतमंदों की सहायता में यह सदैव आगे रहते हैं। इनके जीवन में न्याय और सत्य का बड़ा महत्व होता है। इन्हें एक स्थान और एक स्थिति में लंबे समय तक टिके रहना पसंद नहीं होता है। जीवन का तीसरा भाग अधिक सुखमय होता है क्योंकि जवानी में खूब मेहनत करते हैं और धन कमाते हैं।

इस नक्षत्र में उत्पन्न स्त्रियां भी बहुत ही लजीली, शर्मीली और धीमे स्वर में वार्तालाप करने वाली होती हैं। दांपत्य जीवन में ऐसी स्त्रियों को कभी-कभी पति के संदेह का सामना करना पड़ सकता है।

पुष्य नक्षत्र के लिए उपयुक्त प्रोफेशन

इस नक्षत्र में जन्म लेने वाले लोगों को जीवन में काफी मान-सम्मान मिलता है। ये एक अच्छे लेखक, कवि, दार्शनिक, साहित्यकार, अधिकारी, मंत्री, राजा, तकनीकी मस्तिष्क वाले पेशे में सफल हो सकते हैं।

पुष्य नक्षत्र में जन्म लेने वालों का स्वास्थ्य इन्हें जीवन में आलस्य को त्यागने और उत्साहपूर्ण जीवन जीने की जरूरत होती है। महिलाओं की बात करें तो उन्हें 20 साल की उम्र तक कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इन्हें त्वचा से जुड़ी छोटी-मोटी समस्याएं होती रहती हैं।

बड़े खिलाड़ी या अधिकारी बनते हैं इस नक्षत्र में पैदा हुए लोग, ग्रह खराब हों तो बन सकते हैं शराबी, जानें इसके उपाय !

पुष्य नक्षत्र से जुड़े कुछ उपाय

पुष्य नक्षत्र में भगवान गणेश, भगवान विष्णु, और महालक्ष्मी की पूजा करें।

इस दिन शनिदेव की भी पूजा करें, क्योंकि पुष्य नक्षत्र का स्वामी शनि को माना जाता है।

गुरुवार को पुष्य नक्षत्र होने पर देवगुरु बृहस्पति की भी पूजा करें।

गुरु पुष्य योग में जरूरतमंद लोगों को दान करें।

इस दिन कनकधारा स्तोत्र का पाठ करें।

गुरु पुष्य योग में चांदी का लक्ष्मी यंत्र या चांदी से बना कोई चौकोर टुकड़ा खरीदकर उसकी पूजा करें।

पुष्य नक्षत्र में दाल, चावल, खिचड़ी, बेसन, कढ़ी, बूंदी की लड्डू वगैरह का सेवन करें।

इस दिन किसी भी नए मंत्र की जाप की शुरुआत करें।

पुष्य नक्षत्र में शाम के समय मां लक्ष्मी की पूजा करें।

तिजोरी में हमेशा 10-10 के नोटों की गड्डी और कुछ पीतल-तांबे के सिक्के रखें।

तिजोरी को ऐसी जगह रखें, जिससे उसका दरवाज़ा उत्तर दिशा में खुले।

---

# गलती से भी किसी की हथेली पर नहीं रखनी चाहिए ये चीजें

## चुटकियों में चली जाती है घर की सारी बरकत

अक्सर हम जाने-अनजाने कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जिनकी वजह से भविष्य में काफी नुकसान झेलना पड़ता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कुछ गलतियां आपको कंगाल कर सकती हैं।

### ज्योतिष शास्त्र के टिप्स

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मनुष्य को कुछ कामों को करने की मनाही हैं क्योंकि गलती से भी किए गए ये काम आपको भारी परेशानी में डाल सकते हैं। यहां तक कि एक छोटी सी गलती की वजह से आपको मां लक्ष्मी की नाराजगी का भी सामना करना पड़ सकता है। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक कुछ ऐसी चीजें हैं जो कभी किसी को हाथ में नहीं देनी चाहिए। इसकी वजह से आपकी बरकत में रूकावट आ सकती है।





### नमक

ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि गलती से भी कभी नमक किसी के हाथ में नहीं देना चाहिए। इसे अशुभ माना जाता है और ऐसा करने से आप किसी झगड़े में फंस सकते हैं। इसलिए नमक हमेशा किसी कटोरी में ही देना चाहिए।

### रोटी

कई बार लोग खाना परोसते समय रोटी हाथ में लेकर सर्व करते हैं जो कि धर्म शास्त्रों के अनुसार गलत है। इसकी वजह से आपको धनसम्पत्ति से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।







### पानी

इसके अलावा अगर आप किसी को अंजुलि में पानी पीने के लिए देते हैं तो समझ जाइए कि आपके जीवन में धन की कमी होने वाली है। क्योंकि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ऐसा करना अशुभ होता है और इससे धन व पुण्य दोनों की हानि होती है।

### मिर्च


जब कोई व्यक्ति आपसे मिर्च मांगता है तो उसे कटोरी या प्लेट में मिर्च रखकर दें। क्योंकि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सीधे हाथ में मिर्च देने से आपसी लड़ाई झगड़े और कलेश बढ़ते हैं।

### रुमाल

जब कोई आपसे रुमाल मांगता है तो उसके हाथ में रुमाल ने दें, बल्कि कहीं रख दें और वहां दे उठाने के लिए बोलें। हाथ से रुमाल देते हैं हैं आपको धन संबधी नुकसान झेलना पड़ सकता है।

---

# ऐसी 3 आदतों वाले लोग होते हैं पापी आज ही छोड़ दें ये काम




महाभारत काल का हर एक किरदार अपना खास महत्व रखता है। कौरवों और पांडवों के बीच हुए इस धर्म युद्ध में कुछ लोग ऐसे भी जिन्होंने इस युद्ध को रोकने का काफी प्रयास किया। इनमें हस्तिनापुर के महामंत्री विदुर भी थे जो कि राजगद्दी का साथ देते हुए पांडवों व कौरवों का हित चाहते थे। विदुर को इतिहास में एक अनुशासन प्रिय व न्याय प्रिय व्यक्ति के तौर पर जाना जाता है। विदुर की नीतियां राज्य के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित हुईं और इसलिए आज भी लोग विदुर नीति का अनुसरण करते हैं। विदुर नीति में लोगों को सही व गलत का फर्क बताया गया है। साथ ही विदुर नीति लोगों को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। विदुर नीति के अनुसार लोगों की कुछ आदतें उन्हें पापी बना देती हैं, इसलिए इन आदतों से दूर रहना चाहिए। आइए जानते हैं विदुर नीति के अनुसार कौन-सी गलत आदतों के चलते लोगों को नर्क का सामना करना पड़ सकता है।

### ये 3 आदतें बना देती हैं पापी

महात्मा विदुर के अनुसार, जो लोग किसी दूसरे के धन पर नजर रखते हैं या किसी और के धन को हड़प लेते हैं वे तरक्की तो कर सकते हैं लेकिन भविष्य में उन्हें दोगुनी कीमत चुकानी पड़ती है। ऐसे में किसी के धन को अपना धन नहीं समझना चाहिए।

जो लोग गलत संगत में पड़ जाते हैं या जो लोग धर्म से संबंधित चीजों को शक की नजर से देखते हैं वे निश्चित ही अधर्मी होते हैं। इससे अलग जो लोग दूसरों को जरूरत के समय में अकेला छोड़ देते हैं वे भी मजबूरी के समय में हमेशा रह जाते हैं।

विदुर नीति में बताया गया है कि यदि किसी व्यक्ति में काम, क्रोध और लोभ ये तीनों अवगुण होते हैं तो इससे उसके व्यक्तित्व और आत्मा दोनों का नाश हो सकता है।

# वह बेहोश करके मेरा 'फायदा' उठाना चाहता था : रश्मि देसाई



रश्मि देसाई ने हाल ही में कास्टिंग काऊच को लेकर बात की। उसने कहा कि करियर की शुरूआत में उसे कास्टिंग काऊच का सामना करना पड़ा था। जब यह घटना घटी, तो वह केवल 16 साल की थी। उसने कहा, ₹दुर्भाग्यवश मुझे इस तरह का अनुभव करना पड़ा था और मैंने कई बार इस बारे में खुल कर भी बात की है।

**ऑडिशन के नाम पर फायदा उठाने की कोशिश**

रश्मि ने बताया, इंटरनैट पर पहले ही ऐसी कई कहानियां भरी पड़ी हैं। मुझे याद है कि एक दिन ऑडिशन के लिए मुझे बुलाया गया था। मैं बहुत ज्यादा एक्साइटेड थी। मैं पहुंच गई, लेकिन वहां सिर्फ एक शख्स के अलावा कोई नहीं था। वहां कोई कैमरा भी नहीं था। उसने मेरी ड्रिंक में नशीली दवा पिलाकर मुझे बेहोश करने की पूरी कोशिश की। मैं कहती रही कि मुझे यह सब नहीं करना है लेकिन वह मेरे दिमाग को कंट्रोल में करना चाहता था। जैसे-तैसे मैं किसी तरह वहां से निकली और घर आकर मां को सब कुछ बता दिया।

मां ने तमाचा मारकर सबक सिखाया रश्मि ने आगे बताया, मुझे याद है कि अगले दिन, मैं अपनी मां के साथ उस शख्स से मिलने गई और मेरी मां ने उसे एक तमाचा मारा, ताकि उसे सबक सिखाया जा सके। कास्टिंग काऊच एक हकीकत है लेकिन हर इंडस्ट्री में अच्छे और बुरे लोग होते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे कुछ शानदार लोगों के साथ काम करने का मौका मिला, जिनके साथ मेरा वर्क एक्सपीरियंस काफी अच्छा रहा।भगवान ने मेरी मदद की।

**इन शो में आ चुकी है नजर**

रश्मि ने सबसे पहले 'उतरन' सीरियल में तपस्या के किरदार से लाखों दिलों में अपनी जगह बनाई। इसके बाद उसने 'दिलसे दिल तक' जैसे कई टी.वी. शोज में काम किया और अब उसने फिल्मों की ओर रुख किया है।

उसने कई भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है, जिनमें 'बलमा बड़ा नादान', 'माई रे करके बिदाई हमार', 'कब होई गौना हमार', 'तुलसी', 'सुहागन बना दे सजना हमार', 'नदिया के तीर', 'दूल्हा बाबू', 'बंधन टूटे ना', 'कंगना खनके पिया के अंगना', 'तोसे प्यार बा' जैसी फिल्में शामिल हैं। इतना ही नहीं, वह ओ.टी.टी. पर भी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी है। वह 'रात्री के यात्री 2' जैसी बोल्ड सीरीज का हिस्सा रह चुकी है।अगली फिल्में : रश्मि जल्द ही हिन्दी फिल्म 'मिशन लैला', 'हिसाब बराबर 'में नजर आएगी। इसके अलावा, रश्मि एक गुजराती फिल्म 'मॉम ताने नै समझे' की शूटिंग कर रही है। वह पंजाबी फिल्म 'चम्बे दी बूटी' पर भी काम कर रही है।

**रश्मि की पर्सनल लाइफ भी विवादों में रही**

वह रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' में भी नजर आई, जहां उसने अपनी निजी जिंदगी और विवादों के कारण खूब सुर्खियां बटोरीं। उसका व्यक्तिगत जीवन भी उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उसने 2012 में अपने लोकप्रिय टी.वी. शो 'उतरन' के को-स्टार नंदीश संधु से शादी की लेकिन चार साल बाद ही उसका तलाक हो गया।

रश्मि ने बताया था कि तलाक के बाद उसने बहुत बुरे दिन देखे। उसने कहा, मैं 4 दिन सड़कों पर रही थी। मेरे पास 'ऑडी ए6' कार थी, जिसमें मैं सोती थी। मेरे मैनेजर के पास मेरे घर का सारा सामान रखा हुआ था। मैं अपने परिवार से अलग हो गई थी। इस दौरान मैं 20 रुपए के खाने पर जीवित रही।

## ईशा कोप्पिकर ने टिम्मी नारंग से तलाक को लेकर कही बडी बात

'कांटे', 'कम्पनी', 'कयामत' जैसी कई बॉलीवुड फिल्मों के अलावा तमिल, कन्नड़, तेलुगु व मराठी फिल्मों में काम कर चुकी ईशा कोप्पिकर ने हाल ही में टिम्मी नारंग से लिए तलाक को लेकर बात की है। ईशा ने टिम्मी से नवम्बर 2023 में तलाक ले लिया।



शादी के 14 साल बाद तलाक लेने के इस निर्णय को ईशा ने कठिन बताया है। उसने कहा कि उसे लगता था कि टिम्मी उससे अलग होना चाहता है इसलिए उसने भी एक कदम पीछे ले लिया। ईशा ने कहा कि वह बस एक बात से परेशान थी क्योंकि उसे यह गैर जिम्मेदाराना लगा क्योंकि वह नहीं जानती थी कि उसकी बेटी रिआना इसे स्वीकार पाएगी या नहीं। ईशा ने कहा कि वह ठीक से बता नहीं सकती कि क्या गलत हुआ लेकिन उसे लगा कि बस दोनों कुछ अलग हो गए थे। वह जो सबसे अच्छा कर सकती थी, उसने वही किया। ईशा 'जिओ और जीने दो' के सिद्धांत पर विश्वास करती है।

उसने कहा, यह बहुत गैर जिम्मेदाराना था क्योंकि मैं चाहती थी कि रिआना को इस बारे में धीरे-धीरे बताया जाए। मैं इस मुद्दे को अलग तरीके से उसके सामने लाना चाहती थी, लेकिन इससे पहले ही उसने इस बारे में बात कर दी। बाद में टिम्मी को भी इस बात का एहसास हुआ और उसने इस बारे में माफी भी मांगी। ईशा फिल्म इंडस्ट्री में लौट आई है। उसने बताया कि लोग उसके काम जारी रखने की बात को नहीं जानते थे। सभी का मानना है कि अगर कोई अभिनेत्री किसी बिजनैसमैन से शादी कर लेती है, तो वह काम नहीं करना चाहती।

## विश्वास नहीं होता 'मां' बन चुकी हूं : यामी गौतम

यामी गौतम ने फिल्म इंडस्ट्री को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं, लेकिन इन दिनों वह अपने बेटे संग मातृत्व अनुभव का पूरा आनंद ले रही है। अपने पहले बच्चे के जन्म के करीब 6 महीने बाद यामी ने पहली बार इसके बारे में बात की है। यामी ने कहा, मुझे अभी भी कई बार विश्वास नहीं होता है कि मैं एक मां बन चुकी हूं। खासकर तब जब मैं किसी और से बात करते हुए वेदविद को अपना बेटा बुलाती हूं। यही वक्त होता है जब आप यह बात जोर से सभी के सामने रखते हो।



उसके अनुसार बच्चा हो जाने के बाद से उसकी जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी है।

उसने कहा, मुझे बहुत अच्छे से याद है कि अस्पताल से जिस दिन मैं घर पर आई थी, सभी मेरे बच्चे को देखने के लिए बेकरार थे, जैसा कि हर परिवार में होता ही है। मैं एक पल के लिए आदित्य (पति) के साथ बैठी थी और मैंने उनको कहा कि मेरी इस पल के पहले की जिंदगी मुझे धुंधली-सी नजर आ रही है। आप सिर्फ एक बच्चे को जन्म नहीं देते, बल्कि खुद को भी एक नया जन्म देते हो। यामी ने बताया कि इमोशनल से लेकर फिजिकली और दिमागी तौर पर भी काफी कुछ बदल गया है। आप कितनी भी पढ़ाई कर लो लेकिन आपके बच्चे के जन्म के लिए वह कोई सीख नहीं दे सकती। वह रोजाना अपने बेटे से कुछ न कुछ नया सीखती है। यामी ने अपने बच्चे और पति आदित्य धर के कनैक्शन को लेकर बताया, आदित्य बहुत अच्छे पिता हैं और वेदविद उनसे बहुत प्यार करता है। आदित्य को देख कर वह एकदम खिल उठता है।

# सलमान मेरे 'दिल' में रहते हैं : यूलिया वंतूर

पिछले कुछ सालों से अफवाह है कि यूलिया वंतूर और सलमान खान एक- दूसरे के काफी 'करीब' हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को पब्लिक नहीं किया है लेकिन यूलिया को अक्सर सलमान और उसके परिवार के साथ देखा जाता है। उसका खान परिवार के साथ करीबी रिश्ता है। हाल ही में इस गायिका ने सबके सामने यह कुबूल किया है कि सलमान खान उसके दिल में रहता है।

यूलिया ने एक इवेंट में हिस्सा लिया जिसमें किन्ही वजहों से सलमान खान शामिल नहीं हो पाया। जब यूलिया से पूछा गया कि क्या वह इस मौके पर सलमान खान को मिस कर रही है, तो उसने कहा, वह मेरे दिल में रहते हैं, मैं उन्हें कैसे मिस कर सकती हूं?





वहीं पिछले दिनों यूलिया के जन्मदिन पर सलमान से उसकी नजदीकियों ने सबका ध्यान खींचा था। इस सैलिब्रेशन से कुछ तस्वीरें वायरल हुई थीं जिनमें यूलिया बड़े प्यार से सलमान खान के कंधे पर हाथ रखे नजर आ रही थी।

गत दिनों एक इंटरव्यू में यूलिया ने सलमान को अपना सपोर्ट सिस्टम बताते हुए कहा था कि सलमान खान ने ही उसे सिंगिंग में अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया था। सलमान इन दिनों 'बिग बॉस 18' होस्ट कर रहा है, जबकि यूलिया वैब सीरीज 'सिटाडेल हनी बनी' में इस्तेमाल किए गए अपने गीत 'रात बाकी' को लेकर चर्चा में है।

# जिंदगी में कुछ भी 'मुफ्त' नहीं मिलता : नोरा फतेही

**जब मैं कनाडा से मुंबई आई तो केवल 22 साल की थी और अगर आज कोई मेरे पास काम लेकर आता है तो मैं उससे पूछती हूं कि तुम मुझे काम क्यों ऑफर कर रहे हो**



सन 2013 में फिल्म 'रोर टाइगर्स ऑफ द सुंदरबन्स' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली नोरा फतेही को बॉलीवुड की सबसे बेहतरीन डांसर माना जाता है, जिसके नाम कई हिट डांस नम्बर हैं, जिनमें 'ओ साकी साकी', 'जालिम', 'एक तो कम जिंदगानी', 'गर्मी', 'कमरिया', 'माणिके', 'दिलबर' प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसी वर्ष फिल्म 'मडगांव एक्सप्रैस' में लीड रोल में नजर आई नोरा जल्द ही ओ.टी.टी. पर रिलीज होने जा रही रोमांटिक वैब सीरीज 'द रॉयल्स' में अभिनय करेगी। वह 'डांसिंग डैड' नामक फिल्म का भी हिस्सा है और इन दिनों वह पैन इंडिया फिल्म 'मटका' में नजर आ रही है।

आज नोरा किसी परिचय की मोहताज नहीं है,लेकिन उसके लिए यह सफर इतना आसान नहीं था और यहां तक पहुंचने में उसे कई सारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। नोरा ने अपने करियर के शुरूआती दिनों को याद करते हुए बताया कि कैसे लोग उसे कैटरीना कैफ बनाने की बात करते थे और बदले में उससे समझौता करने को कहते थे।

नोरा कहा, जब मैं कनाडा से मुंबई आई तो केवल 22 साल की थी और अगर आज कोई मेरे पास काम लेकर आता है तो मैं उससे पूछती हूं कि तुम मुझे काम क्यों ऑफर कर रहे हो, तुम्हें मुझसे क्या चाहिए क्योंकि मैं अब जानती हूं कि कोई भी किसी के लिए मुफ्त में कुछ नहीं करता, लेकिन तब मेरी सोच ऐसी नहीं थी।

नोरा ने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया, उन दिनों मेरे पास कोई आता तो मैं सोचती कि इसे भगवान ने मेरे लिए भेजा है। मैंने अपने करियर की शुरूआत में कई सारे बेवकूफ लोगों को फॉलो किया है और उनमें से कई लोगों ने मुझसे सीधे फेवर मांगा। साथ ही कई लोगों ने यहां तक पूछा कि मैं तुम्हें बॉलीवुड की अगली कैटरीना कैफ बना दूंगा, लेकिन इसके बदले मुझे क्या मिलेगा?

मानसिक तौर पर परेशान हो गई थी उसने बताया, उस दौरान मैं पूरी तरह से मानसिक तौर पर परेशान हो गई थी और मुझे थैरेपी भी लेनी पड़ी थी। नोरा को अपने करियर के शुरूआती दौर के वक्त से कई सीख भी मिलीं। उसने लोगों को सलाह दी कि भले ही सफलता मिलने में देरी हो रही हो, मन में निराशा का भाव कभी नहीं लाना और खुद को हमेशा पॉजिटिव रखना है।

**हनी सिंह ने की तारीफ**

नोरा और यो यो हनी सिंह इन दिनों डांस नम्बर 'पायल' में नजर आ रहे हैं। हनी सिंह ने बताया कि इस म्यूजिक वीडियो को -3 डिग्री सैल्सियस के तापमान में फिल्माया है। उसने नोरा की लगन की तारीफ करते हुए कहा, जबकि दूसरी डांसर, यहां तक कि यूरोप की डांसर भी इस ठंड में परफॉर्म करने से मना कर रही थीं, नोरा फिर भी शूटिंग के लिए उत्सुक थीं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। 'पायल' के म्यूजिक वीडियो में बहुत मेहनत की गई है, जिसमें एकमात्र, 'बेहद मेहनती' और 'दिग्गज' नोरा फतेही हैं।

## जाह्नवी-सारा-अनन्या जैसी नहीं दिखना चाहती

कनाडाई मूल की इस डांसर, जो हमेशा बॉलीवुड में अपने अनुभवों के बारे में बेबाकी से बोलती आ रही है, ने बताया कि जब इंडस्ट्री में स्टाइलिंग की बात आती है तो उसे अपने सुझाव सामने रखने पड़ते हैं। उसने बताया कि भारत में लंबे समय तक काम करने के बाद, वह अपने स्टाइलिस्टों से बात कर सकती है और कह सकती है कि वे उसे अनन्या पांडे, जाह्नवी कपूर और सारा अली खान की तरह कपड़े न पहनाएं, क्योंकि उसका बॉडी स्टाइल अलग है। उनके लिए उसका यह तर्क समझना अक्सर मुश्किल हो जाता है, लेकिन आखिरकार वे मान जाते हैं।

**चोट लगने पर भी पूरा किया काम**

इन दिनों नोरा फतेही साऊथ के बड़े स्टार वरुपण तेज के साथ फिल्म 'मटका' में नजर आ रही है, जो तेलुगु के साथ-साथ हिन्दी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में एक साथ रिलीज हुई है।

फिल्म 'मटका' मिलने पर उसका क्या रिएक्शन था, पर वह कहती है, मैं बहुत खुश थी। में सात साल से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रही हूं। कई गानों पर परफॉर्म कर चुकी हूं। पहली बार जूनियर एन.टी.आर. की फिल्म 'टेम्पर' में सॉन्ग पर परफॉर्म किया था। वरुण तेज की भी फिल्म में सॉन्ग कर चुकी हूं। तभी मैंने वरुण से कहा था कि सिर्फ इसलिए गाना कर रही है, क्योंकि मुझे एक्टिंग करनी है। अब देखिए उनकी फिल्म में काम करने का मौका मिला। फिल्म की शूटिंग के दौरान पेश आई कठिनाइयों के बारे में उसने कहा, इस फिल्म में मेरे लिए सबसे ज्यादा मुश्किल तेलुगु मेंबात करना था। डायरेक्टर ने मेरे किरदार और भाषा पर बहुत मेहनत की। पहले दिन का शूट वरुण के साथ था। डायलॉग इतने लंबे थे कि मैं रात भर सो नहीं सकी। रात भर यह सोचकर परेशान थी कि इतने लंबे डायलॉग्स कैसे बोल पाऊंगी। मुझे लग रहा था कि पागल हो जाऊंगी। जब सैट पर पहुंची तो वरुपा ने मुझे बहुत ही सहज फील कराया।

मैंने इस फिल्म के लिए बहुत मेहनत की है। फिल्म में मेरे किरदार की एंट्री एक सॉन्ग से होती है। उस सॉन्ग की शूटिंग के दौरान मुझे चोट लग गई थी, लेकिन शूटिंग 5 दिन में खत्म करनी थी, इसलिए मैंने दर्द की परवाह किए बगैर फिल्म के गाने की शूटिंग की। उसके बाद मैंने एक महीने तक किसी भी फिल्म की शूटिंग नहीं की थी।। एक एक्ट्रेस के रूप में काम करना मेरे लिए इस फिल्म में एक अलग ही अनुभव रहा।





# विलेन बनते ही पलटी फ्लॉप हीरो की किस्मत वजन बढ़ने से थे परेशान, अब जिम में बहा रहे पसीना





बॉलीवुड स्टार अर्जुन कपूर बीते दिनों अपनी फिल्म 'सिंघम अगेन' में खलनायकी को लेकर खूब सराहे गए। लंबे समय से बतौर हीरो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो रहे अर्जुन कपूर के विलेन बनते ही उनका करियर पटरी पर आ गया। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अर्जुन कपूर ने बताया था कि बीते कुछ समय से वजन बढ़ने की समस्या को लेकर परेशान हैं। अब इस समस्या से अर्जुन कपूर सीधे-सीधे निपटने के लिए तैयार हो गए हैं। अर्जुन कपूर अब जिम में खूब पसीना भी बहा रहे हैं। अर्जुन ने अपने वर्कआउट सेशन की तस्वीरें भी फैन्स के साथ शेयर की हैं।

**जिम में खूब पसीना बहा रहे अर्जुन कपूर**

अर्जुन कपूर का करियर एक बार फिर से पटरी पर लौट आया है। अपनी फिल्म सिंघम अगेन की बॉक्स ऑफिस सफलता के बाद अर्जुन कपूर काफी खुश भी हैं। बीते कुछ समय से परेशान चल रहे अर्जुन कपूर ने बताया था कि वे वजन बढ़ने की समस्या से परेशान हैं। इसका भी इलाज अर्जुन कपूर ने शुरू कर दिया है। अर्जुन कपूर ने अपने फैन्स के साथ वर्कआउट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अर्जुन ने लिखा, 'बुधवार का वर्कआउट खत्म हुआ।'

**26 फिल्मों में किया काम**

अर्जुन कपूर बॉलीवुड के दिग्गज प्रोड्यूसर बोनी कपूर के बेटे हैं। अर्जुन कपूर ने बॉलीवुड में अब तक 12 साल का सफर तय कर लिया है। 12 साल के करियर में अर्जुन कपूर ने 26 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। अर्जुन कपूर ने साल 2012 में आई फिल्म इश्कजादे से अपने करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में अर्जुन कपूर के साथ परिणीति चोपड़ा लीड रोल में नजर आईं थीं। अर्जुन कपूर की पहली ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

इसके बाद लगातार फिल्में करते रहे। हालांकि बीते कुछ साल से अर्जुन की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हो रही थी। इसी के चलते अर्जुन कपूर ने रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में विलेन का किरदार प्ले किया है। इस किरदार के लिए अर्जुन ने काफी तारीफें भी बटोरी हैं।

# अभिनेत्री नेहा शर्मा को जन्मदिन पर किस क्रिकेटर ने दी शुभकामनाएं



नेहा शर्मा हिंदी के अलावा दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी नजर आती हैं। अपने छोटे से करियर में वह कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही वह समय-समय पर कई म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आती रहती हैं। अगले साल वह एक फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आएंगी। आज इसी चर्चित अभिनेत्री का जन्मदिन है। इस मौके पर उनके दोस्तों और करीबी लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया पर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इन शुभकामनाओं को नेहा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया। इन्हीं शुभकामनाओं में एक नामी क्रिकेटर का संदेश भी शामिल रहा।

**किस क्रिकेटर ने दी बधाई**

जिस क्रिकेटर की शुभकामनाओं को नेहा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया है, उनका नाम युवराज सिंह है। वह नेहा के लंबे समय से दोस्त हैं। युवराज सिंह ने नेहा को जन्मदिन पर जो संदेश भेजा है, उसमें उन्होंने लिखा- 'शर्मा जी का जन्मदिन आ गया। आपके लिए आने वाला साल बहुत सारी खुशियों और सफलता से भरा हो।' इस मैसेज के जवाब में नेहा ने उन्हें शुक्रिया भी लिखा।

**बहन ने भी तोहफा-जन्मदिन की शुभकामनाएं दी**

नेहा की बहन आयशा शर्मा ने भी उन्हें प्यार भरी जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही नेहा को फूलों का गुलदस्ता भी भेजा। इस तोहफे को पाकर नेहा काफी खुश हुईं और उन्होंने अपनी स्टोरी पर बहन के भेजे गुलदस्ते की तस्वीर लगाई। साथ ही अपनी बहन आयशा के लिए प्यारी प्यारी बातें भी लिखीं। नेहा की तरह आयशा भी फिल्मों में काम करती हैं।

**कई और कलाकारों ने भी कहा हैप्पी बर्थ डे**

नेहा को कई और बॉलीवुड से जुड़े लोगों ने भी जन्मदिन की बधाई दी। इसमें अभिनेता तरुण विरवानी और फिल्ममेकर अश्विनी धूप जैसे नाम शामिल रहे। इसके अलावा उनके दोस्तों ने भी नेहा को प्यार भरी जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजीं।

इन सब शुभकामनाओं के जवाब भी नेहा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिए। इस तरह से नेहा का जन्मदिन उनके करीबी लोगों ने यादगार बना दिया।

# सौंदर्या शर्मा मल्टीस्टारर फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आएगी



वह हॉलीवुड की सुपरहिट 'जॉन विक' सीरीज की फिल्मों के निर्देशक चैड स्टेल्स्की की अगली फिल्म में काम कर रही है। वह' ट्रांसफॉर्मर्स', 'दमैट्रिक्स', 'सेरेनिटी', 'एक्स-मैन ऑरिजिस वूल्वरिन', 'द एक्सपेंडेबल्स', 'जी. आई. जो : रिटैलिएशन', 'इम्पोर्टल्स' समेत अन्य बड़ी हॉलीवुड फिल्मों में स्टंटमैन के रूप में काम करने के लिए भी लोकप्रिय हैं।

**बॉलीवुड में अगली फिल्म**

सौंदर्या के हालिया बॉलीवुड करियर पर नजर डालें तो वह जल्द ही मल्टीस्टारर फिल्म 'हाऊसफुल 5' में नजर आएगी। अपने को-स्टार्स की तारीफ की फिल्म 'हाऊसफुल 5' में वह अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, फरदीन खान, अभिषेक बच्चन, पूजा हेगड़े जैसे कई सितारों के साथ काम कर रही है। उसने हाल ही में इस कॉमेडी ड्रामा के सैट पर अपने अनुभव के बारे में बात की और छोटे पर्दे से बड़ेपर्दे तक के अपने सफर को भी सांझा किया। सौंदर्या ने 'हाऊसफुल' (2010) के गानों पर डांस करने का लुत्फ उठाया और इस फिल्म का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर की। उसने फिल्म में शामिल होने को लेकर अपनी खुशी सांझी करते हुए कहा कि यह 'शानदार' लग रहा है।

उसने बताया कि सैट पर सभी कलाकार हमेशा गर्मजोशी से भरे और शानदार रहे। सबसे जूनियर सदस्य होने के नाते उसका बहुत ही प्यार से स्वागत किया गया, जिससे यह उसके लिए बेहद ही प्यारा अनुभव रहा। फिल्म में अक्षय कुमार सहित अपने सह-कलाकारों के बारे में सौंदर्या ने कहा, ₹अक्षय सर बहुत प्यारे हैं। जैकी भी बहुत प्यारे हैं। हर कोई प्यारा है। अभिषेक ने मुझे अपने अनूठे अंदाज से आश्चर्यचकित कर दिया। रितेश सर सबसे प्यारे हैं। 'नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा, हर कोई शानदार है। मेरे लिए सबसे बड़े सरप्राइज चंकी पांडे सर रहे। वह दिखने से कहीं ज्यादा अच्छे हैं। मैं बस इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि मैं सैट पर सभी को देखकर सरप्राइज हो गई!

उसने 'हाऊसफुल 5' का ऑफर मिलने पर अपनी पहली प्रतिक्रिया के बारे में बात करते हुए खुलासा किया, ₹मैं रो रही थी, मैं कांप रही थी। उन्होंने मुझे घर आकर जब डाक्यूमेंट पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा तो मैं अपना हस्ताक्षर ही भूल गई।

बेहद खूबसूरत तथा ग्लैमरस सौंदर्या शर्मा को रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से प्रसिद्धि मिली और जल्द ही वह अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'हाऊसफुल 5' में नजर आने वाली है लेकिन अब उसकी खुशी का ठिकाना नहीं है क्योंकि वह हॉलीवुड में डेब्यू के लिए तैयार है। इस डेब्यू को लेकर एक्साइटेड सौंदर्या ने कहा कि वास्तव में यह सपने के सच होने जैसा है, हमें सपने देखना नहीं छोड़ना चाहिए। अपना उत्साह जाहिर करते हुए उसने कहा, मैं बेहद खुश हूं। बस इतना कह सकती हूं कि सपने देखते रहो, सपने सच होते हैं। वर्ष 2024 बेहद खास है। इसकी शुरूआत 'हाऊसफुल 5' से हुई, जिसका सारा श्रेय एन.जी.ई. (नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट) और मेरी 'गॉडसिस्टर' वर्धा नाडियाडवाला को जाता है। अब मैं हॉलीवुड में रास्ता बनाने की कोशिश कर रही हूं, जिसका मुझे वाकई बेसब्री से इंतजार है।

वह हॉलीवुड की सुपरहिट 'जॉन विक' सीरीज की फिल्मों के निर्देशक चैड स्टेल्स्की की अगली फिल्म में काम कर रही है। सौंदर्या ने आगे बताया, मैंने इसी प्रोजेक्ट के लिए करीब एक साल पहले कुछ सीक्वेंस शूट किए, लेकिन मैं इसके पूरा होने तक ज्यादा बात नहीं करना चाहती थी क्योंकि मैं थोड़ी अंधविश्वासी हूं। मैं जनवरी में लॉस एंजल्स और फ्रांस में अपना आखिरी शैड्यूल खत्म करने के लिए एक्साइटेड हूं। इस प्रोजैक्ट के बारे में ज्यादा नहीं बता सकती लेकिन मैं जल्द ही आपसे सब कुछ शेयर करूंगी।

रियलिटी शो' बिग बॉस 16 'फेम सौंदर्या ने सोशल मीडिया पर निर्देशक चैड स्टेल्स्की के साथ कुछ तस्वीरें भी शेयर कीं और कैप्शन में लिखा- 'आखिरकार, मुझे यह पोस्ट करने का मौका मिल ही गया। कहते हैं कि सपने देखो, सपने सच होते हैं और यह काम करता है। 'जॉन विक' के निर्माता तथा निर्देशक और मेरे सबसे प्यारे दोस्त के साथ हूं। जनवरी में कुछ रोमांचक करने के लिए लॉस एंजल्स जाने का इंतजार नहीं कर सकती, भगवान, हॉलीवुड बुला रहा है।

# अपने काम को लेकर बहुत गम्भीर रहती है नुसरत भरूचा



मैं नए निर्देशकों के साथ काम करने से कभी मना नहीं करती। हर कोई यहां रचनात्मक सोच के साथ आता है और अगर मुझे सही लगे तो मैं निश्चित रूप से उसके साथ काम करूंगी। 'सोनू के टीटू की स्वीटी', 'प्यार का पंचनामा', 'छोरी', 'जनहित में जारी' से लेकर 'अकेली' जैसी फिल्मों से नुसरत भरूचा ने अपने बेहतरीन अभिनय का परिचय दिया है। अपने किरदार से पहले कहानी के बारे में सोचने वाली नुसरत अपने काम को लेकर बहुत गम्भीर रहती है और उसका मानना है कि किसी भी काम को पूरी लगन और मेहनत से करने पर ही उसमें सफलता मिल सकती है। इन दिनों वह काफी बिजी है और हाल ही में उसने बताया कि काम की वजह से उसकी रात की नींद तक उड़ चुकी है क्योंकि उसे सोना नसीब ही नहीं हो पा रहा, इसीलिए उसने खुद को नया नाम 'कोल' दिया है। ऐसा उसने क्यों किया, यह भी समझाया है।

नुसरत ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह गोवा में एक परफॉर्मेंस के लिए मेकअप करवा रही है। क्लिप में वह कहती हुई सुनाई दे रही है, मैं सोना चाहती हूं... मैं 48 घंटों से सोई नहीं हूं। में यहां गोवा में हूं और मुझे लगा कि मैं उपकी ले पाऊंगी और तैयार होने से पहले सो पाऊंगी, लेकिन नहीं, अब इवेंट को प्रीपोन्ड (तय समय से पहले) कर दिया गया है।उसने आगे कहा, मुझे अपने कॉल टाइम से 2 घंटे पहले परफॉर्म करना है, इसलिए मैंने खाना भी नहीं खाया है और मैं तैयार हो रही हूं... मैं यह नहीं कर सकती। मैं सोना चाहती हूं।

उसने इस वीडियो क्लिप को कैप्शन दिया, मेरा नया पर्सनल शॉर्ट नेम' कोल' क्राइंग ऑऊट लाऊड !! क्राइंग ऑऊट लाऊड से उसका मतलब था - चीख कर रोने की इच्छा। कुछ ही समय पहले उसने एक हैल्थ अपडेट पोस्ट शेयर करते हुए बताया था कि वह अस्वस्थ है क्योंकि उसे बुखार, शरीर में दर्द और आंखों में संक्रमण है। नुसरत ने इंस्टाग्राम पर एक 'कार सैल्फी' शेयर की और बताया कि बीमार होने के बावजूद वह खुद को 'घसीटकर' मीटिंग में ले गई।

कैप्शन में लिखा था, दीपावली के बाद की स्थिति- सर्दी, बुखार, खांसी, शरीर में दर्द और... कुछ आंखों का संक्रमण ! फिर भी किसी तरह खुद को मीटिंग में ले जा रही हूं।

**अब तक का करियर**

नुसरत के करियर की बात करें तो, 2002 के टी.वी. शो 'किट्टी पार्टी' से उसने एक्टिंग शुरू की थी। नुसरत ने 'आकाशवाणी' 'सोनू के टीटू की स्वीटी' 'ड्रीम गर्ल', 'छलांग', 'अजीब दास्तां', 'छोरी' 'हुड़दंग', 'राम सेतु', 'सैल्फी' 'छवपति' जैसी फिल्मों में भी काम किया है।

**नुसरत भरूचा नकारात्मक टिप्पणियों से खुद को कैसे बचाया**

मैंने शुरूआती दिनों में बहुत बुरी टिप्पणियों का सामना किया। जैसे कि किसी ने कहा था, 'तुम हीरोइन बनने के बारे में सोच भी कैसे सकती हो। तुम तो हीरोइन की सहेली या बहन के रोल के ही लायक हो।' तो किसी ने मुझे एक जूनियर आर्टिस्ट बताया। मैं ऐसा सोचती भाड़ में जाओ, मैं जा रही हूं। मैं आपकी फिल्म नहीं चाहती। यही कारण है कि मैं नए निर्देशकों के साथ काम करने से कभी मना नहीं करती। वे भी चाहते हैं कि कलाकार और निर्माता उन पर भरोसा करें। हर कोई यहां रचनात्मक सोच के साथ आता है और अगर मुझे सही लगे तो मैं निश्चित रूप से उनके साथ काम करूंगी।

सफलता के बाद आप कितनी बदली हैं?

उसने कहा, सफलता के बावजूद मैं कभी खुद को सातवें आसमान पर महसूस नहीं करती। मैं हमेशा यथार्थवादी और जमीन से जुडी रही हूं। पहले मैं बहुत महत्वाकांक्षी थी। कंवल लीड रोल हीं करना चाहती थी। आज मैं उस मुकाम पर हूं, जहां मेरी अपनी पकड़ है। अब मैं किसी भेड़वाल का हिस्सा नहीं हूं।

**फिल्म चयन करते समय**

उससे जब पूछा गया कि वह फिल्मों का चयन करते समय किन बातों का ध्यान रखती है, उसने कहा, जब में कोई फिल्म चुनती हूं तो मैं दो चीजें देखती हूं। पहली - निर्देशक और पटकथा में उनका दृढ़ विश्वास। दूसरी क्या इसे उस तरह के जोश के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसकी इसे आवश्यकता होगी।

# विजय देवरकोंडा ने रश्मिका मंदाना के साथ रिश्ते पर लगाई मुहर? शादी की योजना पर तोड़ी चुप्पी



विजय देवरकोंडा अपने व्यवसायिक जीवन के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। बीते लंबे समय से खबरें हैं कि विजय, साउथ की चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ रिश्ते में हैं। इसी बीच अभिनेता ने प्यार, रिश्तों और शादी पर अपने विचार साझा किए हैं। एक हालिया इंरटव्यू मे, विजय ने पुष्टि की कि वह रिलेशनशिप में हैं। साथ ही उन्होंने पहले भी अपनी को-स्टार्स में से एक को डेट करने की बात कबूली। अभिनेता का बयान नेटिजन्स का खासा ध्यान आकर्षित कर रहा है।

**सिंगल नहीं हैं विजय देवरकोंडा**

इंटरव्यू के दौरान विजय ने इस बात की पुष्टि की कि वह फिलहाल रिलेशनशिप में हैं। अभिनेता ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'मैं 35 साल का हूं, क्या आपको लगता है कि मैं सिंगल रहूंगा?' जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी किसी को स्टार को डेट किया है, तो उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा, 'मैंने किया है।'


**रिश्ते से पहले दोस्ती बनाने पर देते हैं जोर**

अभिनेता ने इस बात पर जोर दिया कि वह रोमांटिक रिश्ते में आगे बढ़ने से पहले एक मजबूत दोस्ती बनाना पसंद करते हैं। अभिनेता के शब्दों में, 'मैं डेट पर बाहर नहीं जाता। मैं किसी को लंबे समय तक जानने के बाद, दोस्ती बनाने के बाद ही बाहर जाता हूं।' विजय और रश्मिका ने 'गीता गोविंदम' और 'डियर कॉमरेड' जैसी फिल्मों में एक साथ अभिनय किया है। दोनों के बीच मजूबत बॉन्ड है जिसकी वजह से उनकी डेटिंग की अटकलों को और हवा मिलती है।

**शादी पर विजय की दो टूक**

शादी के विषय पर, विजय ने कहा कि यह महिलाओं के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उनके मुताबिक, 'शादी को किसी के करियर के बीच में नहीं आना चाहिए। महिलाओं के लिए शादी कठिन है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप किस पेशे में हैं।'

# सोनाक्षी सिन्हा ने 'भैया' से कराई 'सैयां' की मुलाकात, पापा शत्रुघ्न सिन्हा का रिएक्शन वायरल





सोनाक्षी सिन्हा पिछले दिनों जहीर इकबाल के साथ अपनी शादी को लेकर खूब चर्चा में थीं। दरअसल, ये कपल की इंटरफेथ वेडिंग थी, जिसे लेकर सिन्हा परिवार लगातार ट्रोल्स के निशाने पर रहा। ट्रोलिंग और आलोचनाओं को पीछे छोड़ते हुए सोनाक्षी अपने हसबैंड जहीर इकबाल संग हैप्पी मैरिड लाइफ एंजॉय कर रही हैं। इस बीच सोनाक्षी अपने पति जहीर संग चर्चित कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2' में भी मस्ती करते दिखाई देंगे।

सोनाक्षी और जहीर इकबाल के साथ अभिनेत्री के माता-पिता शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा भी'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में दिखाई देंगे। निर्माताओं की ओर से कपिल शर्मा के शो के अपकमिंग एपिसोड का एक प्रोमो जारी किया गया है, जिसने नए एपिसोड को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है।

**सोनाक्षी ने कराई सैंया जहीर और भैया कपिल की मुलाकात**

लेटेस्ट प्रोमो की बात करें तो सोनाक्षी को अपने 'सैयां' जहीर इकबाल को अपने 'भैया' कपिल शर्मा से मिलवाते देखा जा सकता है। इसके बाद शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा भी कपल को जॉइन करते हैं। प्रोमो में शत्रुघ्न सिन्हा उस किस्से को याद करते नजर आते हैं, जब धर्मेंद्र ने उनसे एक बार 'एक समय में एक ही महिला का पुरुष' बनकर रहने की बात कही थी, ये बात सुनकर सभी हंसने लगते हैं। इस पर जहीर मजे लेते हुए कहते हैं- 'मुझे लगा था ये फैमिली एपिसोड है। यहां क्या हो रहा है?'

**शत्रुघ्न सिन्हा ने खुद को बताया भोला-भाला शरीफ आदमी**

प्रोमो के आखिरी में शत्रुघ्न सिन्हा खुद को 'भोला-भाला शरीफ आदमी' कहते हैं, जिस पर पूनम कहती हैं- 'मुझसे पूछो।' फैंस के बीच इस एपिसोड को लेकर काफी हलचल मच गई है। कपिल शर्मा के शो में पहली बार सिन्हा परिवार और जहीर इकबाल नेशनल टेलीविजन पर साथ नजर आने वाले हैं। प्रोमो को साझा करते हुए, निर्माताओं ने लिखा, "सब को खामोश करने आ रहे हैंसिन्हाज़, द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए एपिसोड में सोनाक्षी सिन्हा, जहीर इकबाल, शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा को देखें।

कपिल शर्मा के शो का अपकमिंग एपिसोड 'शादी स्पेशल विद सिन्हा परिवार' होने वाला है! द ग्रेट इंडियन कपिल शो के प्रोमो की शुरुआत में सोनाक्षी कहती हैं कि जो भी शादी करना चाहता है वह कपिल शर्मा के शो में आए और उन्हें 'भैया' कहकर बुलाए, इससे उनकी शादी हो जाएगी।

दरअसल, पिछली बार जब 'हीरामंडी' प्रमोशन के दौरान सोनाक्षी शो में आई थीं, तब कपिल ने उनसे कहा था कि उनके साथ की कई अभिनेत्रियां आलिया भट्ट और कियारा आडवाणी अब शादीशुदा हैं। इसके जवाब में सोनाक्षी ने कहा कि वह उनके जख्मों पर नमक छिड़क रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि वह शादी करने के लिए कितनी उत्सुक हैं। इसके एक महीने बाद, सोनाक्षी ने जहीर इकबाल से शादी कर ली।



# आईपीओ में निवेशकों की भागीदारी घटी

## विश्लेषकों का अनुमान- एनफओ में निवेश से मिलेगा फायदा

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। आईपीओ की बहार के बीच कुछ निर्गमों में निवेशकों की भागीदारी घट गई है। कुछ आईपीओ को दो गुना भी सब्सक्रिप्शन नहीं मिला है। गैर संस्थागत निवेशक (एनआईआई) व खुदरा निवेशकों ने भी कम दिलचस्पी दिखाई है। निवा बूपा को महज 1.90 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है, जिसमें एनआईआई का हिस्सा 0.70 फीसदी भरा है। अक्मे सोलर में एनआईआई का 1.02% व कुल 1.85 गुना भरा है। स्विगी में एनआईआई हिस्सा 0.41 फीसदी व कुल 1.65 गुना भरा है। अफकॉन्स को केवल 1.77 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। गोदावरी में एनआईआई ने 0.93 फीसदी के लिए पैसा लगाया और यह 1.87 गुना भरा। उधर, म्यूचुअल फंड ने नए फंड ऑफर यानी एनएफओ को लॉन्च करना




शुरू किया है। अक्तूबर में 29 स्कीमों से 6,078 करोड़ जुटाए गए हैं।

आईपीओ में सुस्ती के बाद तीन एनएफओ खुले हैं। इसमें श्रीराम समूह, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल और निप्पॉन जैसी कंपनियां हैं। विश्लेषकों का मानना है लंबे समय में म्यूचुअल फंड एनएफओ फायदा दे सकते हैं। निप्पॉन इंडिया फंड ने पैसिव क्षेत्र के दो फंड्स लॉन्च किए हैं। ये ऑटो व रियल्टी थीम के हैं। ऑटो इंडेक्स फंड ऐसा फंड है जो निफ्टी ऑटो इंडेक्स प्रदर्शन को ट्रैक करेगा। रियल्टी इंडेक्स फंड निफ्टी रियल्टी इंडेक्स का अनुसरण करेगा। इन फंड्स में कम लागत व एक ही यूनिट के जरिये विविधीकरण और पारदर्शिता जैसे फायदे हैं। निफ्टी ऑटो इंडेक्स टीआरआई ने एक वर्ष में 48.7% व निफ्टी रियल्टी इंडेक्स टीआरआई ने 66% चक्रवृद्धि दर से रिटर्न दिया है। इस फंड ने कई क्षेत्र के रोटेशन फंड को लॉन्च किया है। यह इक्विटी व संबंधित उपकरणों में निवेश करने वाली ओपन-एंडेड योजना है। यह अपनी तरह का पहला फंड है। इसकी रणनीति खराब प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में जोखिम को कम कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में अवसरों का लाभ उठाना है।

इस फंड ने इक्विटी मिनिमम वैरिएंस एनएफओ लॉन्च किया है। यह न्यूनतम अस्थिरता थीम का पालन करने वाली ओपन एंडेड इक्विटी योजना है। इसका उद्देश्य स्कीम के बेंचमार्क निफ्टी 50 टीआरआई की तुलना में पोर्टफोलियो की अस्थिरता को कम कर इक्विटी व इससे संबंधित साधनों में निवेश कर लंबे समय में पूंजी में वृद्धि हासिल करना है।

फंड की निवेश रणनीति बड़ी पूंजी वाली कंपनियों पर केंद्रित है। कम अस्थिरता वाले स्टॉक्स को ज्यादा भार दिया जाता है। इसके विविधीकृत पोर्टफोलियो से अस्थिरता को कम करने में मदद मिलती है।

# एक झटके में अडानी को हुआ भारी नुकसान, दो लाख करोड डूबे, हिंडनबर्ग संकट के बाद शेयरों में बड़ी गिरावट

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के लिए गुरुवार का दिन बेहद खराब रहा। रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोप में अमेरिकी कोर्ट ने अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयर धड़ाम हो गए। कई शेयर में लोअर सर्किट तक लग गया। इस गिरावट से अडानी को भारी नुकसान हुआ है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अडानी के शेयरों में यह सबसे बड़ी गिरावट है।

गुरुवार सुबह अडानी ग्रुप के तीन शेयरों में 20% की गिरावट के कारण आई। अडानी ग्रुप के सभी 11 शेयरों का कुल मार्केट कैप लगभग 2 लाख करोड़ रुपये घटकर 12.3 लाख करोड़ रुपये रह गया। यह साल 2023 की शुरुआत में हिंडनबर्ग रिसर्च कर रिपोर्ट के बाद से ग्रुप का सबसे खराब कारोबारी दिन रहा।

### अडानी की नेटवर्थ में आई कमी

इस गिरावट के कारण अडानी की नेटवर्थ में भी कमी आई है। फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर्स लिस्ट के अनुसार अडानी की कुल संपत्ति भी 10.5 बिलियन डॉलर घटकर 59.3 बिलियन डॉलर रह गई।

### क्या है अडानी पर आरोप?

अडानी और उनके भतीजे समेत कुल 8 लोगों पर अमेरिकी अभियोजकों ने रिश्वत देने का आरोप लगाया है। अभियोजकों के मुताबिक सोलर एनर्जी का कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त करने के लिए भारतीय सरकारी अधिकारियों को कथित तौर पर 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत दी गई थी। इस मामले में कोर्ट ने अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया है।

शेयरों में आई बड़ी गिरावट

इन आरोपों के बाद अडानी ग्रुप के सभी शेयरों में तेज गिरावट आई। ग्रुप की प्रमुख कंपनी अडानी इंटरप्राइजेज के शेयर 20% गिरकर 2,256.20 रुपये पर आ गए। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयरों में भी 20% का लोअर सर्किट लगा। अडानी पोर्ट्स में भी 20% की गिरावट आई।

मूडीज रेटिंग्स ने गुरुवार को कहा कि यह खबर अडानी ग्रुप की कंपनियों के लिए क्रेडिट नेगेटिव है। मूडीज ने कहा कि रिश्वतखोरी के आरोपों में अडानी ग्रुप के चेयरमैन और अन्य अधिकारियों पर अभियोग ग्रुप की कंपनियों के लिए क्रेडिट नेगेटिव है।

ऑस्ट्रेलिया में भी गिरे शेयर

अडानी बुल जीक्यूजी के शेयर ऑस्ट्रेलिया में 26% गिर गए। जीक्यूजी ने एक बयान में कहा, 'हम अडानी और कुछ ग्रुप के अधिकारियों और कंपनियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों की निगरानी कर रहे हैं। हमारी टीम उभरते विवरणों की समीक्षा कर रही है और यह निर्धारित कर रही है कि हमारे पोर्टफोलियो के लिए क्या कार्रवाई उचित है।'




## अमेरिकी न्याय विभाग के आरोपों को अदाणी समूह ने बताया निराधार

मुंबई, 21 नवंबर (एजेंसियां)। अदाणी समूह ने अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग की ओर से अदाणी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। कंपनी के बयान के मुताबिक, सभी आरोप निराधार हैं।

अदाणी समूह ने कहा, स्वयं अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा है कि अभियोग में आरोप हैं और प्रतिवादियों को तब तक निर्दोष माना जाता है, जब तक कि वे दोषी साबित न हो जाएं। मामले में हरसंभव कानूनी सहारा लिया जाएगा। बयान के मुताबिक, अदाणी समूह ने हमेशा अपने संचालन के सभी न्यायक्षेत्रों में शासन, पारदर्शिता और नियामकीय अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने हितधारकों, भागीदारों और कर्मचारियों को आश्वस्त करते हैं कि हम एक कानून का पालन करने वाला संगठन हैं, जो सभी कानूनों का पूरी तरह से अनुपालन करता है।

इससे पहले, शेयर बाजार (बीएसई व एनएसई) को भेजी गई फाइलिंग में अदाणी समूह की कंपनी अदाणी ग्रीन यानी अदाणी रिन्यूएवल्स ने कहा, ₹संयुक्त राज्य अमेरिका के न्याय विभाग और प्रतिभूति और विनिमय आयोग ने हमारे बोर्ड के सदस्यों गौतम अदाणी और सागर अदाणी के खिलाफ न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के न्यायालय में एक आपराधिक अभियोग दायर किया है और एक दीवानी शिकायत दर्ज की है।

अदाणी समूह ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका के न्याय विभाग ने हमारे बोर्ड के सदस्य विनीत जैन को भी ऐसे आपराधिक अभियोग में शामिल किया है। इन घटनाक्रमों को देखते हुए, हमारी सहायक कंपनियों ने फिलहाल अमेरिकी डॉलर में प्रस्तावित बॉन्ड पेशकशों को फिलहाल नहीं लेने का फैसला किया है।

अदाणी समूह के प्रवक्ता ने बयान में कहा, अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) द्वारा अदाणी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं और हम इन्हें खारिज करते हैं।

# गूगल को बेचना पड़ सकता है क्रोम ब्राउजर

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। गूगल को अपना इंटरनेट ब्राउजर गूगल क्रोम बेचना पड़ सकता है। दरअसल यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस यानी DOJ की ओर से गूगल क्रोम इंटरनेट ब्राउजर को बेचने का दबाव बनाया जा सकता है। कोर्ट की तरफ से इस मामले में फैसला सुनाया जा सकता है। गूगल सर्च पर गलत तरीके से मार्केट पर कब्जा करने के आरोप लगे हैं। US गवर्नमेंट गूगल क्रोम की मोनोपॉली को कम करना चाहती है। इसी के लिए यह कदम उठाया जा सकता है।

### क्या है मामला?

अगस्त में आए एक फैसले में अमेरिका की एक कोर्ट ने गूगल को एंटी-ट्रस्ट नियमों के उल्लंघन का दोषी माना था। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि गूगल ने सर्च और एडवर्टाइजमेंट मार्केट में अपने एकाधिकार का गलत फायदा उठाया है। जिससे यह साबित होता है कि कंपनी एकाधिकारवादी है और उसने अपने एकाधिकार को बनाए रखने के लिए काम किया है।

### गूगल क्रोम सबसे लोकप्रिय ब्राउजर

इस समय गूगल के पास एंड्रॉयड मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम के अलावा, गूगल क्रोम ब्राउजर और AI जेमिनी जैसी सर्विसेज हैं। कंपनी अपने गूगल सर्च का एल्गोरिदम इस्तेमाल करके यूजर्स को टारगेटेड एडवर्टाइजमेंट दिखाता है। दुनियाभर में कुल इंटरनेट सर्च का 65% गूगल क्रोम ब्राउजर से होता है।

इसके बाद एपल सफारी का 21% मार्केट शेयर है। फायरफॉक्स समेत अन्य ब्राउजर की हिस्सेदारी काफी कम है। गूगल क्रोम की बढ़ती हिस्सेदारी की मुख्य वजह एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम है। दुनिया के ज्यादातर यूजर्स एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम वाले स्मार्टफोन इस्तेमाल करते हैं, जिसमें गूगल क्रोम डिफॉल्ट ब्राउजर के तौर पर रहता है।

गूगल की पेरेंट कंपनी के शेयर में 1.25% की गिरावट

गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के शेयर में बुधवार को 1.25% की तेजी आई। अभी कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर 2.16 लाख करोड़ डॉलर (182.40 लाख करोड़ रुपए) है। अल्फाबेट मार्केट कैप के लिहाज से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी कंपनी है।

## दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | मे |
| चंद्र- | कर्क | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | धनु | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| वृश्चिक- | 06-02 | बजे |
| धनु---- | 08-16 | बजे |
| मकर... | 10-21 | बजे |
| कुंभ-- | 12-12 | बजे |
| मीन-- | 10-50 | बजे |
| मेष--- | 15-26 | बजे |
| वृष--- | 17-11 | बजे |
| मिथुन- | 19-12 | बजे |
| कर्क--- | 21-23 | बजे |
| सिंह--- | 23-36 | बजे |
| कन्या-- | 01-43 | बजे |
| तुला--- | 03-48 | बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-28
सूर्यास्त. - 17-35
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- सप्तमी 18-07 तक उपरान्त अष्टमी
मास - मार्गशीर्ष कृष्ण, शुक्रवार 22 November
नक्षत्र - आश्लेषा 17-09 तक उपरान्त मघा
योग - ब्रह्म 11-33 तक उप ऐन्द्र
करण- बव 18-07 तक उप बालव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - जिनकांति सूरि ज.

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है। सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 10:38 से 12:02 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:28 - 07:50 | शुभ | रोग | 17:35 - 19:14 | अशुभ |
| लाभ | 07:50 - 09:14 | शुभ | काल. | 19:14 - 20:50 | अशुभ |
| अमृत | 09:14 - 10:38 | शुभ | लाभ. | 20:50 - 22:27 | शुभ |
| काल | 10:38 - 12:02 | अशुभ | उत्पात | 22:27 - 00:03 | अशुभ |
| शुभ. | 12:02 - 13:26 | शुभ | शुभ | 00:03 - 01:39 | शुभ |
| रोग | 13:26 - 14:50 | अशुभ | अमृत. | 01:39 - 03:15 | शुभ |
| उत्पात | 14:50 - 16:14 | अशुभ | चंचल | 03:15 - 04:51 | शुभ |
| चंचल | 16:14 - 17:35 | शुभ | रोग. | 04:51 - 06:28 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
समय कुछ बहादुरी भरे कदम उठाने का है,इसमें हिचकिये मत। इसके स्थान पर ,मजबूत फैसला लीजिये। अवसरों को जाने मत दीजिये।इस समय विश्वास पूर्वक लिया गया एक फैसला नाटकीय तरीके से आपकी जिंदगी को बदल सकता है,शायद आपको अभी ये प्रतीत न हो। पुराने संबंधों के बारे में फिर से सोचने और अर्थहीन संबंधों को तोड़ देना ही सही रहेगा।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आप बारीकियों पर बहुत ध्यान देंगे।आप किसी परियोजना की ब्योरेवार योजना बनाने में जुटे हुए हैं और आप इस पर बहुत मेहनत भी कर रहे हैं।आपकी यह मेहनत आपके काम में भी दिखाई देगी और इस काम के लिए आपको काफी तारीफ मिलेगी।आपके काम में आज पूरा दिन सृजनात्मकता बनी रहेगी।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह,
आज आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आप आज तर्क के स्थान पर अपने दिल की आवाज और प्रवृति के आधार पर फैसले कर सकते हैं,लेकिन वे भी वित्त के मामले में लाभकारी ही साबित होंगे।आप इन दिनों फैसले लेने में सबसे अधिक महत्ता अपने मन की आवाज को देते हैं ,लेकिन आपको भविष्य की बेहतरी के लिए वर्तमान समय में कुछ आरामों को छोड़ना होगा।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आपके मुख्य शब्द आराम और राहत रहेंगे।आप पिछले कुछ दिनों से बहुत मेहनत कर रहे हैं और अब इस मेहनत का आनंद लेने की बारी है ,बहुत बड़ी पार्टी ना रखें।छुट्टी का दिन शांति से बिताएं। अपने किसी विशेष प्रियजन से बात कर लेने से आपको बहुत संतुष्टि मिलेगी।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आपको अपने कामों को पूरा करने के लिए बहुत कम साधन उपलब्ध होंगे और इससे आपके काम में बाधा पहुचेगी। इससे परेशान न हों,आपको दिन के अंत तक अपनी पसंद का काम और साधन दोनों ही मिल जायेंगे। आप प्रकृति से ही मेहनती हैं और आप जिम्मेदारियों के साथ साथ स्वतंत्रता का भी आनंद लेंगे।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आप अपने आसपास के लोगों से अच्छी खासी सहायता और पहचान की उम्मीद रख सकते हैं। आप मज़बूत आधार और आशावादिता से भरपूर हैं और नयी परियोजनाओं के लिए बिलकुल तैयार हैं लेकिन आपमें अभी भी अच्छी परियोजना को पहचानने की क्षमता बरक़रार है। इसके कारण आप केवल उन्ही परियोजनाओं में निवेश करेंगे जो भविष्य में काफी लाभकारी साबित होंगी।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपकी शांतिपूर्ण मन स्थिति में औरों के सवालों से बाधा पहुचेगी। वे सब यह जानने के लिए बहुत उत्सुक हैं कि आपकी निज़ी और व्यव्सायिक जिंदगी में क्या चल रहा है। आपके किसी करीबी ने ही उन लोगों तक आपकी भविष्य की योजनाओं की जानकारी पहुचाई है लेकिन आप इन सबकी उपेक्षा कर दें और केवल अपने काम पर ध्यान दें।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आप आज रियल एस्टेट से जुडा कोई लाभकारी लेनदेन पूरा करने वाले हैं। सकारात्मक सोच आपकी शक्ति है और आपको इसका लाभ उठाना है ,आपका कोई करीबी भी आपको इसके लिए प्रोत्साहित करेगा। आप आध्यात्मिक विकास के साथ साथ जीवन की भौतिक खुशियों का भी आनंद ले पायेंगे। नयी सोच से समृद्धि हासिल होगी।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
ऐसे अवसरों को पकड़ने की कोशिश करें जो आपको सोचने और उसे अपने तरीके से दुबारा पेश करने का मौका दें। आप इसे उत्साह के साथ कर भी पायेंगे और आपको आनंद भी आएगा। घर में कुछ बदलाव होने ही हैं ,शायद आप अधिक एकाग्रता और अधिक बेहतर अवसरों के लिए किसी नईं जगह जाना चाहते हैं।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आप किसी असम्भाव्य साझेदारी की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। इससे आपको रोमांस,रोमांच और साहसी होने की अनुभूति तो होगी परन्तु यह देखना होगा कि यह साझेदारी कितनी सफल होगी। किसी अप्रत्याशित श्रोत से समर्थन-सहायता प्राप्त हो सकती है। हालाँकि यह अवसर बहुत कम समय तक ही मिलेगा ,इसलिए आपको जल्दी ही फैसला लेना होगा।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आप खरीदारी सम्बन्धी किसी ऑफर या लाटरी तिच्कत खरीदने का जोखिम उठा सकते हैं। आपका भाग्य आपके साथ है ,इसलिए जीतने का अच्छा मौका आपके पास रहेगा। स्थिति आपसे अपने दृष्टिकोण पर दृढ बने रहने की अपेक्षा कर सकती है। आपकी चुप्पी को गलत समझा जाएगा और उसपर सवाल खड़े किये जायेंगे।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आप खुद को अधिक समर्पित अनुभव करेंगे और सारा लंबित काम निपटा लेंगे।ये सारा काम ख़त्म करके आपको एक तरह की संतुष्टि मिलेगी जिसे आपके अन्य करीबी भी नोट करेंगे। इसका नतीजा यह होगा की आपको घर और कार्यस्थल ,दोनों ही जगह अधिक सराहना मिलेगी।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन में क्या फर्क, भारत में कानूनी या गैर-कानूनी?

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। क्रिप्टोकरेंसी और बिटकॉइन अचानक सुर्खियों में हैं। पहला, बिटकॉइन ने पहली बार 94,000 डॉलर के स्तर को पार किया है। ऐसा उन खबरों के बीच हुआ है जिनमें कहा गया है कि डोनाल्ड ट्रंप की सोशल मीडिया कंपनी क्रिप्टो ट्रेडिंग फर्म Bakkt को खरीदने के लिए बातचीत कर रही है। दूसरा, कांग्रेस महाराष्ट्र इकाई प्रमुख नाना पटोले और एनसीपी (शरद पवार) की नेता सुप्रिया सुले पर चुनाव प्रचार के लिए 'अवैध बिटकॉइन गतिविधियों' में शामिल होने के आरोप लगे हैं। क्रिप्टोकरेंसी और बिटकॉइन क्या हैं, इनके इस्तेमाल को लेकर कानून का क्या कहता है, इनमें क्या फर्क है? आइए, यहां इन सवालों के जवाब जानते हैं।

### क्रिप्टोकरेंसी और बिटकॉइन में फर्क?

क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल या वर्चुअल (आभासी) करेंसी है। यह क्रिप्टोग्राफी (कोड) से सिक्योर्ड होती है। इनका फर्जी और दो बार इस्तेमाल करना लगभग असंभव है। वे ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर डीसेंट्रलाइज्ड यानी विकेंद्रीकृत नेटवर्क पर मौजूद होती हैं। ब्लॉकचेन एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जिससे बिटकॉइन जैसी करेंसी का संचालन होता है। वहीं, बिटकॉइन सबसे अधिक लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी का नाम है। इसके लिए लिए ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी बनाई गई थी। क्रिप्टोकरेंसी का कोई भौतिक अस्तित्व नहीं है। इसकी सप्लाई प्रोटोकॉल निर्धारित होती है। केंद्रीय बैंक का इन पर कंट्रोल नहीं होता है।

### अभी कितनी है कीमत?

दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत 2024 में दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। पिछले सत्र के अंत में यह 94,078 डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह इसका अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। वहीं, 20 नवंबर को एशिया में शुरुआती कारोबार में यह 92,104 डॉलर पर थी।

### भारत में क्या है स्थिति?

इनके कानूनी पहलू की बात करें तो भारत क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक रूपरेखा तैयार कर रहा है। हालांकि, इसके लागू होने तक इसे अवैध नहीं कहा जा सकता। सरकार ने 2022 में क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले लाभ पर 30 फीसदी की दर से टैक्स लगाने की घोषणा की थी। हालांकि, क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली इनकम पर टैक्स लगाने के बावजूद क्रिप्टोकरेंसी को अनिवार्य और स्पष्ट रूप से वैध नहीं माना जा सकता है।

### किस तरह का कन्फ्यूजन?

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी निजी क्रिप्टो परिसंपत्तियों के इस्तेमाल को लेकर कन्फ्यूजन में है। वह इसे देश की व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के लिए एक बड़ा खतरा मानता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बार-बार कहा है कि निजी संस्थाओं की ओर से जारी क्रिप्टोकरेंसी 'करेंसी' नहीं हो सकती। भारतीय रिजर्व बैंक के डिजिटल करेंसी जारी करने पर ही वह करेंसी होगी। सीतारमण ने पिछले साल जुलाई में कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी पर किसी भी प्रभावी विनियमन या प्रतिबंध के लिए 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग' की जरूरत होगी।

### बैन लगाने का रखा गया था प्रस्ताव

इससे पहले, भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखा था। इसे न्यायालय के आदेश ने खारिज कर दिया था। आरबीआई क्रिप्टोकरेंसी को वित्तीय स्थिरता और मौद्रिक स्थिरता के लिए बहुत बड़ा जोखिम मानता है। चार मार्च, 2021 को सुप्रीम कोर्ट ने आरबीआई के छह अप्रैल 2018 के सर्कुलर को रद्द कर दिया था। इसमें बैंकों और आरबीआई के दायरे में आने वाली संस्थाओं को वर्चुअल करेंसी के संबंध में सेवाएं देने से रोक दिया गया था।

### शक्तिकांत दास का क्या है रुख?

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने पिछले महीने कहा था कि वर्चुअल एसेट्स ऐसी स्थिति उत्पन्न कर सकते हैं जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में करेंसी सप्लाई पर नियंत्रण खो सकता है। वर्तमान में, आरबीआई, सेबी और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों वाला एक अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) क्रिप्टोकरेंसी के लिए व्यापक नीति पर विचार कर रहा है। आईएमजी ने इस पर अभी सर्कुलर जारी नहीं किया है, जो हितधारकों को क्रिप्टो करेंसी पर भारत के नीतिगत रुख पर फैसला लेने से पहले अपने विचार रखने का अवसर देगा।

# तरक्की की चाह है तो 50 पार महिला के जुनून को अपनाएं

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। मुंबई की रहने वाली मंजूषा जेवियर ने 52 साल की उम्र में नौकरी छूटने के बाद 'तोहफा' नाम से अपना व्यवसाय शुरू किया। सिलाई का शौक उन्हें बचपन से रहा था। उन्होंने अपनी बेटी नाजुका के साथ मिलकर कपड़े से बने होम डेकोरेशन के सामान बनाने शुरू किए। उनके बनाए प्रोडक्टों को लोगों ने हाथोंहाथ लिया। मंजूषा का ब्रांड 'तोहफा' आज लाखों की कमाई कर रहा है। आइए, यहां मंजूषा जेवियर की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

मंजूषा को बचपन से ही सिलाई का शौक था। उन्होंने अपनी इसी कला को अपने व्यवसाय का आधार बनाया। उन्होंने 2,000 रुपये के निवेश से शुरुआत की। आज उनका ब्रांड 'तोहफा' लाखों का रेवेन्यू कमा रहा है। मंजूषा की कहानी उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो उम्र के किसी भी पड़ाव पर अपने जुनून को आगे बढ़ाना चाहती हैं।

मंजूषा जेवियर की 2016 में नौकरी चली गई थी। उस समय वह 52 साल की थीं। उन्हें अपनी बेटी की शिक्षा का खर्च उठाना था




और घर चलाना था। दूसरी नौकरी की तलाश करना एक मुश्किल काम लग रहा था। फिर उन्होंने बेटी नाज़ुका जेवियर (31) के साथ बात की। नाजुका मार्केटिंग पेशेवर हैं। इस बातचीत में ही वो आइडिया आया, जो आज 'तोहफा' में तब्दील हो गया है। उनका ब्रांड अपनी अनूठी घर की सजावट और कपड़े के डिजाइनों के साथ एक अलग कहानी बुन रहा है। इसकी शुरुआत 2,000 रुपये के निवेश से हुई थी। आज, यह लाखों की कमाई कर रहा है।

ये सफर भी बड़ा दिलचस्प था। बुटीक में अपनी नौकरी छूटने के तुरंत बाद मंजूषा को एक छोटी सी लॉ फर्म में नौकरी मिल गई। उन्हें आने-जाने में डेढ़ घंटे लगते थे। लेकिन, उन्होंने सोचा, कम से कम वह कमा तो रही हैं। जैसे-जैसे समय बीतता गया, मंजूषा को यह साफ होता गया कि वह लॉ फर्म के लिए नहीं बनी हैं। नाज़ुका ने उस समय ही ग्रेजुएशन किया था। मंजूषा चाहती थीं कि बेटी के पास वह सब कुछ हो जो युवा लड़कियों को चाहिए होता है। जिसकी वे उम्मीद करती हैं। इसलिए उन्होंने नौकरी जारी रखी। लेकिन, अपनी मां की चिंता को हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता देख नाज़ुका ने उनसे इस बारे में बात की। नाज़ुका ने अपनी मां को सलाह दी कि वह कुछ ऐसा करें जो उन्हें पसंद हो। मंजूषा ने सिलाई को अपनी पहली पसंद बताया। यही वह पल था जब 'तोहफा' का जन्म हुआ।

लंबे अंतराल के बाद मंजूषा की सिलाई मशीन में फिर से जान आ गई। उन्होंने पर्स, मेकअप पाउच, लैपटॉप स्लीव्स, कुशन कवर और कपड़े की ट्रे जैसे सुंदर होम डेकोर बनाने शुरू कर दिए। हरेक डिजाइन के साथ मंजूषा ने अपने विजन को अपने सौंदर्यबोध के साथ जोड़ा। वह हमेशा से अपना कुछ करना चाहती थीं। लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वह ऐसा नहीं कर सकी थीं। सिलाई ने उन्हें उन भूले हुए सपनों से जोड़ा।

## शेयर बाजार में गिरावट के साथ क्लोजिंग; सेंसेक्स 422 अंक टूटा, निफ्टी 23350 के नीचे

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को फिर गिरावट के साथ बंद हुए। घरेलू बेंचमार्क सूचकांक गुरुवार को कमजोरी के साथ खुले और गिरावट के साथ बंद हुए। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 422.59 (0.54%) अंक फिसलकर 77,155.79 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी -168.60 (0.72%) अंक फिसलकर 23,349.90 के स्तर पर बंद हुआ। अदाणी समूह पर अमेरिकी अभियोजकों की ओर से लगाए गए आरोपों के बाद इक्विटी बाजार में बिकवाली दिखी।

## सोना 686 बढ़कर 76,559 पर पहुंचा : चांदी 336 गिरकर 90,620 प्रति किलो बिक रही

सोने की कीमतों में आज (21 नवंबर) बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 686 रुपए बढ़कर 76,559 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले इसके दाम 75,873 रुपए प्रति दस ग्राम थे।

वहीं, चांदी की कीमत में भी आज गिरावट है। ये 336 रुपए गिरकर 90,620 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले चांदी 90,956 रुपए पर थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

# डोनाल्ड ट्रंप ने मंत्रियों के चयन से सबको चौंकाया

## भारत का काम बनाएंगे या बिगाड़ेंगे ये नए-नए खिलाड़ी?




वाशिंगटन, 21 नवंबर (एक्सक्लूसिव डेस्क)। डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी नई कैबिनेट में राष्ट्रीय सुरक्षा पदों के लिए अजीबोगरीब नाम चुनकर वॉशिंगटन में सबको चौंका दिया है। खासकर तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक और पीट हेगसेथ को रक्षा मंत्री बनाने के फैसले पर वॉशिंगटन के जानकार सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि इन दोनों उम्मीदवारों के पास अनुभव की कमी है और ये पदों के लिए उपयुक्त नहीं हैं। ट्रंप ने भावी विदेश मंत्री के लिए मार्को रुबियो को चुना है, जो वॉशिंगटन सेटअप को समझने वाली नेता हैं। लेकिन विदेश नीति में रुबियो का अनुभव केवल क्यूबा के खिलाफ कड़े रुख तक ही सीमित है। इस सब में एलन मस्क का नाम भी जुड़ता है, जो ट्रंप के अनौपचारिक लेकिन प्रभावशाली दूत हैं। ईरान के प्रतिनिधि से संयुक्त राष्ट्र में मुलाकात करके मस्क ने दिखा दिया है कि वह घरेलू और विदेश नीति दोनों में भूमिका निभाएंगे। हालांकि, तेहरान ने इससे इनकार किया है। दरअसल, ट्रंप ऐसे लोगों को चाहते हैं जो लीक से हटकर सोचते हों। वे यूक्रेन जैसे संघर्षों को सुलझाने और चीन पर अपने व्यापार नीतियों को बदलने और ताइवान या पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में आक्रामकता से बचने के लिए दबाव डालने जैसे मुद्दों पर अपने एजेंडे को आकार देने में मदद कर सकें। इसके लिए ऐसे सौदे करने पड़ेंगे जो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रतिष्ठान से बाहर नहीं आ सकते, क्योंकि यह बहुत रूढ़िवादी, जड़ और कल्पनाशीलता से रहित है।

मुख्यधारा के मीडिया का कहना है कि इन नामों की पुष्टि होना मुश्किल होगा। लेकिन यह बात ट्रंप के पक्ष में स्थिति को नजरअंदाज करती है। 2016 में रिपब्लिकन पार्टी ट्रंप की कर्जदार नहीं थी, लेकिन इस बार वह उनकी ही बदौलत जीती है। इससे उनके लिए ट्रंप की पसंद को ठुकराना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा, रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद, सीनेट और कांग्रेस इस दावे के साथ जीते हैं कि वे सरकार में बदलाव लाएंगे और बाइडेन के शासन की जोखिम भरी विदेश नीति को बदलेंगे। बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन युद्ध का समर्थन किया था और गाजा में इजरायल को समर्थन दिया था।

इस विदेश नीति को बदलने और ट्रंप प्रशासन की आकांक्षाओं की ओर बढ़ने के लिए गबार्ड और हेगसेथ तरह के अनूठे लोग हैं जिनकी जरूरत नए राष्ट्रपति को है। जो लोग गबार्ड से मिले हैं, वे सभी उनकी बुद्धिमत्ता और अंतरराष्ट्रीय मामलों की समझ की तारीफ करते हैं। उनके बारे में माना जाता है कि खुफिया समुदाय के उन कार्यों पर रोक लगाएंगी जो दुनिया के मामलों में अमेरिका की भूमिका के बारे में ट्रंप के दृष्टिकोण के खिलाफ जाते हैं। फूली हुई और अत्यधिक वेतनभोगी खुफिया ब्यूरोक्रेसी को कम करना भी एजेंडा का हिस्सा होगा।

रुबियो विदेश विभाग का प्रबंधन करेंगे, लेकिन यह देखना होगा कि क्या वह ट्रंप प्रशासन में एक प्रमुख भूमिका निभा पाते हैं। पिछले राष्ट्रपतियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और रक्षा सचिव पर भरोसा करके अपने विदेश सचिवों को दरकिनार कर दिया है। जहां तक हेगसेथ का सवाल है, तो उन पर सबसे बड़े सरकारी विभाग को संभालने के लिए अनुभव की कमी का आरोप लगाया जा रहा है। उनके आलोचक भूल जाते हैं कि डोनाल्ड रम्सफेल्ड, जो रक्षा विभाग में सुधार के लिए पूरी तरह से योग्य थे, बुरी तरह विफल रहे, इसलिए नए विचारों के साथ नए खून का स्वागत है। अमेरिकी रक्षा बजट, जो अब 850 अरब डॉलर का हो गया है, को देखते हुए, सुधार और कटौती दोनों लाना जरूरी है, और हेगसेथ ने ऐसा करने का वादा किया है।

मस्क को दूत के रूप में उपयोग करना एक कल्पनाशील कदम है क्योंकि उन्हें विश्व स्तर पर एक अन्वेषक और उद्यमी के रूप में सम्मानित किया जाता है और इसलिए, उनकी पहुंच अंतरराष्ट्रीय राजधानियों और नेतृत्व तक उस तरह से है जो एक सामान्य राजनयिक की नहीं होती। उनकी अनौपचारिक हैसियत उन्हें अमेरिकी विदेश नीति को आगे बढ़ाने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाने की स्वतंत्रता देती है। इसमें ट्रंप का व्यक्तित्व और वैश्विक नेताओं, यहां तक कि किम जोंग-उन और ईरानी नेतृत्व जैसे लोगों के साथ समझौते करने की इच्छा उनकी सहायता करेगी। अगर निक्सन ही चीन जा सकते थे तो केवल ट्रंप ही तेहरान या प्योंगयांग जा सकते हैं। तो ये चुनाव भारत को कैसे प्रभावित करते हैं? गबार्ड भारत समर्थक होने के लिए जानी जाती हैं और अगले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइक वॉल्ट्ज ने कांग्रेस में इंडिया कॉकस का नेतृत्व किया है। लेकिन इससे भले ही सद्भावना पैदा हो, हालांकि इसका असर नीतियों पर नहीं पड़ेगा। भारत से जुड़ी नीति इस बात से तय होगी कि बदली हुई विश्व व्यवस्था (वर्ल्ड ऑर्डर) के लिए ट्रंप के दृष्टिकोण में नई दिल्ली कैसे फिट बैठती है। वे पश्चिम एशिया में स्थिति को सुलझाना चाहते हैं, रूस के साथ तनाव कम करना चाहते हैं और चीन पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र (इंडो-पैसिफिक रीजन) में चीन के व्यवहार को बदलने के लिए भारत पहले से ही तैयार है। लेकिन ट्रंप के लिए मुख्य मुद्दा यह हो सकता है कि टैरिफ और व्यापार के मुद्दों पर भारत कैसी भूमिका निभाता है।

अगर भारत को साझेदार बनना है, तो उससे अमेरिकी सैन्य उपकरण और नागरिक तकनीकों को जल्दी खरीदने की उम्मीद की जाएगी। भारत में टेस्ला के निर्माण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करना ऐसा ही एक सकारात्मक कदम होगा। नई दिल्ली को अपनी लंबी बातचीत की राजनयिक शैली से हटकर जल्दी समझौते करने होंगे ताकि वह अपनी गंभीरता दिखा सके। समझौते होने तक टालमटोल करते रहने से यह धारणा मजबूत होगी कि भारत बातें तो बड़ी-बड़ी करता है लेकिन करता कुछ नहीं है। ट्रंप और उनके मंत्रिमंडल विश्व मामलों में नए समाधान तलाश रहे हैं। क्या भारत अपनी पारंपरिक बातचीत शैली को छोड़कर अपने फायदे के लिए उनकी योजनाओं के साथ काम कर सकता है?

# भीड़ ने पुलिसवालों का कॉलर पकड़ा, हाथ उठाया

## दुर्ग सेंट्रल जेल में लूट के आरोपी की बिगड़ी तबीयत, परिजन बोले- पुलिस ने पीटा

भिलाई, 21 नवंबर (एजेंसियां)। भिलाई के स्मृति नगर थाने का डेरा बस्ती के 100 से अधिक लोगों ने घेराव कर दिया। पुलिसवालों के साथ नशे में जमकर हुज्जतबाजी की। चौकी प्रभारी और सीएसपी से धक्कामुक्की की गई। जिसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। दरअसल लूट के मामले में फरीद नगर स्थित बस्ती से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। बुधवार को दुर्ग सेंट्रल जेल में आरोपी की तबीयत बिगड़ने पर उसे रायपुर मेकाहारा में भर्ती कराया गया। जैसे ही आरोपी के परिजनों को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने चौकी का घेराव कर दिया। उनकी माने तो आरोपी पिंटू नेताम को पुलिसकर्मियों ने पीटा है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के मुताबिक 16 अक्टूबर को लूट की एक घटना हुई थी। स्मृति नगर चौकी ने इसमें लूट और अपहरण का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में डेरा बस्ती निवासी पिंटू नेताम को गिरफ्तार कर उसके पास से लूट का मोबाइल और नगद रकम जब्त किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जहां उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद पुलिसवालों पर पिटाई का आरोप लगाते हुए परिजन और बस्ती के सैकड़ों लोगों ने बुधवार रात को चौकी का घेराव कर दिया।

नशे में थाने के बाहर हंगामा करते रहे। मना करने और काफी समझाने के बाद भी जब लोग नहीं माने तो पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान तीन थानों के टीआई और बड़ी संख्या में पुलिस बल के मौजूद रहने के बाद भी डेरा बस्ती के लोग पीछे हटने का नाम नहीं ले रहे थे। पुलिस लोगों को समझाने की कोशिश करती रही, लेकिन वो कुछ भी सुनने को तैयार ही नहीं थे।

पुलिस के मुताबिक आरोपी की तबीयत बिगड़ने के बारे में सेंट्रल जेल प्रबंधन जानकारी देगा, लेकिन परिजन पुलिस पर ही मारपीट का आरोप लगाकर विरोध करते रहे। महिलाओं ने चौकी प्रभारी वंदिता से धक्कामुक्की कर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी से लाठी छीनने लगीं। मामला बेकाबू होने पर पुलिस ने बल प्रयोग किया तो लोग और आक्रोशित हो गए। इसके बाद भीड़ को खदेड़ने पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।

# यात्रियों से भरी बस पलटने से सात की मौत, कई घायल

रांची, 21 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड के हजारीबाग जिले के गोरहर में गुरुवार की सुबह छह बजे कोलकाता से पटना जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल भी हुए। एक अधिकारी ने बताया कि बस मुड़ने के दौरान अनियंत्रित हो कर पलट गई। घटना की सूचना पाकर पूर्व विधायक जानकी यादव और उनकी टीम भी मौके पर पहुंची। घायलों के लिए प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था कराई गई। हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा, इस हादसे में अबतक सात लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोग अभी भी बस में फंसे हुए हैं। बता दें कि बस में कुल 50 यात्री मौजूद थे। बताया जा रहा है कि मृतकों में सबसे अधिक संख्या महिलाओं की है। घायलों को इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज भेजा जा रहा है। सड़क निर्माण में लापरवाही के कारण इस रोड पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। इस सड़क का निर्माण पिछले छह वर्षों से जारी है, लेकिन अभी भी दो किमी तक काम भी पूरा नहीं हो पाया है। इस हादसे के बाद स्थानीय लोग गुस्से में हैं। बस के यात्री मोतीचंद प्रसाद ने बताया कि इस हादसे में उनकी पत्नी की मौत हो गई। बिहार के गोपालगंज के रहने वाले मोतीचंद प्रसाद ने कहा, सुबह जब घटना घटी, तब हमलोग सो रहे थे। हम कोलकाता से बिहार के लिए बुधवार को बस में चढ़े थे।

बिहार शरीफ के यात्री गणेश कुमार ने बताया कि यह घटना सुबह के छह बजे घटी। उन्होंने कहा, बस में 50 यात्री सवार थे। जैसे ही चालक मोड़ पर गया, वाहन पर से उसका नियंत्रण छूट गया। घटनास्थल पर मौजूद एक पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि घायलों में से 10 की हालत गंभीर है।

# छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर मुठभेड़

### सुकमा से लगे मलकानगिरी के जंगल में हुई गोलीबारी, एक जवान घायल, एक नक्सली के भी मारे जाने की खबर

जगदलपुर, 21 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़-ओडिशा राज्य की सीमा पर आज गुरुवार की तड़के पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में ओडिशा पुलिस का एक जवान घायल है। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं इस मुठभेड़ में एक नक्सली के भी मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि नक्सली ओडिशा राज्य की सीमा पार कर छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे थे। जिसकी खबर ओडिशा पुलिस को मिली थी। जवानों को रात में ही सर्च ऑपरेशन पर निकाला गया था। वहीं आज गुरुवार तड़के जवान जब जिनेलगुड़ा में मौके पर पहुंचे तो माओवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई। यह इलाका छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के एर्राबोर से लगा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक करीब 10 से 15 मिनट तक गोलीबारी हुई। वहीं जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले। हालांकि ओडिशा पुलिस का एक जवान घायल हो गया। जिसे साथियों ने मलकानगिरि के अस्पताल लाया। जिसका इलाज जारी है। फिलहाल इस मुठभेड़ की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है।

# ट्रेन में गांजा तस्करी, जीआरपी के 4 कॉन्स्टेबल बर्खास्त

## 45 बैंक खातों में 15 करोड़ के लेन-देन मिले, 250 ट्रेनों में रेकी, फिर कार्रवाई



बिलासपुर, 21 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रेनों में गांजा तस्करी के मामले में जीआरपी के एंटी क्राइम यूनिट के चार आरक्षकों को बर्खास्त किया गया है। डीजीपी की एटीएस टीम ने 250 ट्रेनों में रेकी के बाद चारों को पकड़ा था। जेल में बंद आरक्षक मन्नू प्रजापति, सौरभ नागवंशी, संतोष राठौर और लक्ष्मण गाइन पर पद का दुरुपयोग करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। गांजा तस्करों से मिलकर ये अवैध कारोबार करने लगे थे। जांच में आरोपी पुलिसकर्मियों के रिश्तेदार सहित 45 बैंक अकाउंट की जांच में करीब 15 करोड़ रुपए के लेनदेन के रिकॉर्ड मिले हैं। इसमें जीआरपी के बड़े अफसरों के भी शामिल होने की आशंका है। हालांकि, जांच में उनके नाम को उजागर नहीं किया गया है। दरअसल, जीआरपी के चारों आरक्षक एसपी के एंटी क्राइम यूनिट में थे, जिन्हें ट्रेनों में गांजा, नशीली टेबलेट्स, शराब तस्करी सहित अवैध हथियार परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी दी गई थी। अफसरों से चारों को अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्रवाई करने की खुली छूट थी। टीम में शामिल पुलिसकर्मी रायगढ़ से लेकर रायपुर और राजनांदगांव तक जाकर जांच करते थे। आरक्षकों को टीआई के बजाए सीधे बड़े अफसरों को रिपोर्ट करने की भी छूट थी। इसका फायदा उठाकर ये सभी खुद गांजा तस्करों से मिलकर कारोबार कर रहे थे। सूत्र बताते हैं कि पुलिसकर्मियों के साथ इस रैकेट में कई सफेदपोश नाम शामिल है। जांच में उन्हें भी आरोपी बनाने और इस अवैध धंधे में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया गया था। लेकिन, अब तक आरक्षकों के अलावा किसी और पर कार्रवाई नहीं की गई है। मामले में शिकायत के बाद डीजीपी की एटीएस टीम ने 250 ट्रेनों में रेकी के बाद चारों का पकड़ा था। 23 अक्टूबर को बिलासपुर जीआरपी में 10-10 किलोग्राम गांजा के दो प्रकरण दर्ज हुए थे।

# विधानसभा चुनाव में पहली बार न हिंसा, न पुनर्मतदान

## अबकी बार पिछली बार से 3% अधिक वोटिंग, एनडीए और इंडिया में सीधी टक्कर

रांची, 21 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा का चुनाव 20 नवंबर को संपन्न हो गया। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। चुनावी मैदान में डटे 1211 चेहरों में से 81 चुने जाएंगे। 15 अक्टूबर को चुनाव की घोषणा से दूसरे चरण के मतदान के बीच यह चुनाव कई चीजों के लिए याद किया जाएगा। राज्य में पहली बार ऐसा हुआ जब कहीं कोई हिंसा नहीं हुई और ना ही एक भी बूथ पर पुनर्मतदान की स्थिति आई। साथ ही हर बार से इस बार वोटिंग में भी बढ़ोत्तरी हुई। पहले और दूसरे फेज के आंकड़ों को देखें तो इस बार 68.02% वोटिंग हुई है। हालांकि, अभी फाइनल आंकड़ा आना बाकी है। फिर भी 2019 की तुलना में यह 3% अधिक है। 2005 में 57.03, 2009 में 56.96, 2014 में 66.42 एवं 2019 में 65.18% मतदान हुआ था। इस बार के चुनाव में दोनों बड़े दल भाजपा और झामुमो ने गठबंधन में चुनाव लड़ा, जो झारखंड में पहली बार हुआ। इस बार भाजपा ने आजसू, जदयू और चिराग पासवान की एलजेपीआर से एलायंस में लड़ी। जबकि, जेएमएम ने कांग्रेस, राजद और माले के साथ गठबंधन किया। 2019 में जेएमएम-कांग्रेस और राजद ने गठबंधन में चुनाव लड़ा था। जबकि, भाजपा अकेले लड़ी थी। 2014 में भाजपा आजसू के साथ मिलकर लड़ी थी, जबकि जेएमएम ने कांग्रेस से गठबंधन नहीं किया था। 2009 में भाजपा और जेएमएम अकेले लड़ी थी। 2005 में भी किसी दल ने गठबंधन नहीं किया था। इस बार गठबंधन में चुनाव लड़ने के कारण अधिकांश सीटों पर इंडिया और एनडीए प्रत्याशियों के बीच सीधा संघर्ष हुआ। तीन सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के बीच दोस्ताना संघर्ष हुआ।

राज्य गठन के बाद पहली बार विधानसभा का चुनाव अहिंसक रहा। 2019 के चुनाव में पलामू के पिपरा में प्रखंड प्रमुख के पति की माओवादियों ने हत्या कर दी थी। नौडीहा बाजार में सुरक्षा बलों से माओवादियों की मुठभेड़ हुई थी। इस बार वोट बहिष्कार की एक-आध घटनाओं को छोड़ कुछ वैसा नहीं हुआ, जैसी परिपाटी रही है। प्रचार वार में भाजपा शुरू से आक्रामक रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह के अलावा भाजपा के एक दर्जन केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्रियों ने गली-मुहल्लों तक प्रचार किए। मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की भी सभाएं हुईं। इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ही रहे। लगभग 100-100 चुनावी सभाएं कर दोनों ने रिकार्ड कायम किया।

एनडीए पहले दिन से बांग्लादेशी घुसपैठ, भ्रष्टाचार और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का नैरेटिव सेट करने में लगा रहा। झामुमो, जल-जंगल-जमीन की पुरानी पिच पर बैटिंग करता रहा, बताता रहा कि भाजपा औद्योगिक घरानों की समर्थक है और उन्हीं लिए यहां का जल-जंगल और जमीन लूटना चाहती है। लेकिन मंच के इन भाषणों पर मंईयां-गोगो दीदी योजना की गूंज थोड़ी सुनाई। ऐसा कहीं दिखा कि पूरा प्रदेश किसी मुद्दा विशेष के इर्द-गिर्द नाच या झूम रहा हो।

चुनाव में सीट टू सीट कंटेस्ट हुआ और सामाजिक आर्थिक व जातीय समीकरण पूर्ववत बने और बिगड़े। सिसई, गुमला और बिशुनपुर तथा संथाल के बरहेट, बोरियो, शिकारीपाड़ा के मतदाताओं की सोच व भावना में कोई अप्रत्याशित बदलाव नहीं आया। इन इलाकों में लोग चेहरों से ज्यादा अपने-अपने पारंपरिक चिह्न थाम कर चलते दिखे। कोयलांचल में जातीय लड़ाई पूर्व की तरह हावी रही।

# कल्पना ने संवारे सीएम हेमंत के बाल



रांची, 21 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो गई है। एग्जिट पोल में भी कुछ स्पष्ट नहीं है। कुछ एजेंसियां बीजेपी+ तो कुछ एजेंसियां जेएमएम+ को बहुमत दे रही है। ऐसे में सभी पार्टियां अपना-अपना समीकरण समझने में जुटी है। गुरुवार को जेएमएम और बीजेपी दफ्तर में पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा। वहीं, कुछ नेता आराम करते दिखे। दोपहर में सीएम हेमंत सोरेन ने अपने X पर एक फोटो शेयर कर लिखा है- फुर्सत के क्षण। फोटो में उनका बाल कल्पना सोरेन संवारती दिख रही है। जबकि, कल्पना सोरेन का बाल दूसरा कोई संवारता दिख रहा है। वहीं, बीजेपी के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश कार्यालय में प्रमंडल स्तर के प्रभारियों के साथ बैठक की और दिल्ली रवाना हो गए। इधर, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान रांची से दिल्ली रवाना हो गए। उन्होंने जाते हुए कहा, "झारखंड में हमसे बड़ा सर्वेयर कौन हो सकता है। हम तीन महीने से लगातार झारखंड में हैं। जनता की आंखों में बदलाव की ललक देखी है। मैं पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं कि झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए जनता ने बीजेपी और एनडीए को वोट दिया है।

# मैथन डैम में तीन छात्रों की डूबने से मौत

धनबाद, 21 नवंबर (एजेंसियां)। धनबाद में मैथन डैम घूमने आए 6 दोस्तों में तीन की डूबने से मौत हो गई। तीनों 10वीं के छात्र थे। घटना बुधवार की शाम हुई। तीनों का शव को गुरुवार की sदोपहर डैम से बाहर निकाला गया। हादसा नहाने के दौरान हुआ था। मृतकों में मो. जैद (16), युवराज (16) नयाफ गद्दी (15) शामिल है। जैद और युवराज अपने परिवार में इकलौते पुत्र थे। इधर, हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

# 11 साल बाद नवंबर में कड़ाके की ठंड

रायपुर, 21 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में 11 साल बाद नवंबर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर सहित सभी 6 जिलों में अगले चार दिन शीतलहर की चेतावनी है। अमूमन दिसंबर के पहले सप्ताह में शीतलहर जैसे हालात बनते हैं। लेकिन इस बार सर्द हवाओं के जल्दी आने के कारण नवंबर में ही पारा तेजी से लुढ़कने लगा है। 6.2 डिग्री के साथ मैनपाट बुधवार को सबसे ठंडा रहा। वहीं दुर्ग संभाग के जिलों में भी रात का तापमान 15 डिग्री से कम बना हुआ है। दुर्ग में बुधवार को रात का पारा 13.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 4 डिग्री कम था। आज मौसम साफ रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 29°C और 15°C के आसपास रहने की संभावना है। बुधवार को रात का पारा 16.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं दिन का पारा 29.2 डिग्री रहा जो सामान्य से कम था। प्रदेश के सभी संभागों में सरगुजा संभाग सबसे ठंडा है। सरगुजा जिले में न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री रहा। वहीं बलरामपुर में रात का पारा 9.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कोरिया में 12.8, सूरजपुर में 11.1, जशपुर में 12.1 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। बस्तर संभाग में भी ठंड बढ़ती जा रही है। बस्तर में टेंपरेचर 13.6, सुकमा 15.4, दंतेवाड़ा 12.9, बीजापुर 14.5, नारायणपुर 10.7 और कांकेर में 17 डिग्री तक न्यूनतम तापमान पहुंच गया है। यहां रात का तापमान 15.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 1.2 डिग्री कम था। कोरबा में 13.7, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 11.8 और मुंगेली में 13.3 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।

# ज्वेलर्स दुकान में चोरी का प्रयास

### शटर तोड़ अंदर घुसे दो नकाबपोश चोर, दो आलमीरा नहीं खुलने पर चोरी होने से बचा सामान

धनबाद, 21 नवंबर (एजेंसियां)। धनबाद में बीती रात धनबाद के हीरापुर हटिया बाजार में अवस्थित दुल्हन ज्वेलर्स नामक प्रतिष्ठान में चोरी का प्रयास किया गया। प्रतिष्ठान की संचालिका ने बताया कि उनकी दुकान में चोरी की यह पांचवी घटना है। इस साल धनतेरस के एक दिन पहले भी इसी तरह से चोरों ने उनके दुकान में चोरी का प्रयास किया था। प्रतिष्ठान की संचालिका गुरुवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंची तो शटर क्षतिग्रस्त देखकर हैरान रह गई। दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। एक आलमीरा भी खुला था जबकि अन्य दो आलमीरा को खोलने का प्रयास किया गया था, जिसमें चोर सफल नहीं हो सके और कीमती सामान चोरी होने से बच गया। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस दुकान के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। फुटेज में दो नकाबपोश अपराधी साबल आदि से लैस दिख रहे हैं।

# मठ प्रमुख बनने किन्नर तपस्या ने करवाया काजल का मर्डर

बलौदाबाजार, 21 नवंबर (एजेंसियां)। रायपुर में जोरा स्थित किन्नर मठ का प्रमुख बनने मुंबई की किन्नर तपस्या ने 12 लाख की सुपारी देकर काजल का मर्डर करवाया। बलौदाबाजार में काजल को चाकू से वार कर मारा गया, फिर लाश को ढाबाडीह इलाके में बंद पड़े पत्थर खदान के बाहर फेंका गया। सोमवार 18 नवंबर को काजल उर्फ कोका कोला की लाश मिली थी, जो रायपुर के जोरा स्थित किन्नर डेरा में रहती थी। पुलिस ने मर्डर के आरोप में दो किन्नर और बजरंग दल के कार्यकर्ता सहित कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि मर्जर का पूरा प्लान करीब दो महीने पहले ही तैयार कर लिया गया था।

तपस्या (36 साल, मोहम्मद इमरान भोईर) जोरा के किन्नर मठ में काजल के साथ ही रहती थी। दरअसल, मामला कुछ ऐसा है कि मूलतः मुंबई, महाराष्ट्र की रहने वाली किन्नर तपस्या की इच्छा जोरा स्थित किन्नर मठ की मठाधीश बनने की थी। लेकिन लोकल रायपुर और सीनियर होने के कारण काजल का मठाधीश बनना लगभग तय था।

ऐसे में काजल को रास्ते में हटाने के लिए तपस्या ने मठ में ही रहने वाले एक दूसरे किन्नर निशा श्रीवास को अपने पाले में लिया। इसके बाद गणेश उत्सव के दौरान तपस्या ने सुपारी के 12 लाख रुपयों का इंतजाम किया, फिर ये पैसा निशा को दिए गए।

निशा ने काजल के मर्डर के लिए सुपारी किलर हायर करने का जिम्मा अपने ड्राइवर हिमांशु बंजारे को सौंपा। हिमांशु ने 6 लाख में एक किलर हायर तो कर लिया, लेकिन ऐन मौके पर ये किसी दूसरे मामले में जेल चला गया। इसके बाद हिमांशु ने रायपुर के ही रहने वाले कुलदीप कुमार और अंकुश चौधरी को काजल के मर्डर की सुपारी दी।

किलर हायर करने के बाद बलौदाबाजार के पत्थर खदान में काजल की हत्या करने का प्लान तय किया गया। क्राइम स्पॉट का मुआयना हत्या के दो दिन पहले यानी 15 नवंबर को खुद निशा ने जाकर किया था। इसके बाद निशा ने काजल से कहा कि उसे बलौदाबाजार में अपने एक पहचान वाले से तीन लाख रुपए लेने हैं। साथ चलने पर वो उसे डेढ़ लाख रुपए देगी। काजल तैयार हो गई। इसके बाद 17 नवंबर को निशा की ही अर्टिगा कार से दोनों बलौदाबाजार के लिए रवाना हुए।

# बिरयानी के रायते में निकली जिंदा इल्लियां

## भिलाई के अल-लजीज बिरियानी का मामला, मैदे और सामान में मिले कीड़े

भिलाई, 21 नवंबर (एजेंसियां)। भिलाई में जिस अल-लजीज बिरियानी सेंटर में लोग चाव से खाना खाने जाते हैं वहां के खाने में जिंदा कीड़े मिले हैं। शिकायत मिलने जब फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने वहां छापा मारा को किचन में भारी गंदगी और मैदा व अन्य सामान में कीड़े पाए गए। मामला भिलाई के दक्षिण गंगोत्री में स्थित अल-लजीज रेस्टोरेंट का है। हाउसिंग बोर्ड निवासी आरती सहारे ने ने सोमवार को जोमेटो के जरिए बिरयानी का आर्डर दिया था। आर्डर मिलने के बाद जब महिला ग्राहक ने घर में बिरयानी को निकाला और उसका रायता परोसा तो उसमें जिंदा इल्लियां (सफेद कीड़े) निकाले। महिला ने कीड़ा देखकर तत्काल जोमेटो सर्विस और बिरयानी सेंटर के संचालक से फोन पर बात की। इस पर बिरयानी सेंटर वाले ने दोबारा आर्डर देने की बात कही। आरती सहारे ने कहा कि अब उन्हें वहां से कोई आर्डर ही नहीं लेना है उनका पैसा रिफंड करो तो बिरयानी सेंटर वाले ने पैसा देने से ही मना कर दिया।

महिला ने दबाव बनाया तो बिरयानी सेंटर के संचालक बॉबी खान ने इल्ली होने की बात से ही साफ इंकार कर दिया। उसने महिला ग्राहक पर ही आरोप लगा दिया को वो उनकी संस्था को बदनाम करने के लिए गलत आरोप लगा रही है। इसके बाद महिला ने इसकी शिकायत फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट से की। महिला की शिकायत मिलने पर भिलाई के एसडीएम हितेश पिस्दा ने फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों को अल-लजीज बिरयानी सेंटर में छापा माकरकर जांच करने का निर्देश दिया। इसके बाद फूड सेफ्टी ऑफीसर्स बुधवार को वहां जांच करने पहुंचे। अधिकारियों ने जांच में पाया कि अललजीज बिरयानी सेंटर के किचन में मिले मैदे में कीड़े पड़ गए थे। उसके किचन में वेज और नॉनवेज का सामान एक साथ रखा हुआ था। किचन में काफी गंदगी थी।

# 2 मिनट में सीएससी से 80 हजार रुपए की लूट

पलामू, 21 नवंबर (एजेंसियां)। पलामू में हथियार के बल पर बाइक सवार तीन लुटेरों ने सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) से 80 हजार की लूट की। साथ ही पिस्टल के बल पर बदमाश सीएससी संचालक का लैपटॉप भी लूट कर भाग निकले। इस वारदात को लुटेरों ने महज 2 मिनट में अंजाम दिया। घटना बीती रात सदर थाना क्षेत्र के डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर पोखराहा खुर्द में हुई। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो चुकी है। सीएससी संचालक राकेश मेहता ने बताया कि हर दिन 8 बजे के आसपास दुकान बंद कर देता था। बुधवार की रात भी इसी तैयारी में था। आसपास की दुकानें भी बंद हो चुकी थी। सन्नाटा पसरा हुआ था।

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के 100 दिन पूरे

## हिंदुओं के खिलाफ हिंसा बढ़ी, यूनुस अपने विरोधियों को बना रहे हैं निशाना

ढ़ाका, 21 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने 16 नवंबर को अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे कर लिए है। 18 नवंबर को ट्रांसपेरैंसी इंटरनेशनल बांग्लादेश की तरफ से जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया गया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के शासन में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा बढ़ी है। यूनुस प्रशासन अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराधों को रोकने में नाकाम रहा है।

इस रिपोर्ट के अनुसार 5 से 20 अगस्त के बीच ही अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराध के 2 हजार से ज्यादा मामले सामने आये थे, जिसमें 9 अल्पसंख्यकों की मौत हो गई थी। इन मामलों में सरकार ने अपराधियों की पहचान करने और उन्हें सजा देने में लापरवाही बरती है।

शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से बांग्लादेश में



अल्पसंख्यकों खासतौर पर हिंदुओं के खिलाफ हमले बढ़े हैं। इस दौरान दुर्गा पूजा और दूसरे धार्मिक कार्यक्रमों को निशाना भी बनाया गया है। इन 100 दिनों में बांग्लादेश की 22 जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शिल्पकला एकेडमी पर हमले हुए। इन हमलों की वजह से सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मेलों पर प्रतिबंध भी लगाना पड़ा।

**यूनुस राजनीतिक विरोधियों को बना रहे हैं निशाना**

द राइट्स एंड रिस्क एनालिसिस ग्रुप (आरआरएजी) ने एक रिपोर्ट में बताया है कि यूनुस प्रशासन शेख हसीना की पुरानी सरकार से ज्यादा अलग नहीं है। यूनुस सरकार में देश में अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके अलावा यूनुस प्रशासन ताकत का इस्तेमाल करके अपने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रहे हैं।

यूनुस प्रशासन ने 1598 केसों में 2 लाख से ज्यादा लोगों को निशाना बनाया है। इनमें से ज्यादातर ऐसे लोग थे, यूनुस के राजनीतिक विरोधी थे।

**अगस्त से लगातार हो रहे हैं हिंदुओं पर हमले**

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से ही लगाता हिंदुओं पर हमले के मामले सामने आ रहे थे। देश में कई जगहों पर हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाया गया था। कुछ ही दिन पहले, चटगांव में इस्कॉन संगठन के सचिव और 18 लोगों पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया था। उन पर चटगांव के न्यू मार्केट में आजादी स्तंभ पर लगे नेशनल फ्लैग से ऊपर भगवा ध्वज फहराने का आरोप था। इस ध्वज पर 'सनातनी' लिखा हुआ था।

बांग्लादेश में हिंसा के बाद पूर्व पीएम शेख हसीना 5 अगस्त को भारत आ गई थीं। उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। 22 अगस्त को अंतरिम सरकार ने हसीना और उनके परिवार के लोगों के डिप्लोमैटिक पासपोर्ट भी रद्द कर दिए थे। इसके बाद 8 अगस्त को बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन हुआ था। नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को इस सरकार का चीफ एडवाइजर बनाया गया था।

# राजनाथ सिंह ने दक्षिण चीन सागर में आचार संहिता पर बताया भारत का पक्ष

## भगवान बुद्ध का जिक्र किया

वियनतियाने, 21 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लाओस में क्षेत्रीय सुरक्षा बैठक में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने सीमा विवाद, व्यापार समझौतों समेत कई मुद्दों आसियान देशों को अहम संदेश दिए। राजनाथ ने कहा कि शांतिपूर्ण वार्ता के लिए सीमा विवाद सुलझाना भारत की प्रतिबद्धता रही है। इस दौरान उन्होंने बौद्ध धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने हमेशा जटिल वैश्विक मुद्दों को हल करने के लिए बातचीत की वकालत की है।

रक्षा मंत्री ने कहा, शांतिपूर्ण वार्ता को लेकर भारत की प्रतिबद्धता रही है। सीमा विवाद, व्यापार समझौते जैसी वैश्विक चुनौतियों को लेकर हमारे दृष्टिकोण में स्पष्ट है। उन्होंने कहा, खुली वार्ता से विश्वास बढ़ता है और स्थायी साझेदारी की नींव पड़ती है।

बिना नाम लिए चीन को संदेश देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा,



भारत का मानना है कि वैश्विक समस्याओं का दीर्घकालिक हल तभी निकाला जा सकता है, जब देश एक-दूसरे के विचारों का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि दुनिया में ध्रुवीकरण बढ़ता जा रहा है, इसलिए समय आ गया है कि शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को और ज्यादा गहराई से अपनाया जाए।

दक्षिण चीन सागर के लिए प्रस्तावित आचार संहिता पर राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति को बढ़ावा देने के लिए नौवहन, उड़ान की स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन के पक्ष में है।

उन्होंने कहा कि भारत ऐसी आचार संहिता देखना चाहेगा, जिससे अलग-अलग देशों के हित पर उल्टा असर न पड़े। रक्षा मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि कोई भी आचार संहिता पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''यह संहिता अंतराष्ट्रीय कानून खास तौर पर संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून 1982 का पालन करती हो।''

बता दें कि आसियान (एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशन्स) देशों की यह बैठक चीन के साथ उनके दक्षिण चीन सागर में जारी विवादों के बीच हो रही है। इसे लेकर आसियान में शामिल देश लाओस में चीन से सीधी बात कर रहे हैं। हालांकि, इस बैठक में आसियान के बाहर के जिन देशों को बुलाया गया है, उनमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और जापान शामिल हैं।

दक्षिण चीन सागर को लेकर आसियान में शामिल फिलीपींस के अलावा वियतनाम, मलयेशिया, ब्रुनेई के चीन से विवाद हैं। इन्हीं मुद्दों को उठाने के लिए आसियान के अन्य सदस्य देश- इंडोनेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, सिंगापुर, लाओस और कंबोडिया साथ आए हैं और बैठक कर रहे हैं।

# बुजुर्ग की खुदकुशी के बाद रायपुर में थाने का घेराव

## सुसाइड नोट में लिखा-मौत की जिम्मेदार पुलिस, मेरे और बेटे के खिलाफ की झूठी एफआईआर

रायपुर, 21 नवंबर (एजेंसियां)। रायपुर में एक हवलदार की प्रताड़ना के बाद बुजुर्ग ने सुसाइड कर लिया है। परिजनों का आरोप है कि टिकरापारा थाना पुलिस ने उनके बेटे को बिना किसी वजह थाने में बैठाया था। जिसके बाद पुलिस की प्रताड़ना से परेशान शहजाद खान (55 साल) ने सुसाइड कर लिया है। मामले में एक सुसाइड नोट भी सामने आया है। इसमें पुलिस के साथ ही कुछ और लोगों पर झूठी एफआईआर की बात लिखी है। इधर, पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने टिकरापारा थाने का घेराव कर दिया है।

थाने में जमकर नारेबाजी की जा रही है। टिकरापारा थाने का घेराव करने वाले संजय नगर रहवासियों ने पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

# फिनलैंड, स्वीडन, नॉर्वे ने युद्ध का अलर्ट जारी किया

## नागरिकों से कहा- रूसी हमले से बचने की तैयारी करें, 4 देशों ने यूक्रेन में एम्बेसी बंद कीं

कीव, 21 नवंबर (एजेंसियां)। रूस-यूक्रेन में तनाव बढ़ने के बाद 3 नॉर्डिक देशों ने युद्ध अलर्ट जारी किया है। नॉर्वे, फिनलैंड और डेनमार्क ने अपने नागरिकों से जरूरी सामानों का स्टॉक रखने और अपने सैनिकों को जंग के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, इन देशों की सीमाएं रूस और यूक्रेन से सटी हैं। यूक्रेन पर परमाणु हमले की स्थिति में इन देशों पर असर पड़ सकता है। नॉर्वे ने पर्चे बांटकर अपने नागरिकों को युद्ध को लेकर आगाह किया है। स्वीडन ने भी अपने 52 लाख से ज्यादा नागरिकों को पर्चे भेजे हैं। उन्होंने परमाणु युद्ध के दौरान विकिरण से बचाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली आयोडीन की गोलियां रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं, तनाव के बीच अमेरिका ने यूक्रेन की राजधानी कीव में बुधवार को अपनी एम्बेसी बंद कर दी है। इसके अलावा इटली, ग्रीस और स्पेन ने भी एक दिन के लिए कीव दूतावास बंद रखने का फैसला किया है। अमेरिकी एम्बेसी ने अपने कर्मचारियों को सुरक्षित जगह पर रहने को कहा है। इसके साथ ही यूक्रेन में रहने वाले अमेरिकी यात्रियों को भी सावधानी बरतने को कहा है और किसी खतरे की स्थिति में सुरक्षित जगह पर जाने के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। बाइडेन प्रशासन ने 3 दिन पहले यूक्रेन को लंबी दूरी के मिसाइल का रूस में इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी। इसके बाद से दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है। फिनलैंड की रूस के साथ 1340 किमी से ज्यादा सीमा जुड़ी हुई है। फिनलैंड सरकार ने युद्ध की स्थिति में आम लोगों की मदद के लिए नई वेबसाइट लॉन्च की है। फिनलैंड ने ऑनलाइन संदेश में कहा कि यदि देश पर हमला होता है तो सरकार क्या करेगी। साथ ही, फिनलैंड ने अपने नागरिकों से युद्ध के चलते बिजली कटौती से निपटने के लिए बैक-अप पावर सप्लाई की व्यवस्था रखने को कहा है। लोगों से कम ऊर्जा में पकने वाले खाद्य पदार्थ तैयार रखने को कहा है। फिनलैंड 2023 में नाटो में शामिल हुआ था। नाटो के सबसे नए सदस्य स्वीडन का बॉर्डर रूस से जुड़ा हुआ नहीं है, फिर भी उसने अपने नागरिकों के लिए युद्ध की स्थिति के लिए गाइडलाइन से जुड़ी एक बुकलेट 'इन केस ऑफ क्राइसिस ऑफ वॉर' जारी की है। इसमें कहा है कि युद्ध की आपात स्थिति से निपटने के लिए 72 घंटे के लिए भोजन और पीने का पानी स्टोर करके रखें। स्वीडन ने नागरिकों को आलू, गोभी, गाजर और अंडे आदि का पर्याप्त स्टॉक रखने का सुझाव दिया है। रूस ने मंगलवार को दावा किया था कि यूक्रेन ने पहली बार अमेरिका से मिली लंबी दूरी की मिसाइलें उनके इलाके में दागी हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन ने मंगलवार सुबह ब्रियांस्क इलाके में लंबी दूरी वाली 6 आर्मी टेक्टिकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस) मिसाइलें दागीं। रूस ने कहा कि उन्होंने 5 मिसाइलों को मार गिराया है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन और अमेरिका के अधिकारियों ने भी रूस पर एटीएसीएमएस का इस्तेमाल किए जाने की पुष्टि की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन यूक्रेन को एंटी पर्सनल लैंड माइन्स देने को राजी हो गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है।

# कनाडाई मीडिया का आरोप-मोदी जानते थे निज्जर हत्या की साजिश

## जयशंकर और डोभाल को भी जानकारी थी, भारत का जवाब- ये बेतुका बयान

टोरंटो, 21 नवंबर (एजेंसियां)। भारत सरकार ने कनाडा के अखबार कनाडाई अखबार द ग्लोब एंड मेल की उस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि भारतीय प्रधानमंत्री को हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश के बारे में पहले से जानकारी थी। भारत ने इसे लेकर कहा कि यह उसे 'बदनाम करने का अभियान' है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम आमतौर पर मीडिया रिपोर्ट पर टिप्पणी नहीं करते हैं। हालांकि, इस तरह के 'बेतुके' और हास्यास्पद बयानों को उसी तरह खारिज किया जाना चाहिए जिसके वे हकदार हैं। रणधीर जायसवाल ने आगे कहा, इस तरह के गलत बयानी हमारे पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और नुकसान पहुंचाती है।

**रिपोर्ट में दावा- डोभाल और जयशंकर को भी जानकारी थी**

कनाडाई अखबार की रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कनाडा की सिक्योरिटी एजेंसियों को शक है कि भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी इस साजिश के बारे में पहले जानकारी थी। निज्जर की हत्या के मामले में यह पहली बार है जब सीधे पीएम मोदी पर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि इसे लेकर कनाडा सरकार के पास कोई ठोस सबूत नहीं है। इससे पहले ब्राजील में जी20 समिट के दौरान पीएम मोदी और कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो की साथ में तस्वीर आई थी, जिसके बाद माना जा रहा था कि यह दोनों रिश्तों में जमीं बर्फ पिघलने की शुरुआत हो सकती है। हालांकि, इस मुलाकात के अगले दिन ही ट्रूडो सरकार ने भारत आने वाले यात्रियों की सुरक्षा जांच को बढ़ा दिया। इस वजह से यात्रियों को एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा जांच से होकर गुजरना पड़ रहा है। 18 जून, 2023 की शाम को सरे शहर के एक गुरुद्वारे से निकलते समय निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत सरकार पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने खारिज किया था।

इसके बाद दोनों देशों के आपसी रिश्तों में तल्खी काफी ज्यादा बढ़ गई थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आरोप लगाया था कि कनाडा उन लोगों को वीजा देता है जो भारत में वांटेड हैं।

# ब्रिटेन में रेलवे सेवा का फिर होगा राष्ट्रीयकरण!

## निजी कंपनियों से छिनेगा संचालन, संसद में विधेयक पास

लंदन, 21 नवंबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन में अब रेलवे सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी एक बार फिर सरकार उठाएगी। संसद में लेबर पार्टी की तरफ से इससे जुड़ा एक विधेयक पेश किया गया था, जिसे बुधवार को ही मंजूरी दे दी गई। इस विधेयक में रेल सेवा के फिर से राष्ट्रीयकरण का प्रस्ताव रखा गया था।

बता दें कि ब्रिटेन में रेलवे सेवा के अधिकतर हिस्से को निजी स्तर पर संचालित किया जाता है। हालांकि, नए विधेयक के पास होने के बाद अब जैसे ही रेल संचालन के लिए निजी कंपनियों का अनुबंध खत्म होगा, वैसे ही उन कंपनियों से जुड़ी रेल सेवाएं सरकार के अंतर्गत आ जाएंगी। नए कानून से जुड़े नियमों के मुताबिक, अगर निजी कंपनियों की तरफ से खराब प्रबंधन रखा जाता है तो अनुबंध खत्म होने से पहले ही रेल सेवा का राष्ट्रीयकरण कर दिया जाएगा।



रेल यूनियन- टीएसएसए ने लेबर सरकार के इस कदम की सराहना की है और इसे बड़ा बदला बताया है। इससे पहले संसद में विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के सांसदों ने इस विधेयक में संशोधन की मांग की थी। हालांकि, संसद में लेबर पार्टी को 213 वोट हासिल हुए, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी 210 वोट ही हासिल कर पाई। टीएसएसए की महासचिव मरयम एस्लामदूस्ट ने कहा कि यह रेलवे को फिर से सार्वजनिक क्षेत्र में लाना बड़ा फैसला है। एक अहम सेवा के तौर पर इसका संचालन सरकारी क्षेत्र की ही जिम्मेदारी होना चाहिए। इस साल जुलाई में हुए चुनाव में ब्रिटेन की लेबर पार्टी ने जबरदस्त जीत हासिल की थी और 14 साल विपक्ष में रहने के बाद आखिरकार सरकार बनाई। कीएर स्टार्मर के नेतृत्व में पार्टी ने देश की संकटग्रस्त परिवहन सेवा को ठीक करने का वादा किया था। लेबर सरकार ने कहा था कि निजी संचालकों का मौजूदा अनुबंध 2027 तक खत्म हो जाएगा, इसलिए वह रेल संचालकों को मुआवजा राशि देने से बचेगी।

# पूर्व पीएम इमरान खान को तोशाखाना के दूसरे मामले में जमानत

## रिहाई को लेकर स्थिति साफ नहीं 474 दिन से जेल में बंद हैं

इस्लामाबाद, 21 नवंबर (एजेंसियां)। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना से जुड़े दूसरे मामले (तोशाखाना केस-II) में जमानत मिल गई है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने जमानत के तौर पर 10 लाख पाकिस्तानी रूपए के बॉन्ड जमा करने का आदेश दिया है। इमरान खान पिछले साल 5 अगस्त से जेल में बंद है। हालांकि जमानत मिलने के बाद इमरान को रिहा किया जाएगा या नहीं, ये अभी साफ नहीं है। पहले से जेल में बंद इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को इस साल 13 जुलाई को तोशाखाना केस-II में जेल से ही गिरफ्तार किया गया था। हालांकि पिछले महीने 24 अक्टूबर को बुशरा बीबी को इस्लामाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इससे पहले पिछले हफ्ते गुरुवार को पाकिस्तान की एक अदालत में तोशाखाना केस-II में इमरान और



बुशरा को बरी करने के लिए सुनवाई हुई थी। हालांकि कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया था। इमरान अलग-अलग मामलों में 474 दिनों से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। इस्लामाबाद की स्थानीय कोर्ट ने उन्हें 5 अगस्त, 2023 को तोशाखाना केस में दोषी करार दिया था। इसके बाद उन्हें इस्लामाबाद के जमान पार्क स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। बाद में उन्हें 2 और मामलों में दोषी करार दिया गया था। हालांकि इन सभी मामलों में इमरान को बरी किया जा चुका है। 13 जुलाई को फर्जी निकाह मामले में रिहाई के बाद उन्हें तोशाखाना केस-II मामले में गिरफ्तार कर लिया गया था।

**इमरान खान से जुड़े प्रमुख मामलों की डिटेल्स**

बुशरा बीबी के पूर्व पति, खावर फरीद मनेका ने बुशरा और इमरान पर आरोप लगाया था कि दोनों ने गैर इस्लामिक तरीके से शादी की है। बुशरा के तलाक के बाद इद्दत का समय पूरा होने से पहले ही खान ने उनसे शादी कर ली थी। इस मामले में 3 फरवरी को बुशरा और इमरान को दोषी ठहराया गया था। उन्हें 7 साल की सजा और 5 लाख पाकिस्तानी रूपए का जुर्माना लगाया था।

# लॉरेन्स का भाई पोट्टावट्टामी काउंटी जेल में बंद

## अनमोल बिश्नोई को यूएस में किया गया था गिरफ्तार

वॉशिंगटन, 21 नवंबर (एजेंसियां)। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल को अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। अनमोल राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी करने के मामले में वांछित था। वर्तमान में वह आइओवा की एक जेल में बंद है। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन वेबसाइट पर एक हालिया अपडेट के अनुसार, अनमोल बिश्नोई आइओवा के पोट्टावाटामी जेल में बंद है। हालांकि, इसके अलावा अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई। ऐसा माना जाता है कि लॉरेंस का छोटा भाई कनाडा में रहता है और अक्सर अमेरिका आता-जाता रहता था। लॉरेंस बिश्नोई पर जेल में रहने के बावजूद वैश्विक आपराधिक सिंडिकेट चलाने का आरोप है। वह फिलहाल अहमदाबाद की साबरमती सेंट्रल जेल में बंद है। अनमोल पिछले महीने राकांपा के वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या समेत कई आपराधिक मामलों में वांछित है। 14 अप्रैल को सलमान खान के बांद्रा वाले आवास के बाहर गोलीबारी के पीछे भी कथित तौर पर उसका हाथ है। भारत ने अनमोल के प्रत्यर्पण की मांग की है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हाल ही में अनमोल की गिरफ्तारी के लिए जानकारी देने वालों के लिए 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की थी। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका के विदेश विभाग ने अनमोल को निर्वासित करने की संभावना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि यह मामला होमलैंड सुरक्षा विभाग और फेडरल जांच ब्यूरो (एफबीआई) के अंतर्गत है।

# ट्रंप की जीत के बाद अमेरिकी सांसदों से मिल रहे भारतीय राजदूत

## द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा

वॉशिंगटन, 21 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने दोनों देशों (भारत-अमेरिका) के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए शीर्ष अमेरिकी सांसदों से मुलाकात शुरू कर दी। इस साल अगस्त में अमेरिका में भारतीय राजनयिक के रूप में अपना पद संभालने के बाद क्वात्रा ने बुधवार को अपने चेंबर में जॉर्जिया के सीनेटर जॉन ओसॉफ से मुलाकात की। इससे पहले सोमवार को उन्होंने न्यू- हैम्पसायर के सीनेटर जीन शाहीन से मुलाकात की थी। बता दें कि पांच नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी ने हाउस ऑफ रिप्रेजेनटेशन और सीनेट दोनों में बहुमत हासिल किया। नया कार्यकाल अगले साल जनवरी में शुरू होगा, तब तक रिपब्लिकन के पास सदन में बहुमत है और डेमोक्रेट्स का सीनेट पर नियंत्रण है। दोनों ही चेंबर अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपने चेंबर में जॉर्जिया के सीनेटर जॉन ओसॉफ से मुलाकात करने के बाद भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा, उनके गर्मजोशी से स्वागत और भारत-अमेरिका साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में उनके समर्थन की सराहना करता हूं। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर न्यू हौम्पसायर के सीनेटर से भी मिलने की जानकारी दी थी। इस मुलाकात पर उन्होंने कहा, भारत-अमेरिका संबंधों की मजबूत प्रगति को लेकर आपके समय, विचारों और सार्थक बातचीत के लिए सीनेटर जीन शाहीन को धन्यवाद।

# पाकिस्तान में पैसेंजर वैन पर हमला, 38 की मौत

## खैबर पख्तूख्वा में हमलावरों ने गोलियां बरसाई, दो दिन में दूसरा हमला

इस्लामाबाद, 21 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूख्वा प्रांत में एक पैसेंजर वैन पर हमला हुआ है। इस हमले में 38 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा कई लोग घायल भी है। घटना खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम घाटी में हुई है। वैन पेशावर से कुर्रम की ओर जा रही थी।

कुर्रम डीपीओ के मुताबिक घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले मंगलवार रात को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में सेना की एक पोस्ट पर आत्मघाती हमला हुआ था। इस हमले में 12 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई थी। वहीं 6 आतंकी भी मारे गए थे।

पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने जानकारी देते हुए बताया था कि आतंकियों ने चेक पोस्ट की दीवार में गाड़ी टकराते हुए उसमें रखे विस्फोटक में ब्लास्ट कर दिया।

ब्लास्ट की चपेट में आने से 12 सैनिक मारे गए। वहीं जवाबी कार्रवाई में सेना ने 6 आतंकियों को भी मार गिराया। पाकिस्तान के पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में 16 नवंबर को सेना की पोस्ट पर हमला हुआ था। इसमें हमले में पाक सुरक्षाबलों के 7 सैनिक मारे गए थे।

हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली थी। न्यूज एजेंसी एएफपी ने एक स्थानीय व्यक्ति के हवाले से बताया था कि हमले में 40 से 50 बलूच विद्रोही शामिल थे। इस दौरान बलूच विद्रोहियों ने सेना की पोस्ट पर फायरिंग की। हमले में 7 सैनिकों की मौत के अलावा 15 सैनिक घायल भी हुए थे। पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर 9 नवंबर, शनिवार सुबह ब्लास्ट हुआ था। इस ब्लास्ट में 26 लोग मारे गए थे, वहीं 50 से ज्यादा घायल हुए थे। इस हमले की जिम्मेदारी भी मिलिटेंट ग्रुप बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली थी।

बीएलए प्रवक्ता ने कहा कि आत्मघाती हमले को मजीद ब्रिगेड यूनिट ने अंजाम दिया। उनका निशाना इन्फैंट्री स्कूल के सैनिक थे, जो कोर्स पूरा कर जाफर एक्सप्रेस से पेशावर जाने वाले थे। क्वेटा सिविल हॉस्पिटल के प्रवक्ता वसीम बैग ने पाकिस्तानी अखबार द डॉन को बताया कि मारे गए लोगों में 14 आर्मी जवान और 12 आम नागरिक शामिल थे।

# बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर तीन करोड़ डॉलर का जुर्माना

## लेकिन नए कानून पर उठे गंभीर सवाल

कैनबरा, 21 नवंबर (एजेंसियां)। 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर पाबंदी को लेकर ऑस्ट्रेलियाई सरकार खासी सख्त है। अब सरकार ने नया कानून संसद में पेश किया है, जिसके तहत अगर पाबंदी के बावजूद 16 साल से कम उम्र के बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते पाए जाएंगे तो सोशल मीडिया कंपनी पर तीन करोड़ डॉलर का भारी-भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया उन देशों में शामिल हो गया है, जहां बच्चों के सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, टिकटॉक और इंस्टाग्राम आदि का इस्तेमाल करने पर रोक लग गई है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया कंपनी किस तरह से बच्चों के उनके प्लेटफॉर्म इस्तेमाल करने पर रोक लगाएंगी, यह अभी तक साफ नहीं है। नए प्रस्तावित कानून में निजता संबंधी प्रावधान भी हैं, जिसमें सोशल मीडिया कंपनियों को कोई भी उम्र संबंधी सत्यापन बंद करना होगा। ऑस्ट्रेलिया की संचार मंत्री मिशेल रोलैंड ने गुरुवार को कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों पर ऑस्ट्रेलियाई लोगों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य की जिम्मेदारी है। मंत्री ने कहा कि बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर जुर्माना बच्चों के माता-पिता पर नहीं बल्कि सोशल मीडिया कंपनियों पर लगाया जाएगा। इस तरह से नए कानून के तहत सारी जिम्मेदारी सोशल मीडिया कंपनियों पर डाली गई है। नए कानून में सोशल मीडिया मंच यूट्यूब और मैसेजिंग और वीडियो गेम एप को छूट मिल सकती है क्योंकि इन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल शैक्षिक और मनोरंजन गतिविधियों के लिए भी करते हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मंच साइबर बुलिंग, अवैध सामग्री के प्रचार और चुनाव में दखल जैसे गंभीर आरोप लगे हैं।

सोशल मीडिया कंपनियों ने नए कानून को लेकर कहा कि वे इसका पालन करेंगी, लेकिन उन्होंने इस मामले में सरकार को जल्दबाजी और बिना खास परामर्श किए, सख्त कानून लाने को लेकर चेतावनी भी दी। कई विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया मंच पर पाबंदी से युवा अनियमित और गुप्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का रुख कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि दुनिया के कई देश बच्चों की सोशल मीडिया तक पहुंच को सीमित कर रहे हैं।



# कद, पद और प्रतिष्ठा, इन सियासी समीकरणों को साधेंगे राजस्थान उपचुनाव के परिणाम




जयपुर, 21 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में सात सीटों पर विधानसभा चुनावों के नतीजे 23 नवंबर को सामने आ जाएंगे। इन परिणामों का विधानसभा में बहुमत बल पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। फिर भी सियासत की दिलचस्पी इन चुनावों में है। सामान्य रूस से समझें तो यह चुनाव राजस्थान में पद, कद और प्रतिष्ठा की लड़ाई है। राजस्थान में भजनलाल सरकार के कार्यकाल का पहला साल दिसंबर में पूरा हो रहा है। इससे पहले ही ये नतीजे आ रहे हैं। इसलिए परिणाम भजनलाल शर्मा के सियासी कद से भी जोड़े जाएंगे। नतीजे पक्ष में रहे तो भजनलाल शर्मा बड़े फैसले ले पाएंगे।

**डोटासरा का पद बचेगा या बदलेगा**

ये उपचुनाव राजस्थान में कांग्रेस के भविष्य से जोड़कर भी देखा जा रहा है। राजस्थान में कांग्रेस की कमान लक्ष्मणगढ़ के विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा के पास है। कांग्रेस में इस बात की चर्चा है कि विधानसभा चुनावों के नतीजे तय करेंगे कि राजस्थान कांग्रेस के संगठन में जल्द बदलाव होगा या नहीं।

**हनुमान की गिनती बढ़ेगी या नहीं?**

राजस्थान में हनुमान बेनीवाल एक वक्त में तीसरे दल के विकल्प के तौर पर काफी मजबूत नजर आ रहे थे। विधानसभा में उनके विधायकों की संख्या 3 तक पहुंच गई थी। लेकिन अब लड़ाई अस्तित्व की है। खींवसर सीट पर हनुमान की पत्नी कनिका बेनीवाल चुनाव जीतती हैं, तभी विधानसभा में आरएलपी का खाता खुला रहेगा। हालांकि, हनुमान बेनीवाल यह कह चुके हैं कि उनकी सियासत पर ये चुनावी नतीजे कोई फर्क नहीं डाल पाएंगे।

**बीएपी जीती तो तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनेगी**

पिछले साल राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बनी भारतीय आदिवासी पार्टी ने चौरासी, आसपुर और धरियावद जीत हासिल कर दक्षिणी राजस्थान की मजबूत तारबंदी कर दी। इसके बाद पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में राजकुमार रोत को सांसद बना दिल्ली भेज दिया। बीजेपी के प्रत्याशी महेंद्रजीत मालवीय बागीदौरा सीट भी उपचुनाव में कब्जे में ली। अब 23 नवंबर को चौरासी, सलूंबर का फैसला होगा। ऐसे में 16वीं विधानसभा में बीएपी 4 या 5 विधायकों वाली तीसरी बड़ी पार्टी होगी।

# राजस्थान ही नहीं केंद्र सरकार को भी मालामाल करेगा बाड़मेर! भर देगा खजाना



बाड़मेर, 21 नवंबर (एजेंसियां)। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट में रिफाइनरी और पेट्रोलियम उत्पादन प्रदेश का उच्च स्तरीय लक्ष्य है। राज्य में बाड़मेर से अभी तेल का उत्पादन 70 हजार बैरल प्रतिदिन पर आ गया है, इसको बढ़ाकर 3 लाख बैरल प्रतिदिन करने की तैयारियां प्रारंभ की गई हैं।

रिफाइनरी का निर्माण मार्च 2025 में होने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए तेल उत्पादन बढ़ाने के लिए पूर्व में एक लाख करोड़ के निवेश को अब 35000 करोड़ बढ़ाया जाएगा। इससे प्रदेश और केन्द्र का तेल से राजस्व चार गुणा से भी अधिक बढ़ जाएगा।बाड़मेर से तेल का उत्पादन इन दिनों 70 हजार बैरल प्रतिदिन की आसपास ही हो रहा है। कोरोनाकाल के बाद लगातार तेल उत्पादन घट रहा है। कोरोनाकाल में एक लाख बैरल प्रतिदिन था, जिसे विशेष परिस्थिति में दस प्रतिशत कम किया था, लेकिन इसके बाद भी 2019 से 2024 तक यह उत्पादन बढ़ने की बजाए घटा है।

**यों होगा खजाना लबालब**

तेल उत्पादन 90 हजार से एक लाख बैरल प्रतिदिन होने की स्थिति में प्रदेश को 3000 करोड़ रुपए सालाना और केन्द्र को 70 हजार करोड़ रुपए सालाना राजस्व मिल रहा है। उत्पादन 3 लाख बैरल पहुंचते ही राज्य के हिस्से फिर 9000 करोड़ सालाना बाड़मेर के तेल से आने की स्थिति बन जाएगी और केन्द्र को भी 2 लाख करोड़ के करीब मिल जाएंगे।

**रिकवरी रेट बढ़ाने का प्रयास**

तेल कंपनी लगातार तेल की रिकवरी रेट बढ़ाने का प्रयास कर रही है। 25 प्रतिशत रिकवरी को टाइट ऑयल निकालने की नई तकनीक के साथ 40 प्रतिशत तक पहुंचा दिया गया है। इधर, नए 10 ब्लॉक में भी लगातार प्रयास जारी है। मंगला जैसी बड़ी खोज मिलने की उम्मीद है। इस पर करीब एक लाख करोड़ से अधिक का निवेश हो रहा है।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट में इस बार पेट्रोलियम, तेल, ऊर्जा, कोयला पर केन्द्रित है।

तेल उत्पादन को 3 लाख बैरल प्रतिदिन करने का वादा पिछले दिनों मुख्यमंत्री के साथ यूके में आयोजित राइजिंग राजस्थान शो में वेदांता समूह के चेयरपर्सन अनिल अग्रवाल ने किया है। इसमें टाइट ऑयल रिकवरी, शैल गैस पर कार्य होगा।

# मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने जेल में नरेश मीणा से की मुलाकात

- जेल में नरेश मीणा से मिले मंत्री किरोड़ीलाल मीणा
- बोले- मैंने प्रयास किया कि जितनी भी भीड़ हो वह नियंत्रण में रहे
- भीड़ जब नियंत्रणहीन हो जाए तो फिर हमें नेतागिरी नहीं करने देगी



टोंक, 21 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के टोंक जिले में 13 नवंबर को देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा समरावता गांव में एरिया मजिस्ट्रेट अमित चौधरी के थप्पड़ कांड के बाद हुए उपद्रव, आगजनी, पथराव और पुलिसकर्मियों से मारपीट के बाद सियासी पारा लगातार गरमाया है। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा पहले टोंक जेल में बंद आरोपी नरेश मीणा और अन्य आरोपियों से मुलाकात किए। फिर इसके बाद गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम के साथ समरावता गांव पहुंच ग्रामीणों से चौपाल लगाकर समस्याओं को सुना।

इस दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता सहित कई भाजपाई नेता मौजूद रहे। गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि बीते दिनों ग्रामीणों ने जयपुर आकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की थी। इसके बाद मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, किरोड़ीलाल मीणा के साथ हम तीनों नेताओं की कमेटी गठित की गई थी। ग्रामीणों की सभी मांगें मान ली गई हैं। समरावता सहित गांवों को उनियारा उपखंड में शामिल कर दिया जाएगा। आचार संहिता के हटते ही सरकार इसके आदेश जारी कर देगी। समरावता में हुए उपद्रव मामले में मंत्री बेढम ने कहा कि किसी भी दोषी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। जो भी लोग इस घटना में शामिल हैं, उनकी विस्तृत जांच की जाएगी। किसी भी निर्दोष व्यक्ति को नहीं फंसने दिया जाएगा। हमारा प्रदेश शांति प्रिय है, किसी भी हाल में अशांति पैदा नहीं होने दिया जाएगा।

कांग्रेस पर भी पलटवार करते हुए कहा कि यह पूरा मामला कांग्रेस का बोया बीज ही है। उन्हीं की वजह से यह हालात हुए हैं। न्यायिक जांच के सवाल पर मंत्री बेढम ने कहा कि जो ग्रामीणों ने कहा है, हम वहीं जांच करवाएंगे। राजनीति करने वाले लोग इस गांव को राजनीति का हथियार बनाकर इन गांव के लोगों का नुकसान करवाना चाहते हैं। उन लोगों को सोचना चाहिए, कांग्रेस के लोगों का मैं बयान पढ़ता हूं। यह कांग्रेस का बोया बीज ही तो है। यदि कांग्रेस के लोग उस समय जब उपखंड देवली बनाया था, उस समय देवली में नहीं जोड़ते तो यह लोग क्यों बहिष्कार करते। उस समय कांग्रेस के विधायक थे, इस समय वो सांसद हैं। उन्होंने इनके दुख दर्द को समझा नहीं, वो बेचारे बहिष्कार पर उतारू हुए।

आज हमारी संवेदनशील सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनकी संवेदना को समझा और कहा है कि जो गांव जिस उपखंड में रहना चाहिए उसमें जोड़ दिया जाएगा। नरेश मीणा के बीजेपी का एजेंट के सवाल पर बेढम बोले, चुनाव हुआ है, चुनाव में कोई भी व्यक्ति स्वतंत्र है, जिसकी 25 साल की उम्र हो, पागल न हो, दिवालिया न हो, राजस्थान का निवासी हो, जो कोई भी चुनाव लड़े। अब चुनाव हो गया है, बीजेपी पार्टी को लोगों ने पसंद किया है। 30 हजार से ज्यादा वोटों से देवली-उनियारा में बीजेपी प्रत्याशी चुनाव जीत रहा है।

# स्कूल मालिक-पत्नी को बंधक बनाया, 15 लाख कैश-ज्वेलरी लूटी

अलवर, 21 नवंबर (एजेंसियां)। अलवर में निजी स्कूल के मालिक के घर 15 लाख रुपए से ज्यादा की डकैती हुई है। आरोपी बुजुर्ग दंपती को बंधक बनाकर घर में करीब डेढ़ घंटे तक लूटपाट करते रहे। बुधवार देर रात घर में घुसे 5 बदमाशों ने कैश के साथ ज्वेलरी और गिफ्ट के लिफाफों तक में से पैसे निकाल गए। दंपति के बेटे-बहू बरेली शादी में गए हुए हैं। शहर के बीचोंबीच स्थित पॉश इलाके में हुई इस डकैती ने सभी को डरा दिया है। लूट की यह वारदात रात करीब डेढ़ बजे आर्यनगर (स्कीम नंबर 1) इलाके में हुई।

जयपुर रोड पर स्थित चिनार पब्लिक स्कूल के मालिक हरीश चंद गर्ग (80) ने बताया कि घटना के समय वे और उनकी पत्नी ही घर में थे। 5 बदमाश घर के बेसमेंट से ऊपर की तरफ आए थे। बदमाशों ने पहले मुझे बंधक बनाया। वे उस समय अपने कमरे हाथ-पैर बांध कर एक कमरे में पटक दिया। मुंह पर टेप लगा दी।

बुजुर्ग महिला तारा देवी (75) ने बताया कि दो-तीन बदमाशों ने कमरे में आकर उन्हें पकड़ लिया था। चिल्लाने लगी तो मुंह दबा दिया। उनका हाथ फ्रैक्चर है, तब भी बदमाशों ने दोनों हाथों को पीछे की तरफ रस्सी से कसकर बांध दिया। मुंह पर टेप लगाने से पहले तिजोरी की चाबी के बारे में पूछा। मना किया तो उन्होंने खुद ही चाबी को ढूंढ ली। आरोपी नकदी, चांदी के सिक्के, जेवर सब समेट कर एक थैले में भर लिया। महिला ने बताया कि उनका बेटा सीए है। वह घर आएगा, तब ही पता चलेगा कि कितनी नगदी और जेवर थे।

रात करीब डेढ़ बजे घर में घुसे बदमाशों ने पति-पत्नी को बांधकर अलग-अलग कमरों में बंद कर दिया। फिर वे करीब डेढ़ घंटे तक घर में लूटपाट करते रहे। तिजारी लूटने के बाद उन्होंने घर की दूसरी अलमारियों में रखे गिफ्ट के लिफाफों और गुल्लक तक में से पैसे निकाले लिए। रात करीब 3 बजे आरोपी घर से निकले। बदमाशों के जाने के बाद जैसे-तैसे बुजुर्ग महिला ने खुद के पैर से रस्सी को खोला। इसके बाद अपने पति के हाथ-पैर खोले। सूचना पर पड़ोसी में रहने वाले एक रिश्तेदार घर पहुंचे और पुलिस को इंफॉर्म किया।

# दुश्मन के ठिकानों को तबाह करेंगे रोबोटिक डॉग



जैसलमेर, 21 नवंबर (एजेंसियां)।दुश्मनों से लोहा लेने में भारतीय सेना का साथ अब 'रोबोटिक डॉग' भी देगा। आदेश मिलते ही दुश्मनों पर टूट पड़ेगा। फायरिंग से लेकर दुश्मनों की हरकतों पर नजर रखने में यह हमारे सैनिकों के कंधा से कंधा मिलाकर युद्ध क्षेत्र में सक्रिय रहेगा। मात्र एक घंटे के चार्ज में लगातार 10 घंटे तक काम करने की इसमें क्षमता है। पहाड़, पानी, जंगल... हर इलाके में इसकी मारक क्षमता जोरदार होगी।

जैसलमेर के पोकरण फायरिंग रेंज में 'रोबोटिक डॉग' ने भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन के साथ अभ्यास किया है। 14 से 21 नवंबर तक चले इस अभ्यास के दौरान सेना के जवान भी इसकी खासियत से रूबरू हुए।

भारतीय सेना में हाल ही में रोबोटिक मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट यानि रोबोटिक डॉग शामिल किए गए हैं। माना जा रहा है कि आधुनिक तकनीक से बने इस रिमोट वाले डॉग के साथ ट्रेनिंग से सेना की ताकत में और इजाफा होगा।

भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन की इकाइयों ने इस आधुनिक डॉग के साथ दुश्मन को खोजने और उसे खत्म करने के अभ्यास को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सहायता और परिवहन में सुधार के लिए लॉजिस्टिक्स ड्रोन का परीक्षण किया जा रहा है। हाल ही में भारतीय सेना ने बॉर्डर से लगे इलाकों में (विशेषकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में) उपयोग के लिए 100 रोबोटिक डॉग को शामिल किया है।

**थर्मल कैमरों और रडार से लैस**

रोबोटिक डॉग्स थर्मल कैमरों और रडार से लैस हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी डिजाइन है। यह बर्फ, रेगिस्तान, ऊबड़-खाबड़ जमीन, ऊंची सीढ़ियों यहां तक कि पहाड़ी इलाकों में हर बाधा को पार करने में सक्षम बनाता है। रोबोटिक डॉग जवानों को किसी भी नुकसान से बचाते हुए दुश्मन के ठिकानों पर गोलीबारी करने में भी सक्षम है।

म्यूल डॉग 1 मीटर से 10 किमी की रेंज तक ऑपरेट किया जा सकता है। वाई-फाई या लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन यानी एलटीई पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। छोटी दूरी के लिए, वाई-फाई का उपयोग किया जा सकता है, जबकि 4जी/एलटीई का उपयोग 10 किमी तक की दूरी के लिए किया जा सकता है। इसमें कैमरा लगा होता है जो 360 डिग्री तक घूम सकेगा।

रोबोटिक डॉग्स सेंसर्स के माध्यम से काम करते हैं। इनमें एक रिमोट कंट्रोल यूनिट होती है, जिससे इनको मॉनिटर किया जाता है। ये रोबोटिक डॉग्स जरूरी सामान की सेना तक आपूर्ति करेंगे। इन रोबोटिक डॉग्स में हाई रिजॉल्यूशन वाले कैमरे और सेंसर लगे होते हैं, जो छुपे हुए दुश्मन को भी खोज निकालेंगे। रियल टाइम डाटा देंगे। इनके जरिए सेना दुश्मन की हरकतों पर नजर रखेगी। चीन ने पहले ही अपने सैन्य अभियानों में रोबोट डॉग्स को शामिल कर लिया है।

# मां ने बेटे की गला दबाकर की हत्या



जयपुर, 21 नवंबर (एजेंसियां)। जयपुर में एक मां ने अपने चार साल के बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला पति से अनबन के कारण बेटे को पीहर ले जाना चाहती थी। लेकिन बेटा जाना नहीं चाहता था। राजधानी जयपुर के रेनवाल थाना क्षेत्र में मुंडियागढ़ पंचायत के बिरमपुरा गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक मां पर अपने ही चार साल के बेटे की गला दबाकर हत्या करने का आरोप है। हत्या का कारण पति-पत्नी के बीच अनबन बताई जा रही है। पत्नी अपने बच्चे के साथ पीहर जाना चाहती थी, इसी के चलते पति-पत्नी में अनबन हुई थी।

रेनवाल थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि हत्या के आरोप में बच्चे की मां सरिता देवी (29) को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला यूपी के चंदौली जिले में बलवा घाट की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि बिरमपुरा में चार साल के बच्चे की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। परिवार के लोग बच्चे को रेनवाल उप जिला हॉस्पिटल लेकर आए थे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। संदेह होने पर पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। सूचना पर डीएसपी प्रियंका वैष्णव भी मौके पर पहुंची।

थाना प्रभारी ने बताया, मुंडियागढ़ निवासी मुकेश कुमार जाट ने अपने बेटे की हत्या में उसी की पत्नी का हाथ होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने संदेह के आधार पर महिला से पूछताछ की, जिसमें महिला ने बेटे की गला दबाकर हत्या करना कबूल कर लिया है। मुकेश कुमार की शादी यूपी के चंदौली जिले में बलवा घाट की सरिता देवी के साथ साल 2019 में हुई थी।

# पानी की टंकी में लटका पार्षद आनन-फानन में पहुंचे विधायक गोदारा



चूरू, 21 नवंबर (एजेंसियां)। रतनगढ़ कस्बे के वार्ड 23 व 24 में पिछले एक सप्ताह से पीने का पानी नहीं आने तथा विभागाधिकारियों की ओर से सुनवाई नहीं करने पर पेयजल के लिए वार्डवासियों को परेशान होता देख वार्ड 23 के पार्षद लालचंद प्रजापत गोरीसरियों की ढाणी में कुएं के पास बनी पानी की टंकी में उतर गए। वार्डवासियों ने कुएं के पास एकत्रित होकर जलदाय विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

वहीं सूचना मिलने पर विधायक पूसाराम गोदारा मौके पर पहुंचे और जलदाय विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने दो दिन में पानी की सप्लाई दुरूस्त करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक गोदारा ने कहा कि दो दिन में पानी सप्लाई दुरुस्त नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा, जिसमें वे स्वयं भी साथ रहेंगे। उसके बाद गोदारा ने पार्षद लालचंद प्रजापत को समझाइश करके पानी की टंकी से बाहर निकाला। पार्षद ने बताया कि विभाग को बार बार अवगत कराने के बाद भी अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे थे। इस कारण उन्हें मजबूरी में पानी की टंकी में उतरना पड़ा। इस दौरान पुलिस जाप्ता व मोहल्लेवासी भी मौजूद थे।

वहीं दूसरी तरफ सिरसला गांव में एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। रात्रि चौपाल में बिजली, पानी, ग्रामीण, विकास, शिक्षा विभाग संबंधित विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई, जिन पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल परिवेदनाओं के निस्तारण के लिए कहा। इस मौके पर एसडीएम ने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए अत्यंत गंभीर है। इस दौरान बीडीओ महेन्द्र भार्गव, नायब तहसीलदार चुन्नीलाल, पीए सुरेश कुमार, पीएचडी एक्सईन प्रेमकुमार, गिरदावर सुलतान सिंह, डिस्कॉम के विरेन्द्र, समाज कल्याण के संदीप, पशुपालन विभाग के डॉ मनोज, निशा आदि उपस्थित रहे।

# चाकू लेकर रील बनाने वाला गिरफ्तार

शाहपुरा, 21 नवंबर (एजेंसियां)। शाहपुरा जिले के शक्करगढ़ थाने की अमरगढ़ पुलिस चौकी के पुराने भवन में चाकू हाथ में लहराकर सोशल मीडिया के लिए रील बनाना एक युवक को महंगा पड़ गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना शाहपुरा जिले की है, जहां अमरगढ़ पुलिस चौकी के पुराने भवन में एक युवक चाकू लहराते हुए रील बना रहा था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने हरकत में आकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। शाहपुरा के एएसपी राजेश आर्य ने बताया कि आरोपी मांडलगढ़ क्षेत्र के मानपुरा निवासी सूरज शर्मा पुत्र गोविंद शर्मा है। वह आमल्दा चौराहे स्थित चांदली होटल के पास छुरे के साथ घूमता पाया गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सूरज ने अमरगढ़ पुलिस चौकी के पुराने भवन में धारदार हथियार के साथ रील बनाकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। अमरगढ़ पुलिस चौकी जैसे सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की घटनाएं यह दिखाती हैं कि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सख्त बनाने की आवश्यकता है। पुलिस का कहना है कि चौकसी बढ़ाई जाएगी और ऐसी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। गिरफ्तारी के बाद सूरज को शक्करगढ़ थाने लाया गया, जहां उसने अपनी गलती स्वीकार की। पुलिस के सामने सूरज ने कान पकड़कर माफी मांगी और कहा, मैंने गलती की। आगे से ऐसी हरकत कभी नहीं करूंगा। उसने उठक-बैठक करते हुए वादा किया कि वह अब से किसी भी प्रकार के अवैध या गैरकानूनी कृत्य से दूर रहेगा।

शाहपुरा जिला पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए चेतावनी दी है कि इस तरह की हरकत करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी हरकतें न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि समाज में डर का माहौल भी पैदा करती हैं। भविष्य में इस तरह के मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार बस की टक्कर से चार छात्रों की मौत

भरतपुर, 21 नवंबर (एजेंसियां)। मथुरा जिले के मगोर्रा थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन छात्रों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब भरतपुर जिले के बयाना तहसील के चार छात्र एक ही बाइक पर सवार होकर मथुरा स्थित अपने कॉलेज जा रहे थे।

चारों छात्र मथुरा के गिर्राज महाराज कॉलेज के बीएससी एग्रीकल्चर सेकंड ईयर के विद्यार्थी थे और कॉलेज जा रहे थे। हादसा जाजम पट्टी पुलिस चौकी से करीब 800 मीटर आगे हुआ। जब छात्रों की बाइक ने आगे चल रही एक इको गाड़ी को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक सवार रितेश, चेतन और मुकुल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चौथा छात्र रामकेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल रामकेश को प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रैफर कर दिया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजन गहरे सदमे में आ गए।

**सड़क सुरक्षा का संदेश**

यह हादसा यातायात नियमों के पालन और सड़क पर सावधानी बरतने की जरूरत को रेखांकित करता है। वाहन चलाते समय ओवर टेकिंग और तेज रफ्तार जैसे खतरनाक व्यवहार अक्सर जानलेवा साबित होते हैं।

मगोर्रा थाना प्रभारी निरीक्षक मोहित तोमर ने बताया कि हादसे के बाद बस को जब्त कर लिया गया है। पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है कि दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाए।

# 51 किग्रा से अधिक अफीम तस्करी मामले में दो लोग दोषी करार, 10 साल सजा और दो लाख जुर्माने से दंडित

सिरोही, 21 नवंबर (एजेंसियां)। एनडीपीएस कोर्ट सिरोही द्वारा 12 साल पहले 51.200 किलोग्राम अफीम दूध तस्करी मामले में दो आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। इस मामले में आरोपियों को 10-10 साल के कठोर कारावास और दो-दो लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। बरलूट के तत्कालीन थानाधिकारी देवीचंद ढाका को सात दिसंबर 2012 को सुबह करीब 8:25 बजे सूचना मिली कि एक ट्रक में मध्यप्रदेश से अफीम दूध भरकर जावाल होते हुए जालौर की तरफ जा रहा है। इसके बाद पुलिस द्वारा बवडा गांव के पास नाकाबंदी की गई थी। उस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा वहां से गुजर रहे एक ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली गई तो उसमें ड्राइवर के पीछे बॉक्सनुमा बना हुआ था तथा उसके ढक्कन का ताला लगा हुआ पाया गया था। ट्रक में सवार ओमप्रकाश नामक युवक के पास इसकी चाबी मिली।

ओमप्रकाश से लॉक खुलवाकर देखा तो उसमें प्लास्टिक की पारदर्शी थैली में काले रंग का द्रव्य पदार्थ पाया गया। इसकी जांच करने पर वह अफीम का दूध निकला। अफीम के दूध को लेकर लाइसेंस के बारे में पूछे जाने पर किसी तरह का कोई कागजात नहीं मिला। बक्से में मिले पांच कट्टों का वजन करने पर 51.200 किलोग्राम अफीम का दूध मिला। इस पर पुलिस द्वारा अफीम का दूध जब्त करने के साथ ही दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया।

दोनों आरोपियों को जांच के बाद आरोप पत्र सहित कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट में बहस के दौरान न्यायालय ने लोक अभियोजक डॉ. लक्ष्मण सिंह बाला की ओर से प्रस्तुत किए गए तर्कों एवं तथ्यों से सहमत होकर एनडीपीएस न्यायालय की विशिष्ठ न्यायाधीश रूपा गुप्ता ने फैसला सुनाया। साथ ही अफीम दूध तस्करी के आरोपी जैताराम पुत्र हरजीराम तथा ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश पुत्र कसाराम निवासी कोटड़ा पुलिस थाना करड़ा जिला जालौर को 10-10 साल का कठोर कारावास और दो-दो लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# प्रदेश में महिला सशक्तिकरण प्राथमिकता : शांति कुमारी

## इंदिरा महिला शक्ति कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा



हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य में महिलाओं को करोड़पति बनाने के मुख्यमंत्री के संकल्प के तहत, मुख्य सचिव शांति कुमारी ने संबंधित अधिकारियों को महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बसों की खरीद, सौर संयंत्रों की स्थापना और स्थापना में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

इंदिरा महिला शक्ति बाजार का शिल्पा राम में आज सचिवालय में एक उच्च स्तरीय बैठक में इंदिरा महिला शक्ति कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर सीएस शांति कुमारी ने कहा कि 22 इंदिरा महिला शक्ति भवनों का निर्माण कार्य शुरू कर 8 माह के अंदर पूरा करें। उन्होंने कहा कि स्व-उत्पादों को मार्केटिंग उपलब्ध कराने के लिए शिल्पराम में इंदिरा महिला शक्ति बाजार बनाया जा रहा है। राज्य में महिलाओं की मदद करें। उन्होंने कहा कि करीब 106 दुकानों के साथ बसाए जा रहे इस बाजार का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है और ये काम दिसंबर के पहले सप्ताह तक पूरा कर उद्घाटन समारोह के लिए तैयार हो जाना चाहिए। इस इंदिरा महिला शक्ति बाजार में वे महिलाओं को नियमित रूप से विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना चाहते हैं और आईटी कंपनियों और शहर के अन्य प्रमुख वाणिज्यिक और व्यावसायिक संगठनों को साझेदारी प्रदान करना चाहते हैं। उन्होंने पूछा कि उन महिला संघों द्वारा बसों के प्रबंधन के लिए एक उचित योजना बनाई जानी चाहिए जिन्होंने राज्य में सफलतापूर्वक थ्रिफ्ट सोसायटी का आयोजन किया है और बड़ी मात्रा में धन की बचत की है और उन्हें टीएसआरटीसी के माध्यम से चलाया है।

यह स्पष्ट किया गया है कि इन एसोसिएशनों के माध्यम से कुल 600 बसें खरीदी जानी हैं और इसके तहत पहले चरण में 150 बसों की खरीद तुरंत शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरटीसी इन बसों के प्रबंधन की जिम्मेदारी उठाएगी। इसके अतिरिक्त हमारा लक्ष्य महिला समूहों के माध्यम से 4000 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का है और प्रथम चरण में 1000 मेगावाट क्षमता के सौर संयंत्र स्थापित किये जा रहे हैं। पता चला है कि सिंचाई विभाग, देवदया और अटावी विभाग की अनुपयोगी काली भूमि का अधिग्रहण कर लीज के आधार पर ये प्लांट लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे इन सौर संयंत्रों की स्थापना के लिए महिला समूहों को शून्य ब्याज ऋण भी प्रदान कर रहे हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि तेलंगाना रेडको और विद्युत डिस्कॉम इन संयंत्रों की स्थापना के बाद प्रबंधन की जिम्मेदारी उठाएंगे। सीएस ने कहा कि इंदिरा महिला शक्ति कार्यक्रम के तहत चलायी जा रही इन परियोजनाओं से स्वयं सहायता महिला समूह की महिलाओं को बड़ी मात्रा में आय प्राप्त होगी।

बैठक में परिवहन, सड़क और भवन विशेष प्रमुख सचिव विकास राज, पीसीसीएफ आरएम डोबरियाल, राजस्व प्रमुख सचिव नवीन मित्तल, बंदोबस्ती प्रमुख सचिव शैलजा राम अय्यर, पर्यावरण और वन सचिव अहमद नदीम, सिंचाई विभाग के सचिव राहुल बोज्जा, पंचायत राज और ग्रामीण विकास विभाग के सचिव डीएस लोकेश कुमार, आदिवासी कल्याण विभाग के सचिव सारथ, एसईआरपी सीईओ दिव्या और अन्य उपस्थित थे।

## उप्पल पुलिस ने जबरन वसूली करने के आरोप में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया

हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। खुद को सड़क परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) का अधिकारी बताकर वाहन मालिकों से जबरन पैसे ऐंठने वाले एक ठग को गुरुवार को उप्पल पुलिस ने हिरासत में लिया। धोखेबाज, जिसकी पहचान अभी तक ज्ञात नहीं है, कुछ अन्य लोगों के साथ कार में घूमता था और अन्य वाहन मालिकों, विशेष रूप से ट्रक चालकों को धमकाता था तथा पैसे ऐंठता था। संदेह होने पर वाहन मालिकों ने उप्पल पुलिस को इसकी सूचना दी। बाद में पुलिस की एक टीम ने उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ की जा रही है।



टीटीडी के अध्यक्ष बीआर नायुडू ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके जुबली हिल्स, हैदराबाद आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

## शादनगर के पास दुर्घटना में एमएलसी बाल-बाल बचे

हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एमएलसी एन नवीन रेड्डी गुरुवार को शहर के बाहरी इलाके शादनगर के पास बेंगलुरू-हैदराबाद राजमार्ग पर अपनी कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गए। यह घटना उस समय हुई जब महबूबनगर स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस पार्टी के एमएलसी हैदराबाद जा रहे थे। सूत्रों के अनुसार, जब एमएलसी का काफिला शादनगर के मिलेनियम टाउनशिप में पहुंचा तो अचानक एक स्कूटर उनकी कार के सामने आ गया। नतीजतन, कार चालक स्टीयरिंग व्हील पर से नियंत्रण खो बैठा और स्कूटर से टकरा गया, जिससे मोटर चालक घायल हो गया। हालांकि, इस घटना में एमएलसी को कोई चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंची और एमएलसी के निर्देश पर घायल व्यक्ति को उसकी कार से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। सड़क दुर्घटना में एमएलसी के सुरक्षित बच जाने से उनके परिवार के सदस्यों और बीआरएस पार्टी कार्यकर्ताओं ने राहत की सांस ली।

# 3 बहनें बाधाएं तोड़कर बनीं पुलिस कांस्टेबल



सिद्दीपेट, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। याप्रल के बालाजी नगर में एक ही परिवार की तीन बहनें पुलिस कांस्टेबल बन गई हैं। तीन बहनों में से छोटी दो ने बुधवार को वारंगल में अपनी 9 महीने की ट्रेनिंग पूरी कर ली। माता-पिता मिट्टापल्ली तुलसीराम (जो स्क्रैप व्यवसाय में थे) और माधवी की 3 बेटियां अलेख्या, निहारिका और निखिता थीं। दंपति ने अपनी बड़ी बेटी अलेख्या की शादी 2014 में कांस्टेबल मल्लुरी श्रवण कुमार से कर दी।

अपने पति से प्रेरित होकर अलेख्या ने 2020 में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा दी और उसे पास कर लिया। श्रवण जब नारायणगुडा पुलिस स्टेशन में काम कर रहे थे, तब अलेख्या तुकाराम गेट पुलिस स्टेशन में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थीं।

अपनी बहन की सफलता से प्रेरित होकर निहारिका और निखिता ने भी कांस्टेबल परीक्षा की तैयारी की और पिछले साल उसे पास कर लिया। निहारिका को सिविल कांस्टेबल की नौकरी मिली, जबकि निखिता को कांस्टेबल (एआर) की नौकरी मिली। तीनों बेटियों को पुलिस विभाग में नौकरी मिलने पर उनके माता-पिता बहुत खुश थे जबकि अलेख्या और निखिता ने बी.कॉम कंप्यूटर में स्नातक की पढ़ाई पूरी की, निहारिका एमबीए कर रही थी। तीनों का लक्ष्य अब एसआई भर्ती परीक्षा पास करना है। तुलसीराम ने कहा कि उन्होंने अपनी पूरी ज़िंदगी एक सभ्य जीवन जीने के लिए संघर्ष किया है। हालांकि, वह बहुत खुश हैं कि उनकी तीनों बेटियां सम्मानजनक स्थिति में हैं।

## खड़े टिपर से बाइक टकराने से दो लोगों की मौत

महबूबाबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुरावी मंडल के अय्यावरिपल्ली गांव में गुरुवार सुबह सड़क किनारे खड़े एक टिपर से बाइक टकराने से दो दोस्तों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जिले के सुधानापल्ली गांव के कुमारस्वामी (18) और विशाल (22) के रूप में हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, दोनों बाइक से अपने दोस्त से मिलने जा रहे थे और दृश्यता कम होने के कारण वे सड़क किनारे खड़े टिपर को देख नहीं पाए और उससे टकरा गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# बीसी आयोग की जन सुनवाई रंगारेड्डी में हुई



हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दूसरे चरण के तहत पिछड़े वर्गों की जीवन स्थितियों पर तेलंगाना बीसी आयोग की जन सुनवाई आज रंगारेड्डी जिले के कोंगराकलां में एकीकृत जिला कार्यालय परिसर के सम्मेलन कक्ष में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक हुई। इसमें करीब आठ सौ लोगों ने हिस्सा लिया। आम जनता, विभिन्न जाति संगठनों और राजनीतिक नेताओं ने अपने-अपने अभ्यावेदन प्रस्तुत किए। रंगारेड्डी 44, मेडचल-मलकाजीगिरी 19, विकाराबाद से 9 मामले प्राप्त हुए। आयोग को हलफनामे के रूप में कुल 72 अभ्यावेदन और सुझाव प्राप्त हुए। पिछड़े वर्गों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण प्रदान करने का अनुरोध करते हुए कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए। विभिन्न जाति समुदायों के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याओं और पिछड़ेपन को आयोग के ध्यान में लाया।

विशेष रूप से पिछड़े वर्गों की सूची में जातियों के समूहों का परिवर्तन और जाति संघों की स्थापना और सुदृढ़ीकरण कुछ ऐसे मुद्दे थे जिन्हें आयोग के ध्यान में लाया गया। जनसुनवाई में बीसी आयोग के अध्यक्ष जी निरंजन, सदस्य रापोलू जयप्रकाश, थिरुमालागिरी सुरेंदर, बालालक्ष्मी रंगू, उपनिदेशक यू. श्रीनिवास राव, विशेष अधिकारी जी सतीश कुमार के साथ रंगा रेड्डी जिला अतिरिक्त कलेक्टर प्रतिमा सिंह, चिकित्सा अतिरिक्त कलेक्टर विजयेंद्र रेड्डी, रंगा रेड्डी बीसी कल्याण के उप निदेशक इंदिरा, मेडचल जिले की बीसी कल्याण अधिकारी और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। जनसुनवाई के बाद बीसी आयोग के अध्यक्ष जी निरंजन ने मीडिया कॉन्फ्रेंस में आज की जनसुनवाई का ब्यौरा दिया। इस कार्यक्रम के बाद बीसी आयोग हैदराबाद के लिए रवाना हो गया। अगली जनसुनवाई शुक्रवार को महबूबनगर जिला कलेक्ट्रेट में निर्धारित है।

# आदिलाबाद में हवाई अड्डा अभी भी दूर का सपना

## अभी शुरू नहीं हुई परियोजना



आदिलाबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आदिलाबाद जिले के लोगों के लिए हवाई अड्डे का लंबे समय से लंबित सपना अभी भी दूर का सपना ही बना हुआ है, जबकि इस सुविधा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। राज्य सरकार ने हाल ही में वारंगल जिले के मुमनूर में हवाई अड्डे के लिए लगभग 280 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 205 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। हालांकि, स्थानीय सांसद जी नागेश द्वारा कुछ महीने पहले नागरिक उड्डयन मंत्री को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भी केंद्र ने आदिलाबाद शहर में हवाई अड्डा विकसित करने पर विचार नहीं किया, जिससे लोगों की उम्मीदें धराशायी हो गईं।

स्थानीय विधायक पायल शंकर ने कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से भी मुलाकात की थी और उनसे आदिलाबाद में हवाई अड्डा बनाने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया था। तदनुसार, राजस्व अधिकारियों ने खानपुर और थांथोली के बाहरी इलाकों में हवाई अड्डे के उद्देश्य से पहचानी गई 1,591 एकड़ भूमि और भूमि का मूल्य, 438 करोड़ रुपये, का विवरण राज्य सरकार को भेजा।

अगस्त में आदिलाबाद के सांसद जी नागेश ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायुडू से मुलाकात की और उनसे आदिलाबाद के लिए हवाई अड्डे को मंजूरी देने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि नायुडू ने उनकी याचिका पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मंत्री ने वादा किया कि अगर राज्य सरकार केंद्र को जमीन सौंप दे तो हवाई अड्डा बनाया जाएगा, जिससे लोगों की उम्मीदें फिर से जगी हैं।

स्थानीय लोगों का मानना है कि आदिलाबाद जिले के जनप्रतिनिधियों को राज्य और केंद्र सरकार पर दबाव बनाना चाहिए ताकि उनके हवाई यात्रा के सपने को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के चार-चार विधायक आसानी से सरकारों को मना सकते हैं और सुविधा हासिल कर सकते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि विधायक और सांसद क्षेत्र के लोगों के लंबे समय से लंबित सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करके उनका आभार व्यक्त कर सकते हैं।

शहर के एक व्यापारी जगदीश अग्रवाल ने कहा कि आदिलाबाद शहर के व्यापारी नियमित रूप से नागपुर, हैदराबाद और मुंबई शहरों में हवाई यात्रा करते हैं। उनके पास हैदराबाद और नागपुर के हवाई अड्डों पर निर्भर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। तेलंगाना के बाहर स्थित धार्मिक केंद्रों तक पहुँचने के लिए लोगों को ट्रेनों से यात्रा करने में अधिक समय बिताने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

## तेलंगाना विधानसभा सत्र 9 दिसंबर से?

हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना विधानसभा का शीतकालीन सत्र 9 दिसंबर से शुरू होने की संभावना है और अटकलें लगाई जा रही हैं कि राज्य सरकार नया राजस्व अधिनियम पेश कर सकती है। पिछला सत्र इस साल अगस्त में आयोजित किया गया था। स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर चर्चा है कि राज्य सरकार रैतु भरोसा और आसरा पेंशन पर भी प्रस्ताव पारित कर सकती है। यह भी संभावना है कि राज्य सरकार जाति जनगणना पर चर्चा करके उसे सदन में पारित करवा सकती है।

# नेहरू चिड़ियाघर पार्क को लगातार पांचवें साल मिला आईएसओ 9001 प्रमाणन




हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद स्थित नेहरू प्राणी उद्यान को लगातार पांचवें वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन (आईएसओ)-9001:2015 द्वारा मान्यता दी गई है। गुरुवार को चिड़ियाघर अधिकारियों की ओर से एक बयान में कहा गया। आईएसओ-9001:2015 प्रमाणन जारी करने से पहले, आईएसओ टीम प्रमाणपत्र जारी करने से पहले बेहतर रखरखाव, नियोजित प्रजनन और सहयोगात्मक अनुसंधान और क्षमता निर्माण घटकों के माध्यम से वन्यजीवों, विशेष रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण के संबंध में गहन निरीक्षण करती है। गुरुवार को ए. सिवैया, प्रबंध निदेशक, एचवाईएम, इंटरनेशनल सर्टिफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद ने डॉ. सुनील एस. हिरेमठ, आईएफएस, निदेशक, चिड़ियाघर पार्क, तेलंगाना और जे. वसंथा, आईएफएस, क्यूरेटर, नेहरू प्राणी उद्यान की अध्यक्षता वाली चिड़ियाघर प्रशासन टीम को वर्ष 2024-25 के लिए आईएसओ-9001:2015 प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का गिरफ्तारी वारंट



हेग, 21 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने गुरुवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, पूर्व रक्षा मंत्री और हमास के अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इसमें उन पर गाजा में युद्ध और अक्टूबर 2023 के हमलों को लेकर युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप लगाया गया है। अक्टूबर 2023 में इजरायल पर हमले के बाद फलस्तीनी क्षेत्र में इजरायल का हमला शुरू हुआ। संघर्ष में हमास के कई अधिकारी मारे गए हैं।

**नेतन्याहू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वांछित :**

आईसीसी के इस निर्णय से नेतन्याहू और अन्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वांछित संदिग्ध बन गए हैं तथा इससे उनके अलग-थलग पड़ने एवं 13 महीने से जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम पर बातचीत करने के प्रयासों में जटिलता आने की आशंका है। हालांकि, इसके व्यावहारिक प्रभाव सीमित हो सकते हैं क्योंकि इजरायल और उसका प्रमुख सहयोगी अमेरिका, आईसीसी के सदस्य नहीं हैं।

**नेतन्याहू ने वारंट की निंदा की**

नेतन्याहू और अन्य इजरायली नेताओं ने आईसीसी के मुख्य अभियोजक करीम खान के वारंट के अनुरोध की निंदा करते हुए इसे अपमानजनक और यहूदी विरोधी बताया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी अभियोजक की निंदा की और हमास के खिलाफ खुद का बचाव करने के इजरायल के अधिकार का समर्थन किया।

**आईसीसी के न्यायधीशों ने क्या कहा**

न्यायाधीशों ने कहा कि इजरायल और हमास के बीच युद्ध के दौरान कथित युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए तीनों लोगों पर "आपराधिक जिम्मेदारी" होने के "उचित आधार" थे। इजरायल और हमास दोनों ने आरोपों को खारिज कर दिया है। अब यह आईसीसी के 124 सदस्य देशों पर निर्भर करेगा (जिसमें इजरायल या उसका सहयोगी, संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल नहीं है) यह तय करना कि वारंट को लागू करना है या नहीं।

## छात्र ने निबंध लेखन में जीता प्रथम पुरस्कार

मंचेरियल, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सरकारी डिग्री कॉलेज-लक्सेटीपेट में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा डी शैलजा ने स्वैच्छिक संगठन तेलंगाना सत्य साईं सेवा संस्था द्वारा आयोजित जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता। गुरुवार को कॉलेज परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें यह पुरस्कार मिला।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. महात्मा संतोष ने बताया कि निबंध लेखन प्रतियोगिता में शैलजा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जबकि दो अन्य छात्रों सुनीता और विजय ने क्रमशः दूसरा और तीसरा पुरस्कार जीता। उन्होंने विजेताओं को बधाई दी और अन्य छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए कहा। उन्होंने छात्रों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के लिए उनके शिक्षकों की प्रशंसा की। कॉलेज के सांस्कृतिक समन्वयक डॉ.टी सुरेश, सत्य साईं सेवा संस्था के जोनल समन्वयक रविंदर, एमईओ हेलेन आरती और अन्य उपस्थित थे।

## कपास के ढेर में फंसे प्रवासी मजदूर की मौत

खम्मम, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। खम्मम जिले के तिरुमलायापालेम मंडल के गोल्ला थांडा स्थित एक निजी जिनिंग मिल में एक प्रवासी मजदूर की कथित तौर पर दम घुटने से मौत हो गई। महाराष्ट्र के रहने वाले 20 वर्षीय मजदूर माधव सतवाजी पिछले कुछ महीनों से श्री भाग्यलक्ष्मी जिनिंग मिल में काम कर रहे थे। ठंड बर्दाश्त न कर पाने के कारण माधव मंगलवार की रात मिल के गोदाम में कपास के ढेर में सो गए।

गहरी नींद में माधव कपास के ढेर में फंस गया। गुरुवार को सुबह-सुबह जब मिल में कपास की गांठें पहुंचीं, तो मजदूरों ने डोजर की मदद से गांठों को उसी जगह फेंक दिया, जहां माधव सो रहा था, जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई। काम के घंटों के दौरान जब माधव नहीं मिला तो कर्मचारियों ने सीसीटीवी फुटेज में उसकी तलाश की। जब उन्होंने देखा कि वह रुई के ढेर में फंसा हुआ है तो कर्मचारियों ने उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि उसकी मौत हो चुकी है।

# डिजिटल गिरफ्तारी : 40 वर्षीय महिला से 8 लाख की ठगी

हैदराबाद, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद की एक 40 वर्षीय महिला 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले की नवीनतम शिकार बन गई, जब उसे साइबर जालसाजों द्वारा 8 लाख रुपये की ठगी कर ली गई, जिन्होंने कथित तौर पर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के एजेंट के रूप में खुद को पेश किया। पुलिस के अनुसार, महिला को एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को ट्राई एजेंट बताया और बताया कि उसका फोन नंबर मुंबई में ऑनलाइन उत्पीड़न से संबंधित एक पुलिस मामले से जुड़ा हुआ है।

जब महिला ने फोन करने वाले को बताया कि वह हैदराबाद में है और कभी मुंबई नहीं गई, तो जालसाज ने उसका मोबाइल नंबर निष्क्रिय करने की धमकी दी और कहा कि हैदराबाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी। जालसाज ने दावा किया कि उसके नाम से पूरे भारत में आठ बैंक खाते खोले गए हैं और धमकी दी कि उसके बैंक लेनदेन अवैध पाए गए हैं। उसने दावा किया कि उसे डिजिटल रूप से गिरफ्तार कर लिया गया है और जान का खतरा बताते हुए उसे कॉल डिस्कनेक्ट न करने की चेतावनी दी।

जालसाजों ने पीड़िता पर अपने खाते से पैसे उनके खाते में ट्रांसफर करने का दबाव बनाया। उनके निर्देशों का पालन करते हुए, उसने कुल 8 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब पीड़िता को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है, तो उसने हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

## ग्रामीणों ने कांग्रेस सरकार के विजयोत्सव का किया विरोध

महबूबनगर, 21 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के गृह जिले महबूबनगर के अंतर्गत आने वाले कुछ गांवों के निवासी कांग्रेस सरकार के विजयोस्तवलु का विरोध कर रहे हैं। अड्डकुल मंडल बस स्टैंड पर ग्रामीणों ने कांग्रेस नेताओं और कलाकारों का विरोध किया, जो गुरुवार को विजयोत्सव आयोजित करना चाहते थे, उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को दिए गए आश्वासनों को लागू करने में विफल रही है।

प्रजा पालना विजयोत्सवलु के बैनरों से सजी एक विशेष वैन को ग्रामीणों ने उस स्थान पर जाने से रोक दिया। कलाकार कांग्रेस सरकार के प्रजा पालना विजयोत्सवलु के बारे में शो करना और प्रचार करना चाहते थे। हालांकि, कांग्रेस सरकार द्वारा लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफलता के बारे में नेताओं और कलाकारों के साथ बहस करते हुए ग्रामीणों के वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं।

एक वीडियो में ग्रामीणों, खासकर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को कांग्रेस नेताओं और कलाकारों से सरकार द्वारा दिए गए छह गारंटियों के बारे में सवाल करते देखा जा सकता है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# जसप्रीत बुमराह के सामने गलती की कोई गुंजाइश नहीं

## पर्थ टेस्ट से पहले ही ऑस्ट्रेलिया में दिखाया ट्रेलर

पर्थ, 21 नवंबर (एजेंसियां)। पर्थ टेस्ट में भारत की कप्तानी करने जा रहे जसप्रीत बुमराह ने बता दिया कि वो अपने सामने होने वाली गलती को बर्दाश्त नहीं करेंगे. वो उस पर चोट करेंगे. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए मैदान पर उतरने से पहले ही बुमराह ने इसका ट्रेलर दिखा दिया है. उन्होंने जो किया वो प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखा, जहां ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों से पहले उनकी चपेट में एक पत्रकार आ गया. बुमराह को उसकी गलती सुधारने के लिए अपनी रफ्तार याद दिलानी पड़ी.



**बुमराह ने खूब सुधारी गलती, ऐसे लिए मजे!**

अब आप सोच रहे होंगे कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐसा हुआ क्या होगा? दरअसल, सवाल पूछने के दौरान पत्रकार ने बुमराह को जो कहा, वो उनकी काबिलियत से मैच नहीं करता था. भारतीय कप्तान को यही बात अखर गई और उन्होंने उसे अपनी रफ्तार याद दिला दी. उसने अपनी काबिलियत का ब्योरा दे दिया.

आईए अब जानते हैं कि बुमराह से सवाल क्या हुआ था? पत्रकार ने पूछा कि मिडियम पेस ऑलराउंडर के तौर पर टीम इंडिया की कप्तानी करने जा रहे हैं, आपको कैसा महसूस हो रहा है? अब इस सवाल का जवाब दें उससे पहले बुमराह ने पत्रकार की गलती सुधारनी चाही. उन्होंने मजाकिया लहजे में ही जिसे दुरुस्त किया.

बुमराह ने हंसते हुए कहा कि यार, मैं 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकता हूं, ऐसे में आप मुझे फास्ट बॉलर कैप्टन तो कह ही सकते हैं. बुमराह के इतना कहते प्रेस कॉन्फ्रेंस ठहाके से गूंज उठा. कपिलदेव के बाद जसप्रीत बुमराह दूसरे फास्ट बॉलर हैं, जो टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे हैं.

**बिजीटी ट्रॉफी के साथ कमिंस और बुमराह**

पर्थ में प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले भारत और ऑस्ट्रेलिया के कप्तानों का ट्रॉफी के साथ फोटो सेशन भी हुआ. ओसीसी ने इसकी फोटो भी शेयर की है. सामने आई तस्वीर में बुमराह और कमिंस दोनों बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को पकड़े हुए खड़े हैं. फिलहाल तो ट्रॉफी पर दोनों का हाथ है लेकिन 5 टेस्ट की सीरीज खत्म होने के बाद ट्रॉफी पर सिर्फ एक ही कप्तान का हाथ होगा और वो होगा विजेता कप्तान.

पर्थ से शुरू हो रहा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का कारवां एडिलेड, ब्रिसबेन और मेलबर्न होते हुए सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर जाकर खत्म होगा.

# टीम इंडिया के कुलदीप यादव की जर्मनी में हुई सर्जरी

## चोट के चलते ऑस्ट्रेलिया दौरे से हुआ था बाहर

मुंबई, 21 नवंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत 22 नवंबर से होगी. दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाएगा. इस सीरीज की शुरुआत से पहले टीम इंडिया के एक खिलाड़ी से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है. ये खिलाड़ी पिछले कुछ समय से एक चोट से जूझ रहा था. इस चोट के चलते ही भारतीय सेलेक्टर्स ने इस खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए नहीं चुना है. अब इस खिलाड़ी की विदेश में सर्जरी हो गई है. ऐसे में ये खिलाड़ी जल्द ही एक बार फिर मैदान पर वापसी करेगा.




**टीम इंडिया के इस खिलाड़ी की हुई सर्जरी**

टीम इंडिया के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव लंबे समय से लेफ्ट ग्रोइन की चोट से जूझ रहे थे. इस चोट के चलते वह न्यूजीलैंड सीरीज के सभी मैच नहीं खेल पाए थे. वह ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम का ऐलान करते समय बीसीसीआई ने कहा था कि कुलदीप यादव लंबे समय से लेफ्ट ग्रोइन की चोट से परेशान हैं. ऐसे में कुलदीप यादव ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं थे, जिसके चलते उन्हें स्क्वॉड में नहीं चुना गया. इसके बाद खबर सामने आई थी कि कुलदीप यादव को चोट से ठीक होने के लिए सर्जरी भी करवानी होगी. अब उनकी सर्जरी हो गई है, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है.

कुलदीप यादव ने ग्रोइन इंजरी की सर्जरी जर्मनी में करवाई है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जर्मनी की कुछ फोटोज शेयर की हैं. इनमें से एक फोटो सर्जरी के बाद की भी है. इन फोटोज के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, 'बेहतर होने के लिए मुंचेन में कुछ दिन!' बता दें, मुंचेन जर्मनी का एक शहर है, जिसे म्यूनिख नाम से जाना जाता है. वहीं, म्यूनिख को जर्मनी में मुंचेन कहा जाता है. बता दें, कुलदीप यादव को 2021 में भी एक सर्जरी से गुजरना पड़ा था. तब कुलदीप यादव की घुटने की सर्जरी हुई थी.

**वापसी में लग सकता है समय**

कुलदीप यादव न्यूजीलैंड सीरीज के बाद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चले गए थे, क्योंकि उन्हें रिहैबिलिटेशन की सलाह दी गई थी. ऐसे में वह सर्जरी से वापसी करने के लिए भी उन्हें रिहैबिलिटेशन से गुजरना होगा, जिसके लिए वह भारत लौटने के बाद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ही समय बिताएंगे, यानी कुलदीप को मैदान पर वापसी करने में फिलहाल कुछ समय लग सकता है. वह मैदान पर कब तक वापसी करेंगे, इसकी जानकारी आना अभी बाकी है.

# मोहम्मद शमी पर कमेंट करना संजय मांजरेकर को पड़ा भारी

## गेंदबाज ने दिया करारा जवाब

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में इस बार धाकड़ तेज मोहम्मद शमी भी होने वाले हैं। गुजरात टाइटंस इस गेंदबाज को रिलीज कर चुकी है। जिसके बाद पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने शमी की आईपीएल कीमत को लेकर कमेंट किया था। मांजरेकर ने कहा था कि इस बार शमी की आईपीएल कीमत में भारी गिरावट आ सकती है। जिसके बाद अब मोहम्मद शमी ने संजय मांजरेकर को करारा जवाब दिया है। मांजरेकर ने भविष्यवाणी करते हुए कहा था कि चोट के कारण उनकी अनुपस्थिति और उनकी गेंदबाजी पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए, फ्रेंचाइजी तेज गेंदबाज पर भारी खर्च करने से हिचकेंगे।




शमी का पलटवार

संजय मांजरेकर पर पलटवार करते हुए मोहम्मद शमी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि, "बाबा की जय हो। कृपया कुछ ज्ञान बचाकर रखें क्योंकि यह भविष्य में आपके काम आएगा। अगर कोई भविष्य के बारे में जानना चाहता है, तो कृपया सर (संजय मांजरेकर) से मिलें।"

ये पहली बार नहीं है कि जब संजय मांजरेकर की टिप्पणी से किसी क्रिकेटर ने नाराजगी जताई हो। इससे पहले रवींद्र जडेजा भी कई बार मांजरेकर पर पलटवार कर चुके हैं। अक्सर संजय मांजरेकर को टीम इंडिया के खिलाड़ियों के खिलाफ टिप्पणी करते हुए देखा जाता है।

आईपीएल 2025 से पहले फिट हुए शमी

लंबे समय तक इंजरी से जूझने के बाद मोहम्मद शमी अब मैदान पर शानदार कमबैक कर चुके हैं। शमी ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला वनडे विश्व कप 2023 में खेला था। ये टूर्नामेंट शमी के लिए काफी शानदार रहा था और वे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे थे। अब रणजी में आते ही पहले मैच में शमी ने 7 विकेट चटकाए थे। जिसके बाद उनको बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में शामिल करने की अटकलें लगाई जाने लगी है।

# जोकोविच से लेकर अल्कारेज तक

## टेनिस दिग्गजों ने नडाल के संन्यास पर दी प्रतिक्रिया

खेल डेस्क, 21 नवंबर (एजेंसियां)। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। 38 वर्षीय नडाल मंगलवार को डेविस कप के क्वार्टर फाइनल में पुरुष एकल के मुकाबले में नीदरलैंड के जेंडशुल्प से हार गए। 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल ने पिछले 23 वर्षों में एक शानदार और ऐतिहासिक करियर का आनंद लिया। नडाल के पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने के बाद नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कारेज से लेकर टेनिस के कई खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और नडाल के कड़े प्रतिद्वंद्वी रहे सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने कहा, आपकी दृढ़ता, आपका जुझारू जज्बा, आपकी ऊर्जा कुछ ऐसी चीजे हैं जिनका अध्ययन किया जाएगा। यह कुछ ऐसा है जो आने वाली कई



पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। मुझे आपका प्रतिद्वंद्वी कहलाने पर गर्व और रोमांच महसूस हो रहा है। टेनिस जगत और खेल जगत को आपकी अविश्वसनीय ऊर्जा की कमी खलेगी।

जोकोविच से पहले फैब थ्री के एक और सदस्य रोजर फेडरर ने भी नडाल के संन्यास पर सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश पोस्ट किया था। वहीं, दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ब्रिटेन के एंडी मरे ने कहा, आप जिस जुनून से खेले हैं, वह कुछ ऐसा है जिसकी सभी टेनिस खिलाड़ी आकांक्षा रखते हैं और सभी टेनिस प्रशंसक आपको इसके लिए याद रखेंगे। आपको देखना अविश्वसनीय रहा है। चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और नडाल के हमवतन कार्लोस अल्कारेज ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि उनके साथ कोर्ट पर और बाहर के पलों का अनुभव किया। मैंने पहले भी कई बार कहा है कि मैं और भी कई पल साझा करना पसंद करता।

# लक्ष्य-सिंधू और मालविका चाइना मास्टर्स के दूसरे दौर में, पीवी की बुसानन पर 20वीं जीत






शेनजेन, 21 नवंबर (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू सहित लक्ष्य सेन और फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ ने अपने मुकाबले जीतकर चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। महिलाओं के वर्ग में सिंधू ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाली थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरूंगफान को 50 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 21-17, 21-19 से मात दी।

वहीं, मालविका (36वीं रैंकिंग) ने डेनमार्क की लिने होजमार्क जाएर्सफेल्ट (21वीं रैंकिंग) पर 20-22, 23-21, 21-16 से उलटफेर भरी जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में लक्ष्य ने मलयेशिया के सातवे वरीय ली जि जिया पर 57 मिनट में 21-14, 13-21, 21-13 की जीत से ओलंपिक कांस्य पदक मुकाबले में मिली हार का बदला चुकता किया। लक्ष्य का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके और जापान के केंटा निशिमोटो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

लक्ष्य पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक मैच में बढ़त बनाने के बावजूद ली से हार गये थे।

दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू की विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज बुसानन के खिलाफ 21 मुकाबलों में सिंधू की 20वीं जीत थी। दोनों ने बराबरी से शुरूआत की और सिंधू की दो सहज गलतियों का फायदा उठाकर बुसानन ने 14-10 की बढत बना ली। सिंधू ने अगले नौ अंक बनाकर 19-14 की बढत हासिल की और पहला गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में बुसानन ने मजबूती से शुरूआत की और बढत भी बनाई लेकिन सिंधू ने वापसी करते हुए मैच अपने नाम किया। पेरिस में मिली हार के बाद लक्ष्य ने अपनी पहली भिड़ंत के पहले गेम में 11-4 से बढ़त बनाकर इसें जीत लिया। दूसरे गेम में ली वापसी करते हुए 7-1 से आगे थे और इसे 17-8 तक ले गये और इसे जीतकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में शुरू में लक्ष्य हावी रहे और 5-1 से आगे चल रहे थे। पर कुछ ही देर में ली 5-5 तक पहुंच गये। लेकिन ब्रेक तक लक्ष्य इसे 11-8 तक पहुंचाने में सफल रहे। फिर 18-11 तक पहुंचकर मैच जीत लिया।

# डिंग लिरेन के खिलाफ मैच से पहले एरिगेसी ने दी गुकेश को सलाह, बोले- खुद को दावेदार मत मानो

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले की तैयारियां कर रहे हैं। इस मैच से पहले हमवतन अर्जुन एरिगेसी ने उन्हें महत्वपूर्ण सलाह दी है। एरिगेस का मानना है कि गुकेश को सिर्फ अपनी तैयारियों पर ध्यान देना चाहिए और खिताबी मैच में उतरते हुए खुद को प्रबल दावेदार नहीं समझना चाहिए। सिंगापुर में 25 नवंबर से होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले लिरेन प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं जिससे गुकेश को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।



इस साल सितंबर में 2799 की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ इतिहास में 15वें सर्वाधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी एरिगेसी ने कहा, अगर मैं गुकेश की जगह होता तो मैं यह नहीं सोचता कि मैं प्रबल दावेदार हूं। मैं सिर्फ अपनी तैयारियों पर ध्यान देता। और मुझे यकीन है कि गुकेश भी ऐसा करेगा। मुझे लगता है कि यह स्पष्ट है कि गुकेश प्रबल दावेदार हैं। दोनों के अपने मजबूत और कमजोर पक्ष हैं, लेकिन गुकेश प्रबल दावेदार है। इसका डिंग की फॉर्म से अधिक लेना देना है क्योंकि चीन का खिलाड़ी अच्छी लय में नहीं है।

एरिगेसी का मानना है कि अगर लिरेन अपनी क्षमता के अनुरूप खेलते हैं तो यह कड़ा मुकाबला होगा। उन्होंने कहा, अगर लिरेन अपने सर्वश्रेष्ठ के आसपास का भी प्रदर्शन करता है तो यह बेहद रोमांचक मुकाबला होगा। एक शतरंज प्रशंसक के रूप में मैं उम्मीद करता हूं कि ऐसा हो। मैं ही नहीं बल्कि कोई भी शतरंज प्रशंसक उम्मीद करेगा कि डिंग अच्छा प्रदर्शन करे और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाए जिससे कि यह रोमांचक मुकाबला हो। लेकिन भारतीय होने के नाते मैं गुकेश का समर्थन करता हूं।

एरिगेसी का मानना है कि पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को उनकी प्रतिभा शतरंज जगत में सभी से आगे रखती है। उन्होंने साथ ही कहा कि नॉर्वे का यह खिलाड़ी अपने विरोधियों को नर्वस कर देता है।

# डेविड वॉर्नर और ट्रेंट बोल्ट की आरसीबी में एंट्री, करोड़ों में हुई डील

मुंबई, 21 नवंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के स्टार स्पिन गेंदबाज आर अश्विन ने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले अपने यूट्यूब चैनल पर मॉक ऑक्शन कराया। जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फ्रेंचाइजी ने कई चौंकाने वाले नाम अपनी टीम में शामिल किए। जिसमें दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और राजस्थान रॉयल्स के पूर्व तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का नाम भी शामिल है।

**वॉर्नर-बोल्ट आरसीबी में शामिल**

आर अश्विन के यूट्यूब चैनल पर हुए मॉक ऑक्शन में डेविड वॉर्नर और ट्रेंट बोल्ट की आरसीबी में एंट्री हुई। आरसीबी ने जहां वॉर्नर के लिए 5 करोड़ रुपये खर्च किए तो वहीं ट्रेंट बोल्ट को 13.50 करोड़ रुपये में खरीदा। जिसके बाद वॉर्नर को आरसीबी में विराट कोहली के जोड़ीदार के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल मेगा ऑक्शन से पहले रॉयल




चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने कप्तान फाफ डु प्लेसिस और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को रिलीज कर दिया। जिसके बाद फ्रेंचाइजी को अब एक सलामी बल्लेबाज और एक तेज गेंदबाज की जरूरत है।

**आरसीबी के खिलाफ ही वॉर्नर ने बनाए सबसे ज्यादा रन**

दरअसल पिछले कई सालों से डेविड वॉर्नर दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल में खेलते हुए आ रहे थे। उससे पहले वॉर्नर ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए क्रिकेट खेला था और टीम को खिताब भी दिलाया था। खास बात ये है कि आईपीएल में वॉर्नर ने सबसे ज्यादा रन भी आरसीबी के खिलाफ ही बनाए हैं। वॉर्नर ने आरसीबी के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए अभी तक 985 रन बनाए हैं। लेकिन मॉक ऑक्शन में ये खिलाड़ी आरसीबी में जाता दिखा।

**इन खिलाड़ियों को भी आरसीबी ने खरीदा**

इसके अलावा मॉक ऑक्शन में आरसीबी ने वेंकटेश अय्यर को दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में खरीदा। अय्यर के लिए मॉक ऑक्शन में आरसीबी ने 12 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके अलावा विल जैक्स को फिर से आरसीबी ने 7.5 करोड़ रुपये में खरीदा।

# आईपीएल 2025: जोफ्रा आर्चर ले सकते हैं ऑक्शन में हिस्सा, 2 करोड़ रुपय होगा बेस प्राइस ?

मुंबई, 21 नवंबर (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के ऑक्शन के लिए जब खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया तो उसमें जोफ्रा आर्चर का नाम नहीं देखकर फैंस को हैरानी हुई थी. लेकिन, अब उन्हीं क्रिकेट फैंस के लिए फिर से चौंकने का वक्त है. क्योंकि, ऐसी खबर है कि आर्चर आईपीएल 2025 के ऑक्शन में हिस्सा ले सकते हैं. द क्रिकेटर ने एक रिपोर्ट छापी है, जिसमें उसने इस बात के संकेत दिए हैं. जॉर्ज डोबेल ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि जोफ्रा आर्चर के आईपीएल मेगा ऑक्शन से जुड़ने की उम्मीद है. यानी वो नीलामी के लिए खुद को उपलब्ध करा सकते हैं.

2 दिन के ऑक्शन में 574 खिलाड़ियों की लगेगी बोली

आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होना है. इसके लिए कुल 574 खिलाड़ियों के नाम शॉर्टलिस्ट हुए हैं. उन 574 नामों में 37 खिलाड़ी इंग्लैंड से हैं. आर्चर का नाम उन 37 खिलाड़ियों में तो शामिल नहीं था. लेकिन, अब जैसी खबर है उसके मुताबिक हो सकता है कि वो ऑक्शन में बोली लगाने वाली 10 फ्रेंचाइजियों के लिए उपलब्ध रहें.



क्या होगी ऑर्चर की बेस प्राइस ?

अब सवाल है कि आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में जोफ्रा आर्चर अगर उतरते हैं तो उनकी बेस प्राइस क्या होगी? इस बारे में जानकारी ठीक वैसे ही आधिकारिक नहीं है जैसे अभी आर्चर के ऑक्शन में उतरने पर पूरी तरह से कुछ क्लियर नहीं. लेकिन, आर्चर ऑक्शन में आए तो उम्मीद के मुताबिक उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये हो सकती है. आईपीएल के पिछले ऑक्शन में भी आर्चर की बेस प्राइस यही रही है.

आर्चर का आईपीएल वाला रिपोर्ट कार्ड

इंग्लैंड के लिए 29 टी20 मैचों में 35 विकेट चटका चुके आर्चर ने आईपीएल में दो टीमों- मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने अब तक कुल 40 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसमें 48 विकेट हासिल किए हैं. आर्चर का आईपीएल डेब्यू 2018 में हुआ था. उन्होंने अपना आखिरी मैच आईपीएल 2023 में खेला है. आईपीएल 2024 में वो इंजरी के चलते खेल नहीं पाए थे.

आईपीएल 2025 के ऑक्शन में भी उनके नहीं उतरने की वजह फिटनेस ही बताई जा रही थी. कहा जा रहा था कि ईसीबी उन्हें अगले टेस्ट समर के लिए फिट रखना चाहता है.

# SHRIRAM LIFE INSURANCE COMPANY LIMITED

IRDAI/Reg No. 128

SHRIRAM Life Insurance
YOUR PARTNER FOR PROSPERITY
associated with Sanlam group

| Individual APE* | GWP** | Renewal Premium | AUM*** |
|---|---|---|---|
| ↑ 57% | ↑ 12% | ↑ 19% | ↑ 21% |

Regd. Office: Ramky Selenium, Plot No. 31 & 32, Beside Andhra Bank Training Centre, Financial District, Gachibowli, Hyderabad-500032, Ph: 040-23009400, Fax: 040-23009456 . www.shriramlife.in CIN:U66010TG2005PLC045616

## AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30TH, 2024

### FORM L-1A-A-RA Revenue Account for the Half Year ended on 30th September 2024 Policyholders' Account (Technical Account) (Amt. in Lakhs)

| Particulars | For the Period ended 30th September 2024 | | | | | | | For the Period ended 30th September 2023 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Total | Non-linked | | | Linked | | | Total | Non-linked | | | Linked | | |
| | | Individual | | Group | Individual | | Group | | Individual | | Group | Individual | | Group |
| | | Life* | Pension$ | | Life | Pension | | | Life* | Pension$ | | Life | Pension | |
| **PREMIUMS EARNED NET** | | | | | | | | | | | | | | |
| (a) Premium | 1,63,075 | 1,14,181 | 1,950 | 39,386 | 6,962 | 405 | 191 | 1,46,212 | 89,439 | 1,341 | 52,548 | 2,591 | 248 | 45 |
| (b) Reinsurance ceded | (4,076) | (171) | - | (3,900) | (5) | - | - | (301) | (119) | - | (178) | (4) | - | - |
| (c) Reinsurance accepted | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| SUB-TOTAL | 1,58,999 | 1,14,010 | 1,950 | 35,486 | 6,957 | 405 | 191 | 1,45,911 | 89,320 | 1,341 | 52,370 | 2,587 | 248 | 45 |
| **INCOME FROM INVESTMENTS** | | | | | | | | | | | | | | |
| (a) Interest, Dividend & Rent - Gross | 34,095 | 28,925 | 446 | 3,975 | 668 | 23 | 58 | 29,462 | 24,836 | 319 | 3,550 | 676 | 31 | 50 |
| (b) Profit on sale / redemption of investments | 7,871 | 3,884 | 1 | 87 | 3,734 | 128 | 37 | 4,683 | 2,105 | 1 | 123 | 2,365 | 69 | 20 |
| (c) (Loss) on sale / redemption of investments | (103) | - | - | - | (99) | (3) | (1) | (206) | (54) | - | (78) | (72) | (2) | (0) |
| (d) Transfer/Gain on revaluation/ change in fair value | 3,273 | (184) | - | - | 3,250 | 114 | 93 | 1,806 | (97) | - | - | 1,790 | 69 | 44 |
| (e) Amortisation of (premium)/discount on investments | 3,763 | 3,502 | 54 | 108 | 96 | 3 | - | 1,867 | 1,582 | 50 | 155 | 79 | - | 0 |
| **OTHER INCOME** | | | | | | | | | | | | | | |
| -Others | 445 | 388 | - | 38 | 19 | - | - | 421 | 377 | - | 33 | 11 | - | - |
| -Interest on Policy Loan | 1,001 | 1,001 | - | - | - | - | - | 710 | 710 | - | - | - | - | - |
| -Late Fees | 233 | 233 | - | - | - | - | - | 226 | 226 | - | - | - | - | - |
| **Contribution from the Shareholders' account** | | | | | | | | | | | | | | |
| (a) Towards Excess Expenses of Management | - | - | - | - | - | - | | - | - | - | | - | | - |
| (b) Others | - | - | - | - | - | - | | - | - | - | | - | | - |
| **SUB-TOTAL** | 50,578 | 37,749 | 501 | 4,208 | 7,668 | 265 | 187 | 38,969 | 29,686 | 370 | 3,783 | 4,849 | 167 | 114 |
| **TOTAL (A)** | 2,09,577 | 1,51,759 | 2,451 | 39,694 | 14,625 | 670 | 378 | 1,84,880 | 1,19,004 | 1,711 | 56,153 | 7,436 | 415 | 159 |
| **Commission** | 23,933 | 21,041 | 34 | 2,347 | 476 | 35 | - | 14,977 | 13,690 | 10 | 1,140 | 115 | 22 | - |
| **Operating Expenses Related To Insurance Business** | 43,525 | 39,575 | 1 | 3,203 | 729 | 17 | 0 | 31,355 | 27,360 | 21 | 3,704 | 257 | 13 | 0 |
| Provision for doubtful debts | - | - | - | | - | - | | - | - | - | - | - | - | - |
| Bad debts written off | - | - | - | | - | - | | - | - | - | - | - | - | - |
| Provision for Tax | 50 | (1,750) | (9) | 1,853 | (45) | - | 1 | 3,233 | 1,626 | (11) | 1,582 | 35 | - | 1 |
| Provisions (other than taxation) | - | | | | | | | | | | | | | |
| (a) For diminution in the value of investments (net) | - | - | - | - | - | - | | - | - | - | - | - | - | - |
| (b) Others | - | - | - | - | - | - | | - | - | - | - | - | - | - |
| Goods and Service Tax on ULIP Charges | 183 | - | - | - | 176 | 6 | 1 | 110 | - | - | - | 104 | 5 | 1 |
| **TOTAL (B)** | 67,691 | 58,866 | 26 | 7,403 | 1,336 | 58 | 2 | 49,675 | 42,676 | 20 | 6,426 | 511 | 40 | 2 |
| **Benefit Paid (Net)** | 53,726 | 26,572 | 476 | 21,254 | 5,312 | 48 | 64 | 40,295 | 18,493 | 349 | 16,291 | 5,060 | 59 | 43 |
| Interim Bonuses Paid | 23 | 23 | - | - | - | - | - | 19 | 19 | - | - | - | - | - |
| Change in valuation of liability in respect of life policies in force | | | | | | | | | | | | | | |
| (a) Gross | 78,770 | 76,557 | 2,001 | 165 | 46 | 1 | 0 | 88,947 | 63,457 | 1,407 | 24,154 | (54) | (17) | 0 |
| (b) Amount ceded in Re-insurance | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (c) Amount accepted in Re-insurance | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (d) Fund Reserve for Linked Policies | 8,595 | - | - | - | 7,773 | 515 | 307 | 1,710 | - | - | - | 1,432 | 166 | 112 |
| (e) Fund for Discontinued Policies | 492 | - | - | - | 426 | 66 | - | 440 | - | - | - | 284 | 156 | - |
| **TOTAL (C)** | 1,41,606 | 1,03,152 | 2,477 | 21,419 | 13,557 | 630 | 371 | 1,31,411 | 81,969 | 1,756 | 40,445 | 6,722 | 364 | 155 |
| **SURPLUS/ (DEFICIT ) (D) = (A)-(B)-(C)** | 280 | (10,259) | (52) | 10,872 | (268) | (18) | 5 | 3,793 | (5,641) | (65) | 9,283 | 203 | 11 | 2 |
| Amount transferred from Shareholders' Account (Non-Technical Account) | 344 | 2 | 52 | | 272 | 18 | | 65 | | 65 | | - | | - |
| **Amount available for appropriations** | 624 | (10,257) | - | 10,872 | 4 | - | 5 | 3,858 | (5,641) | - | 9,283 | 203 | 11 | 2 |
| **APPROPRIATIONS** | | | | | | | | | | | | | | |
| Transfer to Other Reserves | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | | - | | - |
| Transfer to Shareholders' account | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | | - | | - |
| Balance being funds for future appropriations | 624 | (10,257) | - | 10,872 | 4 | - | 5 | 3,858 | (5,641) | - | 9,283 | 203 | 11 | 2 |

* Includes Non-participating & Participating; $Includes Annuity

**FORM L-2A-A-P&L**
**Audited Profit & Loss Account for the Half year ended on 30th September, 2024**
Shareholders' Account (Non-technical Account) (Amt. in Rs. Lakhs)

| Particulars | For the Period ended 30th September 2024 | For the Period ended 30th September 2023 |
|---|---|---|
| **Amounts transferred from the Policyholders Account (Technical Account)** | - | - |
| **Income from Investments** | | |
| (a) Interest, Dividends & Rent – Gross | 2,414 | 2,285 |
| (b) Profit on sale/redemption of investments | 859 | 243 |
| (c) (Loss) on sale/ redemption of investments | (3) | - |
| (d) Amortisation of (premium)/discount on investments | 127 | 87 |
| Other Income | 101 | 98 |
| **TOTAL (A)** | 3,498 | 2,713 |
| **Expense other than those directly related to the insurance business / Expenses absorbed in P&L** | 70 | 50 |
| Contribution to Policyholders' A/c | | |
| (a) Towards Excess Expenses of Management | - | - |
| (b) Others | - | - |
| Interest on subordinated debt | - | - |
| Expenses towards CSR activities | 200 | 177 |
| Penalties | - | - |
| Bad debts written off | - | - |
| Amount Transferred to Policyholders' Account | 344 | 65 |
| Provisions (Other than taxation) | | |
| (a) For diminution in the value of investments (Net) | - | - |
| (b) Provision for doubtful debts | - | - |
| (c) Others | - | - |
| **TOTAL (B)** | 614 | 292 |
| **Profit/ (Loss) before tax** | 2,884 | 2,420 |
| Provision for Taxation | 420 | 365 |
| **Profit / (Loss) after tax** | 2,464 | 2,055 |
| **APPROPRIATIONS** | | |
| (a) Balance at the beginning of the year | 68,147 | 60,710 |
| (b) Interim Dividend paid | - | - |
| (c) Final Dividend for FY 23-24 | 8,752 | 5,381 |
| (e) Transfer to reserves/ other accounts | - | - |
| **PROFIT/(LOSS) CARRIED FORWARD TO BALANCE SHEET** | 61,859 | 57,384 |

**FORM L-3A-A-BS**
**Audited Balance Sheet as at 30th September, 2024** (Amt. in Rs. Lakhs)

| Particulars | As at 30th September 2024 | As at 30th September 2023 |
|---|---|---|
| **SOURCES OF FUNDS** | | |
| **Shareholders' Fund** | | |
| Share Capital | 17,938 | 17,884 |
| Share Application Money Pending Allotment | - | - |
| Reserves and Surplus | 62,474 | 57,921 |
| Credit/(Debit) Fair Value Change Account | 2,785 | 1,314 |
| **Sub-Total** | 83,197 | 77,119 |
| **Borrowings** | - | - |
| **Policyholders' Fund** | | |
| Credit/(Debit) Fair Value Change Account | 28,001 | 7,149 |
| Policy Liabilities | 10,88,014 | 9,06,387 |
| Funds for discontinued policies | | |
| (i) Discontinued on account of non-payment of premium | 3,442 | 2,642 |
| (ii) Others | - | - |
| Insurance Reserves | - | - |
| Provision for Linked Liabilities | 57,696 | 42,390 |
| **Sub-Total** | 11,77,153 | 9,58,568 |
| **FUNDS FOR FUTURE APPROPRIATIONS** | | |
| Linked | 112 | 301 |
| Non-Linked (Non-PAR) | 2,583 | 4,765 |
| Non-Linked (PAR) | 14,533 | 5,064 |
| Deferred Tax Liabilities (Net) | - | - |
| TOTAL | 12,77,578 | 10,45,817 |
| **APPLICATION OF FUNDS** | | |
| **Investments** | | |
| Shareholders | 79,953 | 77,828 |
| Policyholders | 10,89,934 | 8,91,714 |
| Assets Held to Cover Linked Liabilities | 61,137 | 45,032 |
| **Loans** | 24,220 | 16,931 |
| **Fixed Assets** | 5,538 | 4,700 |
| **Deferred Tax Assets (Net)** | - | - |
| **Current Assets** | | |
| Cash and Bank Balances | 17,136 | 12,396 |
| Advances and Other Assets | 58,166 | 46,514 |
| **Sub-Total (A)** | 75,302 | 58,910 |
| Current Liabilities | 50,163 | 44,124 |
| Provisions | 8,388 | 5,175 |
| **Sub-Total (B)** | 58,551 | 49,298 |
| **NET CURRENT ASSETS (C) = (A – B)** | 16,751 | 9,612 |
| Miscellaneous Expenditure (to the extent not written off or adjusted) | - | - |
| Debit Balance in Profit & Loss Account (Shareholders' Account) | - | - |
| Deficit in Revenue Account (Policyholders' A/c) | - | - |
| TOTAL | 12,77,578 | 10,45,817 |

**FORM L-22A- Analytical Ratios**

| SR.No. | Particular | For the Period Ended 30th September, 2024 | For the Period Ended 30th September, 2023 |
|---|---|---|---|
| 1 | New Business Premium Growth Rate | | |
| | (i) Linked Business | 229.4% | 26.8% |
| | (ii) Non-Linked Business | | |
| | Participating | 64.3% | 25.1% |
| | Non Participating | -8.3% | 106.9% |
| 2 | Percentage of Single Premium (Individual Business) to Total New Business Premium (Individual Business) | 7.4% | 7.2% |
| 3 | Percentage of Linked New Business Premium (Individual Business) to Total New Business Premium (Individual Business) | 10.6% | 5.1% |
| 4 | Net Retention Ratio | 97.5% | 99.8% |
| 5 | Conservation Ratio (Segment wise) | | |
| | (i) Linked Business | 78.0% | 74.9% |
| | (ii) Non-Linked Business | | |
| | Participating | 78.3% | 83.7% |
| | Non Participating | 76.7% | 79.0% |
| 6 | Expense of Management to Gross Direct Premium Ratio | 41.4% | 31.7% |
| 7 | Commission Ratio (Gross commission and Rewards paid to Gross Premium) | 14.7% | 10.2% |
| 8 | Ratio of Policyholders' Fund to Shareholders' funds | 1435.6% | 1255.7% |
| 9 | Change in net worth (Amount in Rs. Lakhs) | 6,078 | 5,726 |
| 10 | Growth in Networth | 7.9% | 8.0% |
| 11 | Ratio of Surplus to Policyholders' Fund | 0.1% | 0.4% |
| 12 | Profit after tax / Total Income | 1.2% | 1.1% |
| 13 | (Total Real Estate + Loans)/(Cash & Invested Assets) | 1.9% | 1.4% |
| 14 | Total Investments / (Capital +Reserves and Surplus) | 1530.9% | 1338.0% |
| 15 | Total Affiliated Investments/(Capital+ Reserves and Surplus) | 55.3% | 38.8% |
| 16 | Investment Yield (Gross and Net) | | |
| | **With Realised Gains & Unrealised Gains** | | |
| | Policyholders | | |
| | Non-Linked | | |
| | Par | 4.5%/6.4% | 4.1%/5.3% |
| | Non-Par | 3.7%/3.7% | 3.9%/3.9% |
| | Linked | | |
| | Non-Par | 10.3%/14.5% | 10.0%/11.5% |
| | Shareholders | 4.3%/4.8% | 3.5%/4.2% |
| 17 | Persistency Ratio - Premium Basis (Regular Premium / Limited Premium Payment under Individual category) | | |
| | For 13th month | 59.1% | 57.4% |
| | For 25th month | 47.5% | 46.2% |
| | For 37th month | 40.0% | 40.6% |
| | For 49th Month | 33.1% | 35.1% |
| | For 61st month | 32.7% | 29.9% |
| | Persistency Ratio - Number of Policy Basis (Regular Premium / Limited Premium Payment under Individual category) | | |
| | For 13th month | 46.2% | 47.7% |
| | For 25th month | 33.7% | 28.9% |
| | For 37th month | 22.8% | 25.2% |
| | For 49th Month | 21.5% | 22.1% |
| | For 61st month | 21.5% | 16.5% |
| 18 | NPA Ratio | | |
| | Policyholders' Funds | | |
| | Gross NPA Ratio | - | - |
| | Net NPA Ratio | - | - |
| | Shareholders' Funds | | |
| | Gross NPA Ratio- | - | - |
| | Net NPA Ratio | - | - |
| 19 | Solvency Ratio | 172% | 192% |
| 20 | Debt Equity Ratio | - | - |
| 21 | Debt Service Coverage Ratio | - | - |
| 22 | Interest Service Coverage Ratio | - | - |
| 23 | Average ticket size in Rs. - Individual premium (Non-Single) | 17,894 | 23,401 |

**Note:**

1. This disclosure is made in accordance with and as per the definition given in IRDA Circular No. IRDAI/F&A/CIR/MISC/256/09/2021 dated 30th, September 2021.
2. The financial statements of the Company for the year ended 30th Sep 2024 were audited by the Joint Statutory Auditors of the Company.
3. The Scheme of Amalgamation between Shriram life insurance company Ltd and Shriram LI holdings Pvt Ltd was approved by Hon'ble NCLT, Chennai and Hyderabad with the appointment date of 1st Apr, 2023. The Financial statements for the half year ended 30th Sep, 2024 are prepared after giving effect of these orders. The comparative previous year numbers are not restated, hence not comparable.
4. The above results have been approved by Board of Directors in its meeting held on 7th Nov 2024.

* Annual premium equivalent ** Gross written premium *** Asset under management

Scan to visit the website

Place : Hyderabad
Date: 07.11.2024

For and on behalf of
Board of Directors
Sd/- Casparus J H Kromhout
Managing Director & CEO
DIN:06419621

**RANGE OF PLANS**

Shriram Life Super Income Plan
Shriram Life Golden Premier Saver Plan
Shriram Life Assured Income Plan
Shriram Life New Akshay Nidhi Plan

**BEWARE OF SPURIOUS PHONE CALLS AND FICTITIOUS/FRAUDULENT OFFERS**

IRDAI is not involved in activities like selling insurance policies, announcing bouns or investment of premiums, public receiving such phone calls are requested to lodge a police complaint.

Shriram Life Insurance Co. Ltd. | T&C Apply | IRDAI Reg. No. - 128 | ARN SLIC/Elec/Nov 2024/378

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.